# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• रविवार, 1 जून 2025 • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 15 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1930:** भारत की पहली डीलक्स रेलगाड़ी बॉम्बे और पुणे के बीच शुरू।
**1955:** अस्पृश्यता (निरोधक) कानून अस्तित्व में आया।
**2005:** अप्पा शेरपा ने माउंट एवरेस्ट की 15वीं बार सफल चढ़ाई की।
**2006:** ईरान ने परमाणु शोध पर अमेरिका के साथ समझौते से इनकार किया।
**2014:** नाइजीरिया में फुटबाल मैदान में हुए विस्फोट में 40 लोगों की मौत।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में शनिवार को बीपीएससी से चयनित हिन्दी शिक्षक रामटहल दास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक रामटहल दास शंकरपुर प्रखंड के सोनवर्षा हाई स्कूल में दो साल से हिन्दी पढ़ा रहे थे। स्कूल की छुट्टी के बाद वह अपने साथी शिक्षक रविरंजन कुमार के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लालपुर पहुंचने पर हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया और मौके पर ही उनकी जान ले ली। साथी शिक्षक किसी तरह जान बचाकर भाग निकले।

### सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लछुआड़ थाना अंतर्गत लछुआड़-धधौर मुख्य मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। केनुई और रामसागर गांव के बीच तेज रफ्तार में जा रही एक अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई जिससे दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के खरुई बरियारपुर निवासी बनारसी मांझी और डुमरकोला गांव के गंगा यादव के रूप में हुई है।

### महिला सिपाही का शव मिलने से हड़कंप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के यादव चक गांव में डायल 112 में तैनात महिला सिपाही का शव उसके ही कमरे से मिला। मृतका की पहचान महिला सिपाही कनक प्रिया के रूप में हुई। वह इसी गांव में किराए के मकान में अपने पति (सिपाही) के साथ रह रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच शुरू की तो कनक प्रिया के गले पर गहरे निशान पाए गए।

### अपराधियों ने दादा व पोती को मारी गोली

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नैनीजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बड़की नैनीजोर गांव के वार्ड नंबर 9 में अपराधियों ने एक बुजुर्ग और उसकी पोती को गोली मार दी। दोनों घर के दरवाजे पर सोए हुए थे। गोली लगने से 65 वर्षीय चतुर यादव और उनकी 2 साल की पोती चांदनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने दोनों को पहले रघुनाथपुर पीएचसी पहुंचाया, फिर हालत नाजुक देख बक्सर सदर अस्पताल और उसके बाद आरा रेफर कर दिया गया।

### दो तस्कर गिरफ्तार

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मोहल्ले में बिहार एसटीएफ और भोजपुर पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर 2 हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ कुर्मी टोला निवासी छठू चौधरी का बेटा अंकुश कुमार और पासवान टोली निवासी बालदेव पासवान का बेटा इंद्रजीत कुमार है।

झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 12वीं साइंस व कॉमर्स स्ट्रीम का जारी किया रिजल्ट

# बेटियों ने लहराया परचम

## साइंस में अंकिता व कॉमर्स में रेशमी बनीं स्टेट टॉपर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 31 मई 2025 को 12वीं विज्ञान और वाणिज्य संकाय का रिजल्ट जारी कर दिया है और इस बार भी लड़कियों ने सफलता का परचम लहराया है। जैक सभागार में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा ने रिजल्ट जारी किया। विज्ञान संकाय में धनबाद की अंकिता दत्ता स्टेट टॉपर बनी हैं, जबकि वाणिज्य संकाय में चाईबासा की रेशमी कुमारी ने टॉप किया है। अंकिता दत्ता को 500 में से 477 अंक मिले हैं और उन्होंने राजकीयकृत हाई स्कूल, गोविंदपुर से पढ़ाई की है। वहीं कॉमर्स स्ट्रीम में रेशमी कुमारी ने 476 अंक प्राप्त कर संत जेवियर गर्ल्स कॉलेज, चाईबासा से जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। इस साल साइंस स्ट्रीम में कुल 98,634 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 79.26% पास हुए। वहीं कॉमर्स में 22,066 छात्रों ने



परीक्षा दी, जिनमें से 91.92% सफल रहे। दोनों ही स्ट्रीम में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है। झारखंड बोर्ड इंटरमीडिएट 2025 में साइंस और कॉमर्स दोनों स्ट्रीम में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। साइंस स्ट्रीम में 80.53% लड़कियां सफल हुईं जबकि लड़कों का पास प्रतिशत सिर्फ 48.43% रहा। वहीं कॉमर्स स्ट्रीम में 95% लड़कियां पास हुईं जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 86% रहा। बीते साल कॉमर्स स्ट्रीम में कुल 25,907 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 23,235 छात्र सफल रहे। इस स्ट्रीम का ओवरऑल पास प्रतिशत 90.60% रहा, जिसमें 61% छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से परीक्षा पास की है। वहीं, साइंस स्ट्रीम में कुल 94,433 छात्रों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। इनमें से 68,203 छात्र पास हुए और 72.70% छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से सफलता प्राप्त की। इस मौके पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके अभिभावकों को भी बच्चों के देखरेख के लिए बधाई दी। उन्होंने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को भी पिछले साल की तुलना में बेहतर रिजल्ट पाने में सफल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जब तक हर लोगों के पास शिक्षा नहीं पहुंचेगी तब तक राज्य का विकास नहीं हो सकेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी को शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध हैं। जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा ने इस मौके पर सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जारी मैट्रिक का रिजल्ट पिछले साल से अधिक हुआ है, जो खुशी की बात है। इस मौके पर जेसीईआरटी निदेशक शशि रंजन सिंह, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव कुंवर सिंह पाहन आदि मौजूद थे। जैक सचिव जयंत कुमार मिश्र ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया।

# हजारीबाग जेल में बंदी नक्सली ने लगाई फांसी, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** जिला मुख्यालय स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद एक नक्सली विचाराधीन कैदी ने आत्महत्या कर ली है। वार्ड डी में उसका शव शनिवार सुबह फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान दुमका के काठीकुण्ड थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय छोटा श्यामलाल देहरी उर्फ संतु देहरी उर्फ सोमालाल देहरी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक बंदी को 9 फरवरी 2021 को दुमका केंद्रीय कारा से हजारीबाग जेल में स्थानांतरित किया गया था। वह नक्सली गतिविधियों से जुड़े आठ मामलों में विचाराधीन था। जेल प्रशासन ने बताया कि सुबह गिनती के दौरान बंदी अपने स्थान पर नहीं मिला। तलाशी लेने पर वह वार्ड डी में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही जेल के चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जेल प्रशासन ने घटना की सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संबंधित विभागों को दे दी है। मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है और वे हजारीबाग के लिए रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी जेल में एक सजायाफ्ता कैदी ने आत्महत्या कर ली थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल जेल प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटा है।

## अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे की कोच प्रतिमा बरवा का निधन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड की हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का निधन हो गया। इस खबर से राज्य के खेल जगत में शोक का माहौल है। शुक्रवार को ही प्रतिमा को पैरालाइसिस अटैक आने के बाद पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां आईसीयू में उनका इलाज चल रहा था। जानकारी के अनुसार प्रतिमा की हालत काफी नाजुक थी, इस कारण चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बाद भी प्रतिमा ने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर मिलते ही खेल जगत में मातम पसर गया। बता दें कि प्रतिमा बरवा ने झारखंड महिला हॉकी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। वर्तमान में वह खूंटी स्थित आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की प्रमुख कोच थीं। इसके अलावा प्रतिमा सिमडेगा में भी कोच रह चुकी हैं। मालूम हो कि उनके द्वारा प्रशिक्षित कई प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

# जम्मू कश्मीर के सभी मंदिर व मठों को करें साधु-संतों के हवाले : कैलाशानंद गिरी

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** निरंजनी अखाड़ा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज ने सरकार से जम्मू कश्मीर के सभी मंदिर और मठों को साधु-संत समाज के हवाले करने की मांग करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को सद्बुद्धि हो जिससे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 85 वर्ष की उम्र तक काम करने का अवसर मिले। कैलाशानंद गिरी जी महाराज ने झारखंड के देवघर में बातचीत में कहा कि इस देश में अहिल्या भाई होलकर के बाद नरेंद्र मोदी ने सबसे अधिक देश के सनातनियों के लिए काम किया है और आज उसका प्रमाण काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या का राम जन्मभूमि, केदारनाथ और बद्रीनाथ है। उन्होंने कहा कि भारत की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अच्छा कोई नहीं दिख रहा है। संत समाज किसी पार्टी का नहीं होता है बल्कि सनातन समाज के लिए काम करने वालों के साथ संत समाज होता है।



उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के मठ मंदिर साधु संत समाज को मिले इसके लिए वह जल्द ही जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान ने आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं किया तो भारत एक बार फिर उसे सबक सिखाएगा। उन्होंने कहा कि हम बेहद भाग्यशाली है कि हम भारतवासी हैं, उसमें भी सनातनी है। सनातन ही इस पूरे संसार का सार है। उन्होंने कहा कि सनातन ही जीवन का सार है। संसार में कुल 12 ज्योतिर्लिंग है जिसमें दो ज्योतिर्लिंग में महादेव प्रत्यक्ष मां पार्वती के साथ निवास करते हैं एक स्थान काशी विश्वनाथ है दूसरा बैद्यनाथ धाम है। हमारा सौभाग्य है कि हम बैद्यनाथ क्षेत्र में पैदा हुए हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति और भारतीय सेना के पराक्रम ने पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम किया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सोफिया कुरैशी और भौमिक सिंह दोनों दुर्गा के रूप में दिखी। इस देश में नारी के सम्मान की परंपरा रही है। भारत एक दयावान देश है और पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर उसने दया कर भी दिया। हालांकि पाकिस्तान दया के योग्य नहीं है फिर भी हमारा धर्म दया का है। उन्होंने कहा कि भारत का युद्ध पाकिस्तान से नहीं है हमारा युद्ध वहां के आतंकवादियों से है। यह युद्ध तब तक चलता रहेगा जब तक पाकिस्तान आतंकवादियों को समर्थन देना बंद नहीं कर देगा। उन्होंने कहा कि सीज फायर से युद्ध खत्म नहीं हुआ है सिर्फ विराम लगा है। यदि पाकिस्तान सीज फायर का उल्लंघन करता है तो भारत की तीनों सेनाएं पाकिस्तान को सबक सीखाने के लिए हमेशा तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि हम विश्व गुरु थे और एक बार फिर विश्व गुरु बनने की राह पर चल पड़े हैं। मानव जाति का भविष्य भारत और सनातन में समाहित है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी जीत कर आएगी। उन्होंने कहा कि मठ और मंदिर पुजारी एवं पंडितों के पास होनी चाहिए और इसे सरकार कब्जे में न लें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में एक बार कांग्रेस की सरकार मठ मंदिरों को कब्जा में लेने की कोशिश की थी तो उसकी जमकर विरोध किया गया था और उसे अपने निर्णय से पीछे हटना पड़ा था। उन्होंने कहा कि अगर जम्मू कश्मीर के मठ मंदिर हमें मिल जाते हैं तो स्वतंत्र रूप से उन स्थानों पर पूजा पाठ होगा और हम लोग उसका विकास करेंगे। कहा कि बैजनाथ धाम देवघर से विश्व कल्याण का संदेश जाता है। ज्ञातव्य है कि स्वामी महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि जी बिहार के जमुई जिले के सिमुलतला इलाके के मूल निवासी हैं तथा हरिद्वार स्थित निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर भी है। उन्होंने कहा कि सिमुलतला के अपने आश्रम का वह विकास करेंगे और वहां कई प्रकल्प शुरू करेंगे।

# भारत के 6 फाइटर जेट को मार गिराने का दावा गलत : सीडीएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने भारतीय जेट को मार गिराये जाने के दावे पर भी जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 6 भारतीय विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में भाग लेने के दौरान शनिवार को बात करते हुए सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि विमान मार गिराए गए, बल्कि यह है कि



उन्हें क्यों मार गिराया गया। क्या गलतियां हुईं, ये बातें महत्वपूर्ण हैं। भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान रविवार तक आयोजित होने वाली 22वीं शांगरी ला वार्ता में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर में हैं। सीडीएस चौहान ने कहा कि अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलती को समझ पाए, उसका समाधान किया, उसे सुधारा और फिर दो दिन बाद उसे फिर से लागू किया तथा लंबी दूरी पर निशाना साधते हुए अपने सभी जेट विमानों को फिर से उड़ाया। इससे पहले, भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती ने स्वीकार किया था कि नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय वायुसेना के सभी पायलट सुरक्षित घर लौट आए हैं।

## पटना सहित 18 जिलों के जिलाधिकारी बदले

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की नीतीश सरकार ने चुनावी साल में बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। पटना सहित 18 जिलों के डीएम बदले गए हैं। इसके साथ ही 6 प्रमंडल के कमिश्नर भी बदले गए हैं। इसको लेकर सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। गया के डीएम त्यागराजन एसएम को पटना का डीएम बनाया गया है। राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार को खगड़िया का डीएम बनाया गया है। सुपौल के डीएम कौशल कुमार को दरभंगा का डीएम बनाया गया है। निदेशक अर्थ एवं सांख्यिकी, योजना एवं विकास विभाग, डॉ. विद्यानंद सिंह को अगले आदेश तक बक्सर का डीएम बनाया गया है।

## तीन कट्टर माओवादियों पर एनआईए ने कसा शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने झारखंड में प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) से जुड़े तीन नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी ने रांची स्थित एक विशेष अदालत में यह पूरक आरोप पत्र दायर किया। एनआईए के मुताबिक चार्जशीटेड नक्सली कृष्ण हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरह उर्फ मतला कोरह उर्फ सुनील कोरह, और रामदयाल महतो उर्फ निलेश दा उर्फ बच्चन दा हैं। इनमें से कृष्ण हांसदा और रामदयाल महतो झारखंड के रहने वाले हैं जबकि कोरह बिहार का निवासी है। एनआईए ने बताया कि तीनों माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य थे और गिरिडीह जिले के पारसनाथ क्षेत्र में जबरन वसूली, हथियारों से धमकाने और लोगों की जबरन भर्ती जैसे अपराधों में शामिल थे। इनकी संलिप्तता उस समय उजागर हुई जब जनवरी 2023 में गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के लूसियो जंगल से कृष्ण हांसदा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पुलिस ने लेवी का पैसा, एक 7.65 मिमी बोर की पिस्टल और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए थे। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने हांसदा, कोरह और महतो सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने सबसे पहले हांसदा के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। जून 2023 में एनआईए ने इस मामले को अपने हाथ में लेकर दोबारा केस दर्ज किया और अब तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

# विक्रमशिला-कटरिया रेल पुल परियोजना को मिली हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** साल 2025 बिहार के लिए चुनावी साल है। ऐसे में केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार की ओर से भी तमाम बिहारवासियों को कई तोहफें दिए जा रहे हैं। अब तक कई सारे एक्सप्रेस-वे और पुल निर्माण को लेकर उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इस बीच एक और बड़ी सौगात बिहार के भागलपुर जिले के लोगों को मिली है। दरअसल, विक्रमशिला-कटरिया रेल पुल परियोजना को हरी झंडी मिल गई है। भागलपुर के विकास के उद्देश्य से यहां पर विक्रमशिला से कटरिया तक गंगा नदी पर डबल लाइन रेल पुल के निर्माण की तैयारी तेज हो गई है। खबर की माने तो, इस परियोजना का टेंडर फाइनल कर दिया गया है और अब जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका



शिलान्यास भी करेंगे। वहीं, इस पुल के निर्माण की जिम्मेदारी इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (इरकॉन) को दी गई है। इधर, इस पुल के निर्माण की लागत 1,153 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह रेल पुल बटेश्वर स्थान के पास बनाया जाएगा, जो कि करीब 4 किलोमीटर लंबा और 13 मीटर चौड़ा होगा। इस पुल के बनने से भागलपुर के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। दरअसल, विक्रमशिला से कटरिया होते हुए नवगछिया तक पहुंचना आसान हो जाएगा और लगभग 3 घंटों की बचत होगी। इधर, रेल पुल के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर रेलवे के अधिकारियों की माने तो, पुल का ज्यादातर हिस्सा गंगा नदी के क्षेत्र में होगा, जिसके कारण जमीन अधिग्रहण में कोई भी परेशानी नहीं होगी। इसके बनने से भागलपुर से कई ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। इससे सिर्फ उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी ही मजबूत नहीं होगी बल्कि कोसी, सीमांचल, अंग और झारखंड के इलाकों से भी भागलपुर का सीधा रेल संपर्क स्थापित हो सकेगा। खबर की माने तो, इस पुल का आकार वाई होगा। इससे कटरिया और नवगछिया और दक्षिण में विक्रमशिला और शिवनारायणपुर स्टेशन से रेल संपर्क संभव होगा।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### एंटी रैबीज जो दवा बेची गई वह सदर अस्पताल की ही थी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** गुड़गांव में बेची गई एंटी रैबीज की दवा इम्यूनोग्लोबिन मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल की ही थी। विभागीय जांच में इसकी पुष्टि हुई है। एक हफ्ते पहले स्वास्थ्य विभाग से जिले को पत्र लिखकर कालाबाजारी में शामिल दवाओं के बैच नंबर मांगे गये थे। जिले से बैच नंबर भेजने के बाद इसकी जांच की गई। जांच में जो बैच नंबर गुड़गांव में मिला था वही बैच नंबर सदर अस्पताल की दवाओं का भी था। एंटी रैबीज के कालाबजारी में सदर अस्पताल का एक कर्मचारी गिरफ्तार भी किया गया था। दो साल पहले गुड़गांव पुलिस ने सदर अस्पताल में छापामार कर उसे गिरफ्तार किया था। इसके बाद मामले की विभागीय जांच की जा रही थी। जिस एंटी रैबीज दवा की कालाबाजारी की गई थी उसके एक वाइल का मूल्य आठ से दस हजार रुपये तक है। बड़ी संख्या में सदर अस्पताल से यह दवाएं हरियाणा और दूसरे राज्यों में बेची गई थीं। इस मामले में सदर अस्पताल में आउट सोर्सिंग में काम कर एक कर्मचारी को बर्खास्त भी कर दिया गया था। सदर और सरकारी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति बीएमएसआईसीएल करती है।

### बुजुर्ग दिव्यांग मतदाता पोस्टल बैलेट पर करेंगे मतदान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** चुनाव प्रक्रिया में दिव्यांगों की भागदारी बढ़ाने के लिए डीएम सुब्रत कुमार सेन ने शुक्रवार को बैठक की। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं पर विचार किया गया। डीएम ने कहा कि इच्छा व्यक्त करने वाले सभी दिव्यांगों से फॉर्म डी भरवाएं, ताकि चुनाव के समय उन्हें घर से ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट डालने की सुविधा मिल सके। डीएम ने कहा कि चुनाव आयोग ने पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर उक्त कोटि का कोई भी वोटर प्रपत्र 12 डी में आवेदन देकर पोस्टल बैलेट की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में इन सभी प्रावधानों का सक्रियता के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। योग्य पीडब्ल्यूडी व 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग वोटर जिनके द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से मतदान नहीं किया जाएगा। वे मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। बैठक में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को उनके माध्यम से पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसाइटी संगठन जो दिव्यांगजन कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं उन्हें अधिक से अधिक मतदान प्रक्रिया से जोड़ने को योजना बनाने का निर्देश दिया गया। जिले में करीब साढ़े 27 हजार दिव्यांग मतदाता : 29 मार्च 2025 तक वोटर लिस्ट में पीडब्ल्यूडी वोटर की कुल संख्या 27468 है। विधानसभावार बात करें तो गायघाट में 2865, औराई में 3780, मीनापुर में 2673, बोचहां में 1874, सकरा में 2504, कुढ़नी में 2254, मुजफ्फरपुर में 1210, कांटी में 3021, बरुराज में 1840, पारू में 3088 व साहेबगंज में 2359 दिव्यांग मतदाता है। बैठक में डीडीसी श्रेष्ठ अनुपम, सीएस डॉ. अजय कुमार, एसडीएम पश्चिमी श्रेयाश्री, डीईओ अजय कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार, सचिव बाबा गरीब नाथ विकलांग-सह-जनसंस्थान कलमबाग चौक सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छपरा में शराब पार्टी का खुलासा

**छपरा, एजेंसी।** छपरा के भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नाका नंबर वन पर गुरुवार की रात शराब पार्टी का खुलासा हुआ। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पार्टी में खुद नाका प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्याम बिहारी पांडे शामिल थे। उनके साथ एक और पुलिसकर्मी और तीन स्थानीय लोग भी पार्टी का हिस्सा थे। सूत्रों के मुताबिक, बीती रात एक स्थानीय युवक ने इस शराब पार्टी का वीडियो बनाकर सीधे एसपी कुमार आशीष को भेज दिया। वीडियो देखते ही एसपी आगबबूला हो उठे और उन्होंने खुद एडिशनल एसपी के साथ मौके पर छापेमारी की। यह जगह डीआईजी आवास के ठीक बगल में बताई जा रही है। जिससे मामला और भी संगीन हो गया। छापेमारी के दौरान पांचों लोगों को शराब पीते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। कोई सफाई देने का मौका भी नहीं मिला और पांचों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

# कम बारिश से 15 हजार एकड़ में फैली कावर झील सूखी : परिंदे उड़े, मछलियों ने तोड़ा दम

## 16 गांव के 2000 मछुआरों का परिवार प्रभावित



150 लोग नाव चलाने का करते थे काम

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के मंझौल अनुमंडल में कावर झील स्थित है। एक समय में एशिया में मीठे पानी का सबसे बड़ा झील और बिहार का सबसे पहला रामसर साइट कावर का अस्तित्व अब खत्म होने की कगार पर है। कावर में साल भर पानी भरा रहता था, बड़ी संख्या में पर्यटक नाव से झील की सैर करते थे। कहते है कि काबर का कमल खुद की तरह लोगों को खिला-खिला रखता था। लेकिन आज वह कवर सूख गया है। 15 हजार एकड़ से अधिक में फैले इस झील के 15-20 एकड़ एरिया में ही पानी बचा है। जब कांवर सूख गया, पानी ही नहीं है तो इसके सहारे जीविकोपार्जन करने वाले हजारों मछुआरे परदेस की ओर पलायन कर गए हैं। 2000 परिवार प्रभावित है। पर्यटकों को घूमाने वाली नाव सूखी जगह पर जमा होकर अपने अस्तित्व की तलाश में है। परिंदे उड़ चुके हैं, तो मछलियां दम तोड़ चुकी है।

**पानी के बगैर तड़प कर मर रहे सांप :** हालत यह हो गई है कि काबर के पानी में हजारों की संख्या में पाए जाने वाले ढोरबा सांप पानी के बगैर तड़प कर मर रहे हैं। पानी सूख जाने पर किसानों को लगा की खेती आसान हो जाएगा। लेकिन जल स्तर इतना गिर गया है कि सिंचाई पर आफत आ गई है। पशु-पक्षी, जीव-जंतु ही नहीं आम लोग भी त्राहिमाम कर रहे हैं। पक्षी विहार की। 15000 एकड़ से अधिक में फैला यह काबर झील चारों ओर से बखरी और मंझौल अनुमंडल के 16 गांव से घिरा हुआ है। बीच में जयमंगला माता का मंदिर श्रद्धा और विश्वास का केंद्र है।

**बांध टूटने से पानी का बहाव हुआ था कम :** काबर झील के पानी से जैव विविधता बनी रहती थी। आसपास के गांव में पानी का लेयर अच्छा रहता था। साल 2007 में जब बूढ़ी गंडक नदी पर बसही में बना बांध काबर की ओर टूट गया तो नदी के बाद कीचड़ भर जाने से यहां पानी का भराव कम होता गया। आज स्थिति यह हो गई है की काबर पूरी तरह से सूख गया। पहले गांव में हो बारिश होती थी तो वह पानी काबर झील में गिरता था। सड़कों के बनने और नालियां गांव के आसपास सिमट जाने के कारण वह पानी काबर में जाना बंद हो गया।

**चापाकल या बोरिंग से मवेशी को पिला रहे पानी :** किसान राजो यादव ने बताया कि चैत के महीने से ही झील सूखना शुरू हो गया। इस बार बारिश भी नहीं हुआ, बारिश से ही यह अधिक डूबता था। जिसके कारण सूख गया, पानी नहीं मिल रहा है। हजारों पशुपालक मवेशी लेकर यहां रहते हैं। अब मजबूरी में चापाकल या बोरिंग से पानी पिला रहे हैं। पहले काबर में कभी फसल नहीं लगता था, हमेशा पानी लबालब रहा करता था। बाबूलाल राम ने बताया कि 2007 के बाद धीरे-धीरे काबर की स्थिति बिगड़ती चली गई। 3 महीना पहले इस बार काबर सूख गया, जब से होश आया तब से देखते रहे कि सालों भर पानी रहता था। कभी सूखता नहीं था, 2007 में बाढ़ आया, उससे कीचड़ भर गया। जल क्षेत्र में गाद भर गया तो यह सूखता चला गया। एक समय था जब यहां धान की कटनी करने दूसरे जिले से भी लोग आते थे। सूख जाने से काफी परेशानी है, मवेशी को पानी नहीं मिलता है। मछली नामी था, अब वह मछली नहीं मिल रहा है।

**जमीन पर पड़ा है नाव :** बरौनी से काबर झील घूमने आए यमुना प्रसाद ने बताया कि जयमंगला माता की पूजा-अर्चना करने आए। सोचे थे की काबर झील घूमेंगे, लेकिन यहां आकर देखा तो पूरा काबर झील ही सूखा हुआ है। काबर झील का बहुत नाम था, इसीलिए नाव से घूमने आए थे, लेकिन यहां नाव जमीन पर पड़ा हुआ है। काबर के किसान और सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश विक्रम ने बताया कि पूरे एशिया में मीठे जल के लिए प्रसिद्ध हमारा यह काबर झील रोजगार का बड़ा साधन था। हजारों-हजार पर्यटक काबर की सैर करने आते थे। लेकिन पानी सूख जाने के कारण नाविक परदेस जाने को मजबूर हो गए हैं। पानी रहता था तो किसान उससे खेत में सिंचाई करते थे, वह भी खत्म हो गया। यह क्षेत्र पानी के बिना सूना-सूना हो गया है। यहां का पानी और मछली औषधि के रूप में माना जाता था, लोग आते रहते थे। किसान, मजदूर, मछुआरा सब परेशान हैं। पानी नहीं रहने से न मछली निकलेगी, न खेत में पटवन हो सकेगा।

सरकार पानी के लिए कोई उपाय नहीं करती है। हमारा काबर पूरी तरह से सूख गया है। तीन-चार साल से सूखना शुरू हुआ, मजदूर हैं, नाव चलाते थे। करीब डेढ़ सौ लोग हैं, जो काबर में नाव चलाकर गुजर-बसर करते हैं। पानी सूख गया तो कुछ गांव में मजदूरी करते हैं, कुछ परदेस में काम करने के लिए चले गए हैं। 16 गांव के सैकड़ों मछुआरे काबर झील में मछली मार कर पालन पोषण करते थे।

**प्रकृति की खूबसूरती को फिर से करें बहाल :** अविनाश कुमार गुप्ता ने बताया कि काबर सूखने का प्रभाव हर आम-आवाम पर पड़ा है। काबर महादलित समुदाय, बंदर और मछली के लिए जाना जाता है। पानी नहीं रहने के कारण मछुआरे और नाविक का व्यवसाय बंद हो गया है। नाविक का जीवन परेशान हो रहा है। इस पर कोई पहल नहीं हो रहा है। हम लोगों का हृदय रो रहा है। चाहता हूं कि प्रकृति की जो खूबसूरती यहां थी, उसे फिर से बहाल कराया जाए। पर्यावरण विद् शिव प्रकाश भारद्वाज कहते हैं कि काबर सूखने का सबसे बड़ा कारण हम इंसानों का स्वार्थ है। जल ही जीवन है, यह सिर्फ कहने के लिए नहीं, हकीकत में होनी चाहिए।

### पानी आने का रास्ता लोगों ने किया बंद

जल रहेगा तो पर्यटन का फैलाव होगा, मछुआरे और किसान समृद्ध होंगे। लेकिन इसके लिए वहां जल रोकने के लिए लोगों को प्रयास करना होगा। काबर सूखने का सबसे बड़ा कारण है कि पानी आने का रास्ता लोगों ने बंद कर दिया है। बारिश का पानी जमा होता है तो उसे बाहर निकाल दिया जाता है। बरसात में पानी जमा नहीं होने देते, बरसाती पानी का जो कनेक्शन था, उसे ब्लॉक कर दिया गया है। काबर सूखने का बड़ा असर है। जल बचाने के लिए लोगों को आगे आना होगा। वहां मछली, मखाना, पर्यटन से पैसा आ सकता है। इसके लिए झील को पुनर्जीवित किया जाए।

### डीएम ने विकास की कही बात

डीएम तुषार सिंगला ने बताया कि काबर झील का समेकित विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा में आए थे तो उन्होंने काबर का हवाई सर्वेक्षण किया, जानकारी ली। करीब साढ़े 35 करोड़ रुपए की लागत से इसका विकास किया जाएगा। कैबिनेट से स्वीकृति मिल चुकी है। कार को जोड़ने वाले सभी नालों की उड़ाही कराई जाएगी। जिससे काबर झील को पर्याप्त जल मिलेगा। बूढ़ी गंडक नदी से काबर को कनेक्ट किया जाएगा। प्रवासी पक्षियों और अन्य जलीय जीवों के आश्रय के लिए बेहतर परिस्थिति तंत्र का विकास किया जाएगा। इको टूरिज्म, मत्स्य पालन, नरकट से हस्तशिल्प निर्माण, पक्षी मार्गदर्शन, नौकायन की योजना पर किया जाएगा।

काबर में करोड़ों लीटर पानी जमा करके रखा जा सकता है। यह रामसर साइट एशिया में बड़ा मीठे पानी का सबसे बड़ा झील है। लेकिन हम लोग पानी को नहीं बचा पा रहे हैं।

### 2000 मछुआरों का परिवार प्रभावित

एक तो झील परिक्षेत्र में भरा कीचड़ ऊपर से काबर में आने वाले जल स्रोतों के बंद होने और बारिश कम होने के कारण इस साल काबर सूख गया है। काबर में 16 गांव के 2000 से अधिक मछुआरा परिवार जुड़े हुए हैं। यह लोग काबर की प्रसिद्ध मछली को पकड़ कर अपना परिवार चलाते थे। सूख जाने से मछलियां समाप्त हो गई तो मछुआरे या तो दूसरे काम में लग गए या फिर पलायन कर गए। यहां बड़ी संख्या में लोग पर्यटन करने आते थे, नौका विहार करते थे। नौका विकार के लिए 100 से अधिक नाव जयमंगला गढ़ टीला के नीचे लगी रहती थी। नाविक पर्यटकों को पूरे काबर का दौरा कराते थे। लेकिन वह सभी नाव अब सूखे में पड़ी हुई है। नाव के मालिक परेशान हैं कि उनकी संपत्ति बर्बाद हो रही है। दिनभर कोशिश करने के बाद अपने साथियों के साथ करीब 2 सिंघी मछली लेकर आए गौरव ने बताया कि पानी सूख गया है, तो मछली नहीं मिलता है। पानी रहता था तो खूब मछली पकड़ कर जीवन यापन करते थे। जाल लगाकर मछली निकालते थे। हमारे पास नाव भी है, लेकिन पानी सूख गया तो नाव भी नहीं चल सकता है, न मछली मिलता है। अब मजदूरी करने के शिवा कोई उपाय नहीं है। नाविक अर्जुन सदा ने बताया कि पानी में रहने वाले जीव-जंतु मर रहे हैं। बड़ी संख्या में सांप की मौत हो रही है। थोड़ा सा पानी बचा है बहुत दूरी में, जिसके कारण साइड के सांप-कीड़े मर रहे हैं।

# 18 महीने में बनेगा हार्डिंग पार्क टर्मिनल, 85 ट्रेनें चलेंगी

## वेटिंग रूम, एस्केलेटर, फूट कोर्ट जैसी सुविधा, मेट्रो, पटना जंक्शन, मल्टीमॉडल हब से कनेक्टेड होगी पार्किंग



**पटना, एजेंसी।** पटना में पैसेंजर ट्रेनों के परिचालन के लिए मॉर्डन रेलवे टर्मिनल बनाया जा रहा है। ये टर्मिनल हार्डिंग पार्क यानी वीर कुंवर सिंह पार्क के सामने बनाया जा रहा है, जो 18 महीने में बनेगा। यहां 5 प्लेटफॉर्म होंगे। यहां से करीब 85 पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन होगा। 1 लाख से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। दानापुर रेलमंडल में पहली बार पैसेंजर ट्रेनों के लिए अत्याधुनिक टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। करीब 95 करोड़ की लागत से करीब 4.80 एकड़ जमीन पर टर्मिनल बनेगा। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिक्रमगंज से इसका ऑनलाइन शिलान्यास किया। अभी एजेंसी इसका मॉडल तैयार कर रही है। 15 जून तक टर्मिनल का 3डी मॉडल आ जाएगा। टर्मिनल को मेट्रो और पटना जंक्शन से सीधे जोड़ा जाएगा। पटना जंक्शन और टर्मिनल के पार्किंग एरिया को जॉइंट रखा जाएगा। टर्मिनल की पार्किंग और मेट्रो की पार्किंग के रास्ते को भी जोड़ा जाएगा।

### 85 पैसेंजर ट्रेनों का होगा संचालन

इस टर्मिनल के बनने से उत्तर बिहार जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी। यहां से फुलवारी, पाटलिपुत्र जंक्शन, जेपी सेतु, सोनपुर होते हुए पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन होगा। इसके अलावा सासाराम, आरा, बक्सर, गया, झाझा के लिए पैसेंजर ट्रेनें चलेंगी। हार्डिंग पार्क टर्मिनल से पटना-बक्सर, पटना-इस्लामपुर, पटना-बख्तियारपुर-तिलैया, पटना-किऊल, पटना-झाझा, पटना-राजगीर, पटना-हाजीपुर, पटना-बरौनी, पटना-मुजफ्फरपुर, पटना-छपरा, पटना-रक्सौल, पटना-जयनगर आदि शहरों के लिए लगभग 85 से अधिक पैसेंजर ट्रेनें चलेंगी। सिर्फ पटना-गया रेल लाइन का परिचालन इस स्टेशन से नहीं किया जायेगा।

### करीब 5 एकड़ में बनेगा स्टेशन

हार्डिंग पार्क की डीपीआर मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल की तरह बनाई गई है। करीब 4.8 एकड़ में निर्माण कार्य कराया जाएगा। मनमोहन सरकार में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के समय दीघा-पटना ट्रेन को शुरू किया गया था, लेकिन बाद में उस रूट पर ट्रेन का परिचालन बंद हो गया। बाद में रेलवे ने दीघा-पटना रेल लाइन की जमीन राज्य सरकार को दे दी, जिस पर अटल पथ का निर्माण किया गया। इसके बदले में राज्य सरकार ने रेलवे को यह जमीन दी, जिस पर स्टेशन बन रहा है।

# रेलवे का 1.10 क्विंटल चोरी का तांबा बरामद, गया के गोदाम में पुलिस ने की रेड, बदमाश अरेस्ट

### तांबा गलाने का करता था काम



**गया, एजेंसी।** गया में रेलवे की संपत्ति चोरी हुई थी। इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ने 1.10 क्विंटल तांबा बरामद किया है। यह कार्रवाई निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के नेतृत्व में की गई। इसमें जावेद इकबाल, अविनाश कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार और महिला आरक्षी सोनिका कुमारी की टीम शामिल रही। चीम ने गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुपद थाना क्षेत्र के घुघडी टाड़ मोहल्ले में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान वरुण प्रसाद (50) को अरेस्ट किया गया। इसके गोदाम से भारी मात्रा में चोरी किया गया रेलवे का सामान बरामद हुआ।

बरामद सामग्री में रेलवे में उपयोग होने वाला तांबे का 5 मिमी डायमीटर का ड्रॉपर (30 अदद, कुल वजन 10.8 किलो), तांबे का सी-जम्पर (5.80 किलो), कैटेनरी ड्रॉपर क्लिप (30 अदद, 1.30 किलो), ड्रॉपर क्रायल (6.40 किलो) और 65 मिमी स्वॉक्यर का कैटेनरी तार (85 किलो) शामिल है।

### गोदाम में तांबा गलाने का होता था काम

सामान का कुल बरामद वजन 109.3 किलोग्राम तांबा है, जिसकी अनुमानित कीमत 76,510 बताई गई है। आरपीएफ ने मौके से वरुण प्रसाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त वरुण प्रसाद के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट गया में कांड संख्या 05/25 दर्ज कर, भारतीय रेलवे संपत्ति (संरक्षण) अधिनियम 1966 (संशोधित 2012) की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों का कहना है वरुण लम्बे समय से तांबे का काम कर रहा था। उसके गोदाम में अक्सर भारी मात्रा में तांबा गलाया जा रहा था।

# बिजली कनेक्शन के लिए दिया आवेदन, शातिर ने 98 हजार ठगे

**पटना, एजेंसी।** साइबर अपराधियों ने चार लोगों से ठगी की है। सभी मामले साइबर थाने में दर्ज किए गए हैं। सीतामढ़ी के अमित कुमार सरिस्ताबाद में रहते हैं। उन्होंने नए बिजली कनेक्शन के लिए बिजली ऑफिस में आवेदन दिया था। उसके कुछ दिन बाद उनके पास अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बिजली कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि आपने नए कनेक्शन के लिए आवेदन दिया है। आपका कनेक्शन अप्रूव हो गया है। इसके बाद उनसे एक एप पर 10 रुपए का रिचार्ज कराया। रिचार्ज करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। शातिर ने उनके खाते से दो बार में 98 हजार रुपए निकाल लिये। जांच में पता चला कि शातिरों ने पैसे जामताड़ा की एटीएम से निकाले हैं। उधर, फुलवारीशरीफ की दीक्षा को टेलीग्राम के एक ग्रुप पर शातिर ने वर्क फ्रॉम होम का झांसा दिया। इसके बाद उन्हें एक ग्रुप से जोड़ दिया गया। वहां पेड टास्क के बारे में बताया गया। उन्होंने एक हजार रुपए लगाए तो उन्हें 1300 रुपए मिले। इसके बाद शातिर टास्क की रकम बढ़ाता गया और उनसे 1.18 लाख की ठगी कर ली। वहीं, दुल्हिन बाजार की अंजु कुमारी का खाता एसबीआई में है। उनके खाते में कुछ समस्या थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने टोल फ्री नंबर पर फोन किया। फोन उठाने वाले ने उनसे एसबीआई का खाता नंबर, आईएफएससी कोड और ओटीपी पूछ लिया। इसके बाद उनके खाते से 70 हजार रुपए की निकासी कर ली।

## आरजेडी के संगठन चुनाव का पहला चरण पूरा, 14 से प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया और पांच जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा

**पटना, एजेंसी।** प्राथमिक इकाई और पंचायत इकाई के चुनाव सम्पन्न होने के साथ ही राजद के सांगठनिक चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया है। 31 मई से शुरू हो रहे दूसरे चरण में प्रखंड कमेटियों का चुनाव होगा, जबकि 5 जून से शुरू होने वाले तीसरे चरण में जिला कमेटियों का चुनाव होगा। 14 से प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 24 को राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद शुरू होगी। पांच जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राजद के राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि बिहार, झारखंड समेत अन्य सभी राज्यों में पार्टी के प्राथमिक (बूथ) और पंचायत इकाइयों का चुनाव संपन्न हो चुका है। राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचन्द्र पूर्वे के अनुमोदन के बाद सभी राज्यों में प्रखंड डेलीगेट की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. तनवीर हसन, सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी ई. अशोक यादव, देव किशुन ठाकुर और सारिका पासवान, झारखंड के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरिधारी यादव, सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मो. कयामुद्दीन आदि ने अपने-अपने राज्यों में प्रखंड डेलीगेट की सूची भी जारी कर दी। प्रखंड डेलिगेट ही प्रखंड इकाइयों और जिला परिषद के सदस्यों का चुनाव करते हैं।

# जून से नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी में होगा एडमिशन



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय ने साल 2025 शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) समीर कुमार शर्मा ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया कि ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया जून 2025 से शुरू होगी। नालंदा खुला विश्वविद्यालय इस साल अपने छात्रों के लिए व्यापक पाठ्यक्रम विकल्प प्रस्तुत कर रहा है। विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। इंटरमीडिएट, बीएससी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के लिए अप्लाई किया जा सकता है।

**स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की लिस्ट जारी :** 1. अर्थशास्त्र - आर्थिक नीतियों और बाजार की समझ के लिए, 2. शिक्षा - शिक्षा क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए, 3.भूगोल - भौगोलिक अध्ययन और पर्यावरण विज्ञान, 4. हिंदी - भारतीय भाषा और साहित्य की गहरी समझ, 5.मनोविज्ञान - मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान, 6.लोक प्रशासन-प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए, 7. गृह विज्ञान - पारिवारिक और सामुदायिक विकास ग्रेजुएशन के लिए है।

**विशेष पाठ्यक्रम में उर्दू शामिल :** 1. उर्दू- भाषा और साहित्य अध्ययन, 2. संस्कृत - पुराना भारतीय ज्ञान परंपरा, 3.इतिहास - ऐतिहासिक अनुसंधान और विश्लेषण, 4.समाजशास्त्र - सामाजिक संरचना की समझ, 5.राजनीति विज्ञान - राजनीतिक व्यवस्था और शासन प्रणाली, 6. एनवायरन्मेंटल साइंस- पर्यावरण संरक्षण और विकास 7. जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन-मीडिया और संचार के क्षेत्र में, 8.वनस्पति विज्ञान - वनस्पति अनुसंधान और कृषि विकास विशेष सब्जेक्ट है। तकनीकी पाठ्यक्रम में गणित,भौतिक विज्ञान,रसायन शास्त्र और जन्तु विज्ञान (जूलॉजी) है।

### ऑनलाइन माध्यम से दाखिला होगा

नामांकन की तारीख जून 2025 है। ऑनलाइन माध्यम से दाखिला होगा, जिसकी सारी जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने स्पष्ट किया है कि नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी, पाठ्यक्रम संरचना, फीस विवरण और चयन प्रक्रिया की पूरी जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### डिस्टेंस शिक्षा का बढ़ता महत्व

नालंदा खुला विश्वविद्यालय का यह कदम उन छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो नियमित कॉलेज नहीं जा सकते या काम करते हुए अपनी शिक्षा जारी रखना चाहते हैं। विश्वविद्यालय का एनएएसी से मान्यता प्राप्त होना, इसकी गुणवत्ता की गारंटी देता है।

आधुनिक समय की मांग को देखते हुए, नालंदा खुला विश्वविद्यालय पूरी तरह से डिजिटल प्रवेश प्रक्रिया अपनाई है। एमएससी (140 सीट) और बी.लि.ब.स सहित सभी पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष की नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की बैटरी से फोन चार्ज करते समय भयानक ब्लास्ट

**जगन्नाथपुर, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के कंसलापोस गांव से एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, बाइक की बैटरी से फोन की बैटरी चार्ज करना एक युवक को महंगा पड़ गया है। वज्रपात के दौरान फोन की बैटरी फटने से एक युवक घायल हो गया। सीएच जगन्नाथपुर में प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रेफर कर दिया गया। घटना में युवक का एक हाथ और अंगुलियां बुरी तरह से जल गई हैं। और चेहरा भी झुलस गया है।।

### पलंग पर सोई बच्ची को करैत सांप ने काटा, मौत

**धनबाद, एजेंसी।** मृतका के चाचा बीरेंद्र वर्मा ने बताया कि गुरुवार रात उसका छोटा भाई शंकर वर्मा अपने कमरे में सो रहा था। बच्ची भी उसके साथ थी। रात में बिजली नहीं थी। अचानक भतीजी रोने लगी तो भाई और उसकी पत्नी उठी। मोबाइल का लाइट जलाकर देखा तो पुत्री के हाथ में विषैला सांप करैत हाथ में काटकर जकड़ा हुआ था। किसी तरह से सांप को एक डब्बे में बंद कर बच्ची को रात में ही इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह ले गये। सदर अस्पताल में पुत्री को पांच इंजेक्शन व स्लाइन दिया गया। उसके बाद उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। धनबाद ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद रास्ते से ही शव को लेकर लोग घर लौट गये। घटना के बाद परिवार सहित पूरे गांव में मातम है।

### एक माह में जिला के विभिन्न स्कूलों में 500 पौधा लगाने का निर्देश

**धनबाद, एजेंसी।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मानेटरिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री पोषण योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। बैठक में स्कूलों द्वारा हर कार्य दिवस को पोषण योजना से संबंधित एसएमएस रिपोर्टिंग की प्रगति की समीक्षा की गयी। स्कूलों में पोषण वाटिका के निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि एक माह के अंदर जिले के विभिन्न विद्यालयों में कम से कम 500 पौधे लगाये जाएं ताकि बच्चों को पर्यावरणीय शिक्षा भी मिल सके। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025–26 की पहली तिमाही के लिए जिला स्तर पर उपलब्ध फल और अंडा मद की राशि की समीक्षा की और सभी विद्यार्थियों को विभागीय गाइडलाइन के अनुरूप फल और अंडा नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस दौरान पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत कार्यरत रसोइया सह सहायिकाओं से संबंधित अद्यतन विवरणी की भी समीक्षा हुई। बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी तथा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सीबीएसई 10वीं में खराब परिणाम लाने वाले उत्कृष्ट विद्यालयों पर गिरी गाज, 19 प्राचार्यों को शोकाज

**रांची, एजेंसी।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आने पर 19 उत्कृष्ट विद्यालयों (सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के प्राचार्यों को शोकाज जारी किया है। राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने इन विद्यालयों के प्राचार्यों को अलग–अलग पत्र जारी कर उन्हें स्पष्ट करने को कहा है कि असंतोषजनक परिणाम के लिए क्यों नहीं उनके विरुद्ध विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई की जाए। सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। इन विद्यालयों का परिणाम 60 प्रतिशत से कम रहा है। राज्य परियोजना निदेशक ने कहा है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ये विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। बच्चों के पठन–पाठन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इन विद्यालयों में भौतिक संरचना के साथ–साथ कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभागीय सचिव द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए थे।

# फिर बदलने वाला है मौसम, कई जिलों में होगी बारिश, मौसम विभाग ने 13 मिमी वर्षा रिकार्ड की



**रांची, एजेंसी।** शुक्रवार को दोपहर बाद हल्की वर्षा होने के बाद आम लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने 13 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की।

मौसम विभाग के अनुसार, बांग्लादेश के ऊपर बना डिप्रेशन 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा था, जो शुक्रवार की सुबह 8:30 बजे स्थिर हो चुका है। फिलहाल यह सिस्टम बांग्लादेश से 40 किलोमीटर दूर, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर व ढाका से 110 किलोमीटर और भारत में बहरामपुर के उत्तर व शिलांग से 260 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित है।

आगामी 12 घंटे में यह सिस्टम उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा और निम्न दाब क्षेत्र में परिवर्तित होगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मध्य भाग में समुद्रतल से ऊपर 0.9 किलोमीटर क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, शनिवार व रविवार को रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है।

एक जून को आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है, जबकि मौसम शुष्क रहेगा। दो व तीन जून को आसमान साफ व मौसम शुष्क रहेगा।

चार व पांच जून को आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, जबकि मौसम शुष्क रहेगा। वहीं राज्य में कुछ स्थानों पर शनिवार को कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है।

एक व दो जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की वर्षा, तीन जून को राज्य के दक्षिण भाग में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

चार व पांच जून को राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 34.0 व न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

सामान्य तापमान की तुलना में अधिकतम तापमान में 2.7 व न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। वहीं पिछले 24 घंटे में राज्य के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा चांडिल (सरायकेला-खरसावां) में 48.2 मिमी दर्ज की गई। शनिवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### झारखंड में 2 जून तक बारिश-वज्रपात का अलर्ट

**रांची, एजेंसी।** बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र का असर झारखंड में शुक्रवार को भी दिखा। रांची, गुमला, लातेहार समेत कई जिलों में गरज के साथ बारिश हुई। पलामू में वज्रपात की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक शख्स जख्मी है। गुरुवार को भी गोड्डा और पाकुड़ में तेज हवा के साथ बारिश हुई थी। वहीं, कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के विभिन्न इलाकों में 2 जून तक गरज के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही तेज रफ्तार में हवा के चलने और वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

1 जून को पूर्वी हिस्सों में और 2 जून को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज में गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। इधर, पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश 32.4 एमएम घाटशिला में दर्ज की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज की गई।

## जेएमएम ने केंद्र सरकार से की झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग, वजह भी बताई

**रांची, एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में झारखंड के लिए विशेष राज्य का दर्जा और केंद्रीय योजनाओं में 75 प्रतिशत केंद्रांश की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 16वें वित्त आयोग को झारखंड की सामाजिक, आर्थिक और भौगोलिक स्थिति का गहन आकलन करना चाहिए।

भट्टाचार्य ने बताया कि झारखंड यूरेनियम और अन्य खनिजों का प्रमुख उत्पादक है, जिसके कारण कई पीढ़ियां मलेरिया और टीबी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही हैं। इसके बावजूद, राज्य ने प्राकृतिक संसाधनों का बलिदान देकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी स्थिति में झारखंड विशेष राज्य के दर्जे का हकदार है। झामुमो नेता ने कहा कि झारखंड देश का सबसे बड़ा खनिज उत्पादक राज्य होने के साथ-साथ रेलवे के माध्यम से राजस्व भी देता है। विस्थापन और पलायन जैसी समस्याओं के बावजूद झारखंड के श्रमिक लेह-लद्दाख जैसे क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। भट्टाचार्य ने केंद्र से बार-बार गुहार लगाने की स्थिति को झारखंड के साथ अन्याय बताया।

केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि रेलवे जैसे क्षेत्रों में झारखंड की उपेक्षा होती है, जहां पुराने रैक भेजे जाते हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड की परिस्थितियां पूर्वोत्तर राज्यों जैसी हैं, जहां शिक्षा के लिए बच्चों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसलिए, केंद्रीय योजनाओं में 75त्न केंद्रांश की मांग जायज है। साथ ही झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए।

## वित्त आयोग से भाजपा की मांग, श्रद्धालुओं के लिए देवघर और रजरप्पा में बनाएं कारिडोर



**रांची, एजेंसी।** प्रदेश भाजपा ने राज्य के विकास और आर्थिक मजबूती के लिए 16वें वित्त आयोग के समक्ष 22 मांगें रखी हैं। इसमें धार्मिक पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण देवघर और रजरप्पा में कारिडोर बनाने की मांग सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ स्थानीय निकायों को मजबूत करने की मांग भी भाजपा ने की है।

भाजपा ने कहा है कि स्थानीय निकायों के चुनाव नहीं होने से जनप्रतिनिधियों की भूमिका सरकारी अधिकारियों ने ले ली है। इससे विकास योजनाओं को संचालित करने में भ्रष्टाचार हो रहा है। समय पर चुनाव नहीं होने से राज्य को केंद्रीय सहायता से भी वंचित होना पड़ रहा है। भाजपा ने शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी स्थानीय निकायों की देखरेख में संचालित करने का सुझाव दिया है।

पार्टी ने अलग राज्य बनने के बाद से यानि 25 वर्षों का आय-व्यय का आंकड़ा भी सार्वजनिक करने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सुधीर श्रीवास्तव ने भाजपा की मांगों और सुझाव से वित्त आयोग को अवगत कराया। वित्त आयोग को दिए सुझाव में भाजपा ने कहा है कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं की भारी कमी है। वित्त आयोग से अनुदान देने का बाद भी आदिवासी बहुल क्षेत्रों में नए स्कूल नहीं खुल रहे हैं।

शुद्ध पेयजल नहीं मिलने से बच्चे और युवा एनीमिया जैसी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों को मुआवजा देने की मांग भी इसमें शामिल है। वन नेशन वन इलेक्शन के साथ वन नेशन, वन स्कूल ड्रेस की मांग भाजपा ने वित्त आयोग से की है।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन का फिर आया मौका, पांच जून तक जमा कर सकते हैं फॉर्म!



**गिरिडीह, एजेंसी।** सीबीएसई बोर्ड एवं 12वीं की परीक्षा में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। ऐसे में इस स्कूल के प्रति विद्यार्थियों के साथ साथ अभिभावकों की भी रूचि बढ़ गई है। इस बीच शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 11वीं में नामांकन को लेकर नया अपडेट आ गया है। अब जो बच्चे ऐसे स्कूल में नामांकन नहीं ले सके हैं उनके लिए नया मौका आया है। अब मेधा सूची के बाहर के बच्चे भी इस स्कूल में नामांकन ले सकेंगे।

इसकी जानकारी सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय) के प्रिंसिपल मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने दी है। प्रिंसिपल मुन्ना ने बताया है कि राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में 11वीं में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा के बाद मेधा सूची के आधार पर नामांकन लिया गया। इसके बावजूद विभिन्न संकायों में कुछ सीट रिक्त रह गई है।

ऐसे में झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक ने नया आदेश जारी किया है। इसके तहत वैसे विद्यार्थी जो किसी कारण नामांकन जांच परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे और वह अपना नामांकन कराना चाहते हैं तो वे नामांकन का फॉर्म भर सकते हैं। प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि जिनके बोर्ड का प्राप्तांक 75 प्रतिशत से अधिक है वे साइंस में सीधे नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। जबकि कॉमर्स के लिए 65 प्रतिशत से अधिक अंकों की अनिवार्यता होगी। वहीं आर्ट्स पढ़ने वाले विद्यार्थी 50 प्रतिशत से अधिक अंक के साथ 5 जून तक विद्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। 7 जून को ऐसे विद्यार्थियों की चयनित सूची प्रकाशित की जाएगी और तब उनका नामांकन लिया जाएगा। बताया कि ग्रीष्म अवकाश में भी नामांकन कोषांग विद्यालय अवधि में सुबह 7 बजे से अपराह्न 12 बजे तक प्रतिदिन संचालित हो रहा है।

बता दें कि सीबीएसई बोर्ड में पहली झारखंड के सरकारी विद्यालय के बच्चों ने परीक्षा दिया था। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया था। ऐसे बच्चों को पिछले दिनों जिलाधिकारी रामनिवास यादव के हाथों सम्मानित किया गया था।

# धनबाद में पर्यटन की असीम संभावनाएं, 21 पर्यटन स्थल के विकास का प्रस्ताव!



**धनबाद, एजेंसी।** जिला में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं. फिलहाल ए, सी और डी श्रेणी के चार पर्यटन स्थल हैं जबकि कई ऐसे जगह हैं जहां पर्यटन का विकास संभव है. कुल 21 स्थानों का चयन का किया गया है. जहां पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना है. इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है.

जिला में जितने भी पर्यटन स्थल हैं, जिन्हें अभी तक अधिसूचित नहीं किया गया है, उन्हें विभागीय मंजूरी दिलाकर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है. वर्तमान में जिला में चार पर्यटक स्थल अधिसूचित हैं. वहीं अब कुल 21 पर्यटक स्थल को चिन्हित कर उन्हें विकसित करने की प्रकिया की जा रही है. साथ ही जो चार पर्यटक स्थल हैं, उनकी श्रेणी में वृद्धि करने के लिए आगे की प्रकिया है ताकि उन्हें विकसित करने के लिए एक बेहतर फंड मुहैया हो सके. मैथन और पंचेत में वाटर स्पोर्ट्स और वाटर टूरिज्म को बढ़ावा देंने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है. मैथन डैम ए श्रेणी, तोपचांची झील सी श्रेणी, पंचेत डैम सी श्रेणी, और भटिंडा फॉल डी श्रेणी का ग्रेड मिला हुआ है। कतरास का झींझी पहाड़ी मंदिर एएसएआई के द्वारा मान्यता प्राप्त है. पर्यटन स्थल के रूप में इसे विकसित किया जाना है. यह मंदिर सिर्फ पत्थर से बना हुआ किसी तरह के कॉन्क्रीट का इस्तेमाल मंदिर के निर्माण में नहीं हुआ है. सैकड़ों साल पुराना यह मंदिर है. इसके अलावा गंगापुर कतरास का लिलौरी स्थान, कल्याणेश्वरी मंदिर, दुखहरनी मंदिर को विकसित करना है. इसके साथ टुंडी में गर्म कुंड और बूढ़ा बाबा मंदिर का प्रस्ताव में शामिल है. नेशनल हाईवे पर एक होटल और पार्क का निर्माण किया जाना है. मैथन के पास एक जमीन चिन्हित की गई है. नेशनल हाईवे से एक राज्य से दूसरे राज्यों में आने जाने वाले यानी लंबी दूरी तय करने वाले यात्री यहां पहुंचकर सुकून का पल बिता सकते हैं. यात्रा के दौरान वह आराम कर सकते हैं।पर्यटक स्थल की संख्या बढ़ने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार भी बढ़ेंगे. विभाग की तरफ से युवाओं के लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही है. वाटर बोट चलाने और लाइफ सेविंग की भी तकनीकी के गुर सिखाए जा रहें हैं. आने वाले दिन में एनुअल मेंटेनेंस कमेटी का गठन किया जाएगा, 30 से 35 युवाओं की ट्रेनिंग दी जा रही है।

## अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे की कोच प्रतिमा बरवा का निधन, पारस अस्पताल में ली अंतिम सांस



**रांची, एजेंसी।** झारखंड की हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का निधन हो गया। इस खबर से राज्य के खेल जगत में शोक का माहौल है। शुक्रवार को ही प्रतिमा को पैरालाइसिस अटैक आने के बाद पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां आईसीयू में उनका इलाज चल रहा था। जानकारी के अनुसार, प्रतिमा की हालत काफी नाजुक थी, इस कारण चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बाद भी प्रतिमा ने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर मिलते ही खेल जगत में मातम पसर गया।

बता दें कि प्रतिमा बरवा ने झारखंड महिला हॉकी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। वर्तमान में वह खूंटी स्थित आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की प्रमुख कोच थीं। इसके अलावा प्रतिमा सिमडेगा में भी कोच रह चुकी हैं। मालूम हो कि उनके द्वारा प्रशिक्षित कई प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, झारखंड की पूर्व हॉकी खिलाड़ी प्रतिमा बरवा अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, रजनी केरकेट्टा और सुषमा कुमारी जैसी प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों की कोच रह चुकी हैं। इन सभी ने अपने खेल के दम पर न केवल झारखंड, बल्कि भारत का नाम भी दुनिया भर में रोशन किया है। प्रतिमा को खिलाड़ियों, कोचों, खेल प्रशासकों और खेलप्रेमियों की ओर से भावभीनी श्रद्धांजली दी गयी है।

# झामुमो की चिंता: कहा- सेना के पराक्रम का राजनीतिकरण ठीक नहीं



**रांची, एजेंसी।** बिहार के सासाराम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजनीतिक मंच से ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ को लेकर कहीं बातों पर गहरी नाराजगी झामुमो ने जताई है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का राजनीतिक इस्तेमाल पर चिंता जताई है. रांची में झामुमो के कैंप कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात, पश्चिम बंगाल और बिहार जाकर ऑपरेशन सिंदूर और सेना के पराक्रम को लेकर अपनी राजनीति चमकाते हैं. दूसरी ओर भाजपा के नेताओं का सेना को लेकर दिया बयान देशवासियों को शर्मसार करता है।

झामुमो नेता ने कहा कि कोई भारतीय सेना की नायिका सोफिया कुरैशी को लेकर अपमानजनक बातें करता है तो कोई वायु सेना को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करता है. हैरत की बात यह है कि प्रधानमंत्री और भाजपा का नेतृत्व ऐसी टिप्पणी करने वाले मंत्री या नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं करती. देश की संघीय ढांचा और परिकल्पना में सेना का दायित्व देश की रक्षा करना है. किसी को भी इसका राजनीतिक उपयोग करने की अनुमति नही दी जा सकती है।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दुनिया के इतिहास में 1971 का युद्ध भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम की मिसाल है. इस युद्ध ने पाकिस्तान के दो टुकड़ा कर दिये, उस समय अमेरिका, पाकिस्तान के साथ खड़ा था. उनका सातवां बेड़ा पाकिस्तान को मदद देने के लिए निकल गया था. लेकिन हमारी सेना के पराक्रम के सामने वह भी नहीं टिक पाया. लेकिन आपरेशन सिंदूर के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की जो भाषा उनके द्वारा राजनीतिक मंचों से बोली जा रही है वह दुखदायी है. राजनीतिक कारण में सेना के शौर्य और पराक्रम का और उनके मंत्री उनसे भी आगे निकल जाते हैं. मध्य प्रदेश के मंत्री के बयान पर भाजपा या बीजेपी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की. जम्मू के उधमपुर में भाजपा नेता रणवीर पठानिया ने वायु सेना पर घोर टिप्पणी की. वायु सेना को नालायक बताया और कहा कि बिना मतलब के उनको सर आंखों पर बैठाया है, उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई. कोई कहता है कि सेना पीएम के चरणों में नतमस्तक हैं।

झामुमो नेता ने कहा कि अब घर-घर सिंदूर बांटने का प्रहसन की तैयारी भाजपा कर रही है. शायद भाजपा के नेताओं को पता नहीं है कि महिलाएं अपने पति के नाम का सिंदूर लगाती हैं. क्या कोई महिला ऐसा सोच सकती है कि कोई पर पुरूष का दिया सिंदूर वह स्वीकार करेगी. भाजपा को यह बताना चाहिए कि उनके नेता अपने घर के सिंदूर को क्यों घर से बाहर रखे हुए है।

राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के फेक विश्वविद्यालय से डिग्री लिए जाने के मुद्दे पर एनआईए द्वारा सीबीआइ से आगे की जांच करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ने प्रतिक्रिया दी. पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इसकी पटकथा पहले से लिखी गयी है और हफीजुल को सॉफ्ट टारगेट बनाया गया है. उन्होंने कहा कि जो जानकारी उनके पास है उसके अनुसार जिस विश्वविद्यालय से हफीजुल की डिग्री है उसी से असम से आनेवाले एक भाजपा सांसद ने भी डिग्री ली है लेकिन उनके लिए कुछ नहीं. झामुमो नेता ने कहा कि अगर सही से जांच हो जाये तो विश्वविद्यालय भी भाजपा के किसी नेता का निकलेगा।

## बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से की बड़ी मांग, कहा- शराब घोटाले में सीबीआई जांच की करें अनुशंसा



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शराब घोटाले को लेकर लगातार राज्य सरकार पर प्रहार कर रहे हैं। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष ने एक बार फिर सरकार को घेरते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक बड़ी मांग की है। बाबूलाल ने कहा है कि सीएम अगर वास्तव में शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करने चाहते हैं, तो इसकी जांच सीबीआई से करवाये। इसे लेकर भाजपा नेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लिखा है, 'जहां तक स्मरण हो रहा है कि जब छत्तीसगढ़ सिंडिकेट के साथ मिलकर यहां शराब घोटाले की तैयारी हो रही थी। तब झारखंड से सचिव स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम को वहां स्टडी कर रिपोर्ट देने के लिये भेजा गया था। इन अधिकारियों ने रायपुर दौरा कर महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन अपनी रिपोर्ट बनाकर छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा कर दी थी।

बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि एसीबी अगर इस शराब घोटाले के तह तक जाना चाहती है, तो उसे रायपुर गयी कमेटी में शामिल सारे लोगों की भूमिका एवं सहभागिता को जांच के दायरे में शामिल करना चाहिये। इस बात की जांच कर कार्रवाई करनी चाहिये कि रायपुर गई टीम ने वहां किन लोगों से मुलाकात की, क्या डील हुई? वह डील कराने में कौन लोग शामिल थे? किसके दबाव में उस टीम को महज चौबीस घंटे में छुट्टी के दिन भी छत्तीसगढ़ मॉडल अपनाने की अनुशंसा वाली रिपोर्ट सौंपनी पड़ी थी?बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते हुए कहा कि मैं एक बार फिर आपसे आग्रह कर रहा हूं कि अगर आप वास्तव में इस शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं। तो इस मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा करिये।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 31-05-2025 21:28 Page 1



# हेरोइन की खेप के साथ दो गिरफ्तार

## भाड़े पर करता था काम, प्रत्येक डिलीवरी पर मिलते थे पांच हजार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** पटना एसटीएफ के सहयोग से भोजपुर पुलिस ने हेरोइन की बड़ी खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी नवादा थाना क्षेत्र अन्तर्गत धोबीघटवा इलाके से हो सकी। इसकी जानकारी आरा सदर एएसपी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता में दी है। पकड़े गए सदस्यों में नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ निवासी अंकुश कुमार चौधरी एवं इन्द्रजीत पासवान शामिल है।

करीब दो किलो 107 ग्राम हेरोइन, 1 लाख 27 हजार रुपये नकदी, दो मोबाइल, एक डीएल, चार चेकबुक एवं चार पासबुक के अलावा आधार कार्ड एवं पैन कार्ड जब्त किया गया है। तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है।

पूछताछ के दौरान अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा हुआ है। इसे लेकर नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी के बयान पर मुख्य तस्कर आरा के अनाईठ निवासी अभिषेक कुमार एवं यूपी के गाजीपुर जिले के जमानिया निवासी मो. नौशाद समेत 16 केन्द्र विरुद्ध नामजद प्राथमिकी की गई है।

पूछताछ में बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। पकड़े गए अंकुश का पूर्व से तस्करी को लेकर आपराधिक इतिहास रहा है। इधर, एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि एसटीएफ एवं नवादा थाना की संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से भारी मात्रा में तस्कर स्विफ्ट कार से हेरोइन की खेप लेकर आ रहे हैं। जिसके बाद नवादा थाना क्षेत्र के धोबीघटवा के समीप टीमों ने घेराबंदी कर कार सवार अंकुश कुमार एवं इन्द्रजीत कुमार को धर दबोचा गया। कार से करीब एक किलो 47 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया।

पूछताछ में यूपी के गाजीपुर जिले के जमानिया निवासी मो. नौशाद के पास से हेरोइन लेकर आने एवं अभिषेक के लिए काम करने की बात स्वीकारी। इसके बाद उसके निशानदेही पर अनाईठ मोहल्ला निवासी अभिषेक कुमार के घर छापामारी कर पुनः 1 किलो 60 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया।

इसके अलावा अभिषेक समेत अलग-अलग नाम से चार चेकबुक एवं चार बैंक पासबुक के अलावा खरीदे गए गोल्ड के कागजात समेत अन्य सामान बरामद किया गया।

पकड़े गए सदस्यों ने पुलिस को बताया कि यूपी के गाजीपुर से पहले भी करीब तीन किलो हेरोइन की खेप लाई गई थी। इसके बाद पटना के पुनपुन के महावीर यादव, तरेगना, मसौढ़ी, पटना की रागनी कुमारी, रंजन कुमार, जेल रोड मसौढ़ी के विकास कुमार, धनरुआ, पटना के मुन्ना कुमार उर्फ राजेश, नीमा ,मसौढ़ी के संतोष शर्मा, नौवाबाग, मसौढ़ी के आकाश कुमार, आरा अनाईठ के पंकज कुमार, कृष्णा चौधरी, बबुरा, भोजपुर के मंजीत कुमार, मसेपुर, जहानाबाद के धर्मेन्द्र पासवान आदि को हेरोइन सप्लाई किए थे। तस्करों के आपराधिक इतिहास के बारे में पुलिस पता लगा रही है।

इधर, पकड़े गए अंकुश ने पूछताछ में यह भी बताया है कि आरा के अनाईठ के अभिषेक के कहने पर वह यूपी से हेरोइन की खेप लाता था और बताए अनुसार जाकर डिलीवरी भी देता था। प्रत्येक काम के उसे पांच हजार रुपये मिलता था।

# तीन नगर पंचायतों का चुनाव 28 जून को

## मतगणना की तिथि 30 जून की गयी निर्धारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खुसरूपुर, नौबतपुर तथा बिक्रम नगर पंचायत के मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद एवं पार्षदों का चुनाव 28 जून को होगा। मतगणना की तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। समाहरणालय के निर्वाचन शाखा से इसको लेकर आदेश जारी किया गया है। इसके लिए कई कोषांगों का गठन किया गया है।

इसके वरीय नोडल एवं नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। चुनाव को लेकर 28 मई को अधिसूचना के साथ नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गई थी। पांच जून तक नामांकन चलेगा। इसके बाद छह से नौ जून तक नामांकन प्रपत्रों की स्क्रूटिनी की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 10 जून निर्धारित की गई है। अंतिम रूप से अभ्यर्थियों की सूची एवं प्रतीक चिह्न का आवंटन 13 जून को किया जाएगा।

चुनाव को लेकर कार्मिक कोषांग, मतपत्र, वज्रगृह सह मतगणना एवं ईवीएम, वाहन, प्रशिक्षण, सामग्री, विधि व्यवस्था सह आदर्श आचार संहिता सह जिलादेश, मीडिया सह प्रेक्षक सह प्रोटोकाल, मतदाता सूची समेत जिला निर्वाचन कोषांग का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. चंद्रशेखर सिंह ने किया है।

कार्मिक कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता विभागीय जांच पुष्पेंद्र कुमार तथा विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मनोरंजन कुमार मतपत्र, वज्रगृह सह मतगणना एवं ईवीएम कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी नामित किए गए हैं।

वाहन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता अनिल कुमार, प्रशिक्षण कोषांग के अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन देवेंद्र प्रताप शाही, सामग्री कोषांग के अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति अमलेंदु कुमार सिंह, विधि व्यवस्था सह आचार संहिता के अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश रौशन, मीडिया सह प्रेक्षक सह प्रोटोकाल कोषांग के खगेश चंद्र झा, कंप्यूटराइजेशन एवं आइटी डिजिटल कोषांग तथा मतदाता सूची, मतदान केंद्र व शिकायत अनुश्रवण कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी उपविकास आयुक्त समीर सौरभ बनाए गए हैं। उन्हें जिला निर्वाचन कोषांग की जिम्मेदारी भी दी गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज, चार धराये

## पुलिस कर रही मामले की जांच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिले के बिरौल थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की सामूहिक दुष्कर्म की बिरौल थाना में प्राथमिकी चार युवकों पर दर्ज की गई है।

घटना की पुष्टि करते हुए बिरौल के एडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी ने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। वहीं, घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच के लिए की टीम भी बुलाया गया है।

घटना के विषय मे लड़की के पिता ने पुलिस को बताया कि जब उनकी बेटी उन्हें खेत मे खाना देने जा रही थी। इस दौरान गांव के ही चार युवकों ने उसे जबरदस्ती पकड़कर गाछी में ले जाकर दुष्कर्म करने की बात बताई है।

लड़की के हल्ला करने पर आस पास गांव के लोगों की मदद से उसे घर पहुंचाया गया।

इस सम्बंध में बिरौल एसडीपीओ मनीषचंद्र चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह और महिला एसआई आरती कुमार को जांच के लिए घटना स्थल भेजा गया था। घटना के जुड़े सभी साक्ष्य को जुटाया जा रहा है। आगे मामले की जांच की जा रही है।

# आवास योजना में राशि हस्तांतरण में हेराफेरी का आरोप

## नाम दर्ज करने में की जा रही अवैध वसूली, लोगों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवहर।** पहले आवास योजना की सूची में नाम दर्ज कराने के लिए रिश्वत वसूले गए और जब आवास स्वीकृत हुआ तो लाभार्थी की आवास मद की राशि का पहला किस्त दूसरे के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना में सर्वेक्षण से लेकर सूची निर्माण तक भ्रष्टाचार छाया जा रहा। अब राशि ट्रांसफर करने में हेराफेरी का मामला सामने आया है।

ताजा मामला पिपराही प्रखंड के अंबाकला का है। यहां आधा दर्जन लाभुकों के आवास योजना की पहले किस्त की 40 हजार की राशि वास्तविक लाभार्थी के बदले दूसरे के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिया गया है।

मामले को लेकर अंबाकला वार्ड पांच निवासी पार्वती देवी ने जिलाधिकारी व बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में अंबा उत्तरी के आवास सहायक बाल विक्रम रंजन पर दूसरे के बैंक खाते में पैसा भेजने का आरोप लगाया है।

बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका नाम चयनित हुआ था। प्रथम किस्त की 40 हजार की राशि उनके खाते में नहीं आई। वह आवास सहायक से लेकर प्रखंड कार्यालय तक का चक्कर काटती रही। हर बार बैंक खाते की जांच की बात कहीं जाती। वहीं, बताया जाता कि पहले किस्त का भुगतान हो चुका है। कई बार बैंक खाता चेक कराया। लेकिन पैसा उनके खाता में नहीं आया।

बताया कि बाद में पता चला कि आवास सहायक द्वारा 40 हजार रुपये का भुगतान गलत तरीके से किसी अन्य व्यक्ति के खाता में भेजा दिया गया है। बताया है कि उनकी तरह आधा दर्जन लोगों का पैसा भी गलत तरीके से दूसरे के बैंक खाते में भेज दिया गया है।

इधर, आवास पर्यवेक्षक अजीत कुमार ने माना है कि पार्वती देवी की प्रथम किस्त की राशि आवास सहायक की गलती से दूसरे के खाते में चला गया है। राशि की रिकवरी कराते हुए सही लाभुक के खाते में पैसा भेजा जाएगा।

बताते चलें कि आवास योजना के तहत पिछली बार फर्जी तरीके से लाखों की राशि की हेराफेरी की गई थी। पिछली बार यूपी में रह रहे लोगों के बैंक खाते में राशि हस्तांतरित की गई थी। यह मामला अब तक जांच में ही झूल रहा है।

# अज्ञात अपराधियों ने दो युवकों को मारी गोली

**फतुहा।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो युवकों पर अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर दी। इस घटना में 30 वर्षीय हरि ओम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 28 वर्षीय रवि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों ही पुनपुन क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना बांकीपुर से मुड़ेरा जाने वाली अलंग सड़क पर हुई। हरि ओम कुमार को कनपटी पर गोली लगी थी, जिससे उसकी तुरंत मौत हो गई। घायल रवि कुमार को शनिवार को सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने सड़क किनारे पड़ा पाया। सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और लोग घटनास्थल पर जुट गए।

फतुहा थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घायल रवि कुमार का इलाज एनएमसीएच अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है, लेकिन अभी तक अपराधियों की पहचान और घटना के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

# नशेड़ी दबंगों ने रॉड से पीटकर किया जख्मी

## पीड़ित ने शिकायत, गिरफ्तारी की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के कोंच थाना क्षेत्र के पंडरामा गांव में कौशल प्रजापति नामक युवक को शराब के नशे में धुत दबंगों ने लोहे के रॉड और बांस से बेरहमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मारपीट के बाद कौशल को कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि कौशल के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और कई टांके लगे हैं।

कौशल ने बताया कि गोविंद यादव, कुंदन कुमार और चंदन कुमार ने शराब के नशे में उसकी गाली दी और जब उसने विरोध किया तो पीछे से लोहे के रॉड से हमला कर दिया। उन्होंने कोंच थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। कोंच थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी दबंगों की तलाश कर रही है।

# चमकी बुखार ने ली चार वर्षीया बच्ची की जान

## प्रशासनिक तैयारियों की खुली पोल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले में चमकी बुखार से एक 4 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। मृतक बच्ची की पहचान चंपानगर थाना क्षेत्र के सिंघिया गांव निवासी मोनू कुमार साह की पुत्री दुर्गा कुमारी (4 वर्ष) के रूप में हुई है।

बच्ची के पिता मोनू कुमार साह ने बताया कि वट सावित्री पूजा के दिन बच्ची ने लीची खाई थी, जिसके कुछ ही समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसे तेज बुखार, कमजोरी और सांस लेने में परेशानी होने लगी। पहले उसे लाइन बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, फिर वहां से जीएमसीएच पूर्णिया रेफर कर दिया गया।

जीएमसीएच पूर्णिया में बच्ची की हालत और खराब हो गई। दो घंटे के इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे तुरंत एम्बुलेंस से लेकर चले, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पांच किलोमीटर पहले ही बच्ची की मौत हो गई। जीएमसीएच के चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. प्रेम प्रकाश ने बताया कि बच्ची को पिछले एक हफ्ते से तेज बुखार और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। वह एक निजी क्लिनिक में इलाज करा रही थी। जब बच्ची को अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती किया गया, तब उसकी हालत बहुत खराब हो चुकी थी। एक घंटे के अंदर ही उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल भेज दिया गया। परिजन को बच्चे की मौत की खबर अस्पताल पहुंचने से पहले ही फोन पर मिल गई थी। बच्ची की मौत से परिवार में भारी दुख फैल गया है।

# शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**मधेपुरा।** जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में शनिवार दोपहर एक बीपीएससी शिक्षक रामटहल दास (37) की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। रामटहल दास शंकरपुर प्रखंड के सोनवर्षा हाई स्कूल में हिंदी विषय के शिक्षक थे। शनिवार को रामटहल दास अपने सहकर्मी रविरंजन कुमार के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों लालपुर गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रही बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने अचानक ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। गोली लगते ही रामटहल दास की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनके साथी रविरंजन कुमार बचकर भागने में सफल रहे।मृतक के बड़े भाई ने बताया कि रामटहल दास का विवाह करीब एक साल पहले हुआ था। परिजनों का शक है कि उनकी हत्या का पीछे ठाकुरबाड़ी के महंथ की साजिश हो सकती है, जो कथित तौर पर विवाह को लेकर नाराज चल रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया।

# डायल 112 में तैनात महिला सिपाही का शव बरामद

## कॉल डिटेल्स खंगालने में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र के यादव चक गांव में डायल 112 में तैनात महिला सिपाही का शव उसके ही कमरे से मिला। मृतका की पहचान महिला सिपाही कनक प्रिया के रूप में हुई। वह इसी गांव में किराए के मकान में अपने पति (सिपाही) के साथ रह रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच शुरू की, तो कनक प्रिया के गले पर गहरे निशान पाए गए। लोगों का कहना है कि आशंका है कि महिला सिपाही की गला दबाकर हत्या की गई है। वहीं महिला का पति आत्महत्या का दावा कर रहा है। बताया जा रहा है कि कनक प्रिया का पति प्रभात रंजन भी बिहार पुलिस में सिपाही है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद और झगड़ा हुआ था। इसके बाद कनक प्रिया की लाश मिली। इधर, घटना के बाद पति प्रभात रंजन ने दावा किया कि उसकी पत्नी ने आत्महत्या की है। वहीं कनक प्रिया के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल में जुट गई। पुलिस टीम कनक प्रिया और उसके पति के मोबाइल कॉल डिटेल्स की भी जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला सिपाही का शव उसके कमरे में मिला है। पति से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। यह भी साफ नहीं हो पाया है कि घटना रात में कब और कैसे हुई? इधर, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

# अनियंत्रित बाइक पोल से टकरायी, दो की मौत

**जमुई।** जिले के लछुआड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लछुआड़-धधौर मुख्य मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। केनुई और रामसागर गांव के बीच तेज रफ्तार में जा रही एक अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई, जिससे दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची लछुआड़ थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को सिकंदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। घायल मजदूर मसूदन कोड़ा की हालत गंभीर देख उसे जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां से पटना रेफर करने की तैयारी की जा रही है। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के खरुई बरियारपुर निवासी बनारसी मांझी और डुमरकोला गांव के गंगा यादव के रूप में हुई है।

# जदयू के पूर्व विधायक पर कुर्की का आदेश

## एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट का कड़ा रुख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जदयू के पूर्व विधायक हेम नारायण साह पर कोर्ट ने एक मामले में सख्ती करते हुए कुर्की का आदेश जारी कर दिया ,जिसके बाद यह चर्चा का विषय बना हुआ है। सीवान के पूर्व जदयू विधायक हेम नारायण साह के खिलाफ कोर्ट ने 2002 के एक मारपीट और लूटपाट मामले में सख्त रुख अपनाते हुए उनकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया है। आरोपी लंबे समय से कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहे थे, जिस कारण विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने यह कार्रवाई की है।

पूरा मामला वर्ष 2002 का है, जिसमें हेम नारायण साह पर आरोप है कि उनके इशारे पर 10 लोगों ने एक पक्ष के घर में घुसकर जमकर मारपीट की और राइफल, गोलियां व नगदी लूट ली। इस मामले में केस संख्या 418/2002 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पूर्व विधायक हेम नारायण साह इस मामले में कोर्ट में कई वर्षों से हाजिर नहीं हो रहे थे। अदालत ने कई बार समन और गैर-जमानती वारंट जारी किया, लेकिन इसका पालन नहीं हुआ।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के न्यायाधीश अरविंद कुमार सिंह ने अभियुक्तों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उनकी संपत्ति जब्त करने का आदेश पारित किया। साथ ही, उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए इश्तेहार भी चिपकाने का निर्देश दिया गया है। थाना प्रभारी पर भी अभियुक्तों को कोर्ट में प्रस्तुत न करने को लेकर पहले शो-कॉज नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद गिरफ्तारी नहीं होने पर अब कोर्ट ने संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है।

# नशा मुक्ति अभियान सह प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है जो इंसान का अनमोल जीवन को समय से पहले ही मौत का शिकार बना देता है। नशे के लिए समाज में शराब, तंबाकू,भांग, गांजा, चरस, स्मेक,पान मे जर्दा,गुटका, और धूम्रपान ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थ और मादक द्रव्यों का सेवन किया जा रहा है। इन विषाक्त और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है। नशा रोकने के लिए शनिवार को मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रातः कालीन वंदना सभा के पश्चात पथ-प्रदर्शन किया गया। मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा अररिया आ.र.एस. के गली-मोहल्लो होते हुए सम्पूर्ण बाजार में नशा मुक्ति के लिए प्रदर्शन किया गया।

छात्र-छात्राओं के द्वारा चित्रों के माध्यम से लोगों में यह संदेश दिया गया कि नशा एक बुरी आदत है। जो अपने साथ-साथ अपने परिवार को भी अभिशप्त जीवन जीने को मजबूर कर देता है। छात्र-छात्राओं के द्वारा लोगों को नशा न करने को कहा गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. संजय प्रधान ने भी वंदना सभा में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग भी अपने-अपने घरों में मोहल्ले में नशा करने वालों को समझावे ताकि उनका परिवार सुखी रहे। हम सभी को नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। यदि हमारे आस-पास कोई व्यक्ति नशे की लत से जूझ रहा है तो हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए बल्कि उसे सही मार्ग पर लाने में मदद करनी चाहिए। हम सभी मिलकर नशे के खिलाफ एकजुट होकर अपने समाज को नशे की समस्या से मुक्त करा सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय में नशा मुक्ति पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में 200 बच्चे भाग लिया। नशा मुक्ति प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 50 छात्र-छात्राओं को निदेशक एवं प्राचार्य महोदय के द्वारा कॉपी और कलम देकर पुरस्कृत भी किया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं को नशा के खिलाफ एकजुट रहने का संदेश दिए। ड्राइवर हेल्पर एवं नगर के लोगों को भी इस नशा से दूर रहने के लिए समझाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यालय के कर्मी भी उपस्थित थे।



# भाजपा उतरी मंडल कार्यसमिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** भारतीय जनता पार्टी शिवाजीनगर उत्तरी मंडल का प्रथम कार्य समिति का बैठक कलर मार्ट शहरु मोर मे किया गया। जिसका अध्यक्षता उतरी मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार के द्वारा किया गया ।संचालन महामंत्री सुरेंद्र कुमार सुमन ने किया। इस बैठक मे मुख्य अतिथि जिला अध्यक्षा निलम सहनी ने विशेष रुप से बूथ कमिटी पर ध्यान देने पर चर्चा किया गया । आनेवाले चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर पर पार्टी मजबूत हो इस पर जोर दिया। जिला अध्यक्षा नीलम सहनी ने सभी कार्यकर्त्ता को सम्मानित भी किया। बैठक में मंडल प्रभारी निरज चौधरी , बिमला चौधरी , नितू देवी जी महामंत्री सुरेंद्र कुमार सुमन, निलमनी पासवान पुर्व अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, धर्मेंद्र सिंह ,अकाश कुमार ,सिता राम मंडल ,दानि राम, पवन मंडल, हरिनारायण सिंह, राजा कुमार, लक्ष्मी मंडल, देवु मंडल, राकेश कुमार आदि कर्यकर्ता मजूद रहे।

# दरवाजे पर सो रहे दादा पोती को अपराधियों ने मारी गोली

## गांव में फैली दहशत, जांच में जुटी पुलिस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिले के नैनीजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बड़की नैनीजोर गांव के वार्ड नंबर 9 में देर रात अपराधियों ने एक बुजुर्ग और उसकी पोती को गोली मार दी। दोनों घर के दरवाजे पर सोए हुए थे। गोली लगने से 65 वर्षीय चतुर यादव और उनकी 2 साल की पोती चांदनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को पहले रघुनाथपुर पीएचसी पहुंचाया, फिर हालत नाजुक देख बक्सर सदर अस्पताल और उसके बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायल चतुर यादव ने बताया कि वह अपनी पोती के साथ बाहर सो रहे थे, तभी किसी ने अंधेरे का फायदा उठाकर गोली चला दी। चतुर यादव की पीठ में गोली लगी जो पेट से निकल गई, जबकि चांदनी के कंधे के पीछे से गोली पेट होते हुए निकल गई।


घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। लोग घटना के पीछे कारणों को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। घटनास्थल से सबूत जुटाए जा रहे हैं और अपराधियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। नैनीजोर थाना प्रभारी फिरोज आलम ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया गया। चतुर यादव के बयान के आधार पर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ जारी है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

CMYK

# राज्य की 8018 पंचायतों में जल्द तैयार होंगे खेल मैदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रही है। राज्य की कुल 8053 पंचायतों में से 8018 पंचायतों में जल्द ही खेल मैदान तैयार होने वाले हैं। इनमें मनरेगा योजना के तहत अब तक 3079 पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि 5742 खेल मैदानों का निर्माण शुरू हो चुका है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के मुताबिक यह पहल गांवों में युवाओं को खेल गतिविधियों की ओर प्रोत्साहित करने और स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं को उभारने के उद्देश्य से की जा रही है। खेल मैदानों के साथ-साथ स्पोर्ट्स क्लब के गठन को लेकर भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस



संबंध में खेल प्राधिकरण को अब तक कुल 20,926 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें ग्राम पंचायतों से 9682 सामूहिक क्लब गठन और 10,380 व्यक्तिगत क्लब गठन के लिए आवेदन मिले हैं। वहीं, नगर पंचायतों से 333 सामूहिक और 531 व्यक्तिगत क्लब गठन के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं।

**स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर जोर**

सभी प्रमंडलीय मुख्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरुप स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। पटना के पुनपुन प्रखंड के डुमरी पंचायत में 100 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है जिसके अधिग्रहण की कार्रवाई जारी है। वहीं, पूर्णिया और सहरसा में भी भूमि चिह्नित कर प्रस्ताव भेजा गया है। प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सहरसा और पूर्णिया में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की घोषणा की थी जिसके बाद खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। दरभंगा प्रमंडल में भूमि चिह्नित कर ली गई है और डीपीआर तैयार किया जा रहा है। तिरहुत प्रमंडल के लिए एमआईटी की जमीन और भागलपुर प्रमंडल के लिए तिलका मांझी विश्वविद्यालय की जमीन तय की गई है, लेकिन अभी तक अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं मिला है। 'खेलो इंडिया' योजना के तहत राज्य के विभिन्न जिलों से अबतक 116 प्रस्ताव भेजे गये हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 930.50 करोड़ रुपये है। ये प्रोजेक्ट केंद्र सरकार को भेजे गए हैं ताकि आगे की मंजूरी मिल सके। मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत सभी प्रखंडों में एक आउटडोर स्टेडियम के निर्माण का लक्ष्य है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 374 स्टेडियमों को मंजूरी मिल चुकी है जिनमें से 252 स्टेडियम पूरी तरह बन चुके हैं। वहीं 64 स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रगति पर है और 58 में अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। शेष 198 प्रखंडों में से 169 ने प्रस्ताव भेजे हैं और उनमें से 61 को मंजूरी भी मिल चुकी है।

राज्य के प्रतिभावान और होनहार खिलाड़ियों के लिए खेल छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण इस योजना को संचालित कर रही है। इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 128 खिलाड़ियों को 7.15 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई है।

# 1.30 लाख स्थानांतरित शिक्षकों को 20 जून तक कर दिया जाएगा नए स्कूलों का आवंटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने कहा कि स्थानांतरित किए गए सभी एक लाख 30 हजार शिक्षकों को आगामी 20 जून तक उनके नए स्कूलों का आवंटन कर दिया जाएगा। नव स्थानांतरित शिक्षक आगामी 30 जून से पहले अपने नए स्कूलों में योगदान कर दें। उनके स्कूल आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानांतरित शिक्षकों को अब उनके पुराने स्कूलों से विरमित होने की कोई जरूरत नहीं है। वे जैसे ही अपने नए स्कूल में अपना योगदान देंगे, वे पुराने स्कूल से अपने आप विरमित हो जाएंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ अपने साप्ताहिक कार्यक्रम शिक्षा की बात-हर शनिवार में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। अपर मुख्य सचिव ने स्थानांतरित शिक्षकों से यह भी अपील की है कि वे अपनी पदस्थापना के लिए बेवजह जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय का चक्कर नहीं लगाएं क्योंकि पूरी पादर्शिता के साथ स्थानांतरित शिक्षकों को स्कूलों का आवंटन किया जा रहा है। एक छात्र के स्तर से अपर मुख्य सचिव को जब यह जानकारी दी गई कि गर्मियों की छुट्टियों से पहले कई छात्र-छात्राओं को किताबें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं तो अपर मुख्य सचिव ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टियां खत्म होते ही बच्चों को किताबें उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि मैं खुद इस मामले की समीक्षा करूंगा। उन्होंने डायट व्याख्याताओं की समस्याओं के जल्द समाधान का भी भरोसा दिया है। इस परिचर्चा में डॉ. एस सिद्धार्थ ने बच्चों के अभिभावकों को भी कई सलाह दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने घरों में बच्चों के पढ़ने के लिए एक कोना बनाएं। ताकि घर में पढ़ाई का माहौल बने। उन्होंने अभिभावकों से स्कूलों में आयोजित होने वाले हर टीचर्स-पैरेंट्स मीट में भाग लेने की सलाह दी है। ताकि उनके बच्चों में हो रही प्रोग्रेस की जानकारी उन्हें मिलती रहे।

# राजीव रंजन प्रसाद ने किया उच्च जाति आयोग के उपाध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बिहार सरकार के उच्च जाति आयोग के उपाध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनके मनोनयन को लेकर जेडीयू कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और इसे सामाजिक संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा गठित उच्च जाति आयोग का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े उच्च जाति वर्गों की पहचान कर उनके कल्याण के लिए योजनाओं की अनुशंसा करना है। आयोग उन वर्गों की समस्याओं और जरूरतों का आकलन कर, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में समावेशी नीति निर्माण में मदद करता है। राजीव



रंजन प्रसाद लंबे समय से सामाजिक न्याय और समरसता के मुद्दों पर मुखर रहे हैं। बतौर प्रवक्ता उन्होंने पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से सामने रखा है। अब उपाध्यक्ष के रूप में उनसे यह अपेक्षा की जा रही है कि वे आयोग की भूमिका को अधिक सक्रिय और प्रभावशाली बनाएंगे। आयोग की सिफारिशों पर आगे कार्रवाई के लिए प्रशासन और नीति-निर्माताओं के साथ समन्वय को भी गति दी जा रही है। राजीव रंजन प्रसाद के उपाध्यक्ष बनने से आयोग की कार्यशैली में नई ऊर्जा आने की उम्मीद है। उन्होंने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे समाज के उस वर्ग की आवाज़ को सरकार तक पहुंचाने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगे।

# प्रो दिगंबर लाल राय दिवाकर के निधन पर प्राचार्य ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कॉलेज ऑफ कॉमर्स, पटना से गणित विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रोफेसर दिगंबर लाल राय उर्फ दिवाकर जी का शुक्रवार को पटना के हनुमान नगर स्थित आवास पर निःधन हो गया। स्वर्गीय राय का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक गांव 'खराज', मधुबनी में परिजनों व शुभचिंतकों द्वारा किया गया। स्वर्गीय राय अपने शैक्षणिक व सामाजिक जीवन में काफी लोकप्रिय थे। वे वंचित समाज व जमात के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहते थे। वे राष्ट्रीय अमात्य विकास परिषद के संस्थापक अध्यक्ष थे। यू.आर. कॉलेज, रोसड़ा, समस्तीपुर के प्रभारी प्रधानाचार्य सह पूर्णियां एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ घनश्याम राय, स्वर्गीय प्रोफ़ेसर राय के पैतृक गांव 'खराज' जाकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राज्य में पैक्स कंप्यूटरीकरण कार्य समय पर पूरा हो: डॉ. प्रेम कुमार

## सहकारी समितियों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता विभाग की एक अहम समीक्षा बैठक शुक्रवार को पटना में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मंत्री प्रेम कुमार ने की। बैठक में पैक्स के कंप्यूटरीकरण, व्यवसायिक विविधिकरण, सहकारी बैंकों के विस्तार, गया में सहकारिता महाविद्यालय की स्थापना और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों के आयोजन सहित विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रेम कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पैक्स कंप्यूटरीकरण का कार्य भारत सरकार द्वारा तय समयसीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीकी सशक्तिकरण से ही



सहकारी संस्थाएं पारदर्शिता और दक्षता की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत सभी सहकारी समितियों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे ताकि कार्यक्रम प्रभावशाली और व्यापक स्तर पर हो सकें। बैठक में राज्य के उन जिलों की समीक्षा भी की गई जहां सहकारी बैंक अभी नहीं हैं। निर्णय लिया गया कि संबंधित जिलों में सहकारी बैंक और आवश्यकतानुसार शाखाएं खोली जाएंगी। इसके लिए बैंकों की आमसभा आयोजित कर प्रस्ताव मंगाए जाएंगे ताकि अगली कार्रवाई की जा सके। गया में प्रस्तावित सहकारिता महाविद्यालय और प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना पर भी गंभीर चर्चा हुई। पूर्व में लिए गए निर्णय के आधार पर भूमि उपलब्ध कराने, पाठ्यक्रम तय करने और निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। 20 जून 2025 को सभी प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में वार्षिक आमसभा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि आमसभा में अधिक से अधिक सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्हें उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी जाए। शेयरधारकों को लाभांश का वितरण भी आमसभा में किया जाए। बैठक में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र कुमार और निबंधक सहयोग समितियां इनायत खान भी मौजूद रहीं। दोनों अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से जानकारी दी और आगामी कार्यों को लेकर रणनीति प्रस्तुत की।

# सहकारिता में सहकार अभियान के तहत 2 जून से राज्य के सभी जिलों में होगी कार्यशालाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अन्तर्गत बिहार में 'सहकारिता में सहकार' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सहकारिता क्षेत्र में समन्वय, जागरूकता तथा क्षमता का विकास किया जा रहा है। इसी कड़ी में बिहार सरकार के सहकारिता विभाग द्वारा 2 जून से 30 जून तक बिहार के सभी 38 जिलों में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 'सहकारिता में सहकार' कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) और प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों (पी.डी.सी.एस) को जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. पटना के माध्यम से विभिन्न बैंकिंग सेवाओं की सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके पीछे कोशिश है कि बैंकिंग सुविधाओं का लाभ सामाजिक-आर्थिक पिरामिड के निम्नतर स्तर तक पहुंच सके। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष में समाज के कमजोर तबको को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ कर सहकारिता के माध्यम से सशक्त बनाने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही पैक्सों और प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों (पी.डी.सी.एस) और अन्य सभी सहकारी समितियों के सभी सदस्यों को माइक्रो ए.टी.एम द्वारा डोर स्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना, इन्हें के.सी.सी वितरित कर रियायती ब्याज दर पर कृषि ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना भी इसका उद्देश्य है। इन कार्यशालाओं के सफल आयोजन के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी और प्रबंध निदेशक, डीसीसीबी को सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित करने का दायित्व सौंपा गया है। संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियां को कार्यक्रम के अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। कॉम्फेड के निर्देशानुसार दुग्ध समितियों और उनके पदाधिकारियों की भी इसमें भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। यह कार्यशाला न केवल प्रशिक्षण का माध्यम होगी, बल्कि इसे जन-जागरूकता अभियान के रूप में भी आयोजित किया जाएगा। सहकारिता विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मियों से निर्धारित तिथियों पर कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने शनिवार को प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। इसके अनुसार प्रदेश कमेटी में 5 महामंत्री, 13 उपाध्यक्ष, 14 मंत्री सहित एक कोषाध्यक्ष और दो सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। कुल 35 नेताओं को प्रदेश पदाधिकारियों में जगह दी गई है। प्रदेश उपाध्यक्षों में सिद्धार्थ शंभू, प्रमोद चंद्रवंशी (विधान पार्षद), राजेंद्र सिंह, अमृता भूषण, डॉ धर्मशिला गुप्ता, सरोज रंजन पटेल, धीरेन्द्र कुमार सिंह, संजय खंडेलिया, संतोष पाठक, बेबी कुमारी, ललिता कुशवाहा, अशोक सहनी और अनामिका पासवान के नाम हैं। महामंत्रियों में शिवेश राम, राजेश वर्मा, राधामोहन शर्मा, लाजवंती झा और राकेश कुमार शामिल हैं। सूची के अनुसार संतोष रंजन राय, रवेश कुमार कुशवाहा, संजय गुप्ता, त्रिविक्रम सिंह, धनराज शर्मा, नन्दलाल चौहान, रीता शर्मा, भीम साहू, अजय यादव, अनिल ठाकुर, मुकेश शर्मा, मनोज सिंह, शोभा सिंह, पूनम रविदास को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी को बनाया गया है जबकि आशुतोष शंकर सिंह और नितिन अभिषेक सह कोषाध्यक्ष बनाये गए हैं।

# बिहार नेवल यूनिट एनसीसी में पदग्रहण समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार नेवल युनिट एन सी सी में पदग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव-निर्वाचित कैडेट को औपचारिक रूप से उनके दायित्व सौंपे गए। समारोह की शुरुआत नव चयनित कैडेट की प्रभावशाली मार्च पास्ट से हुई जिसमें उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व और गर्व का परिचय दिया। पूरा यूनिट परिसर तालियों की गूंज और उत्साहपूर्ण वातावरण से गूंज उठा। बिहार नेवल युनिट एन सी सी के कमान अधिकारी कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कैडेट को ईमानदारी, निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात कैडेट सुमंत कुमार को सिनियर कैडेट कैप्टन,



कैडेट हरि ओम शांडिल्य एवं कैडेट अभिषेक कुमार को कैडेट कैप्टन, कैडेट खुशी कुमारी एवं कैडेट मुस्कान शर्मा को कैडेट कैप्टन एवं अन्य 12 कैडेट को पीओ कैडेट रैंक पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कैडेट ने पद की शपथ ली जिसमें उन्होंने एन सी सी की गरिमा बनाए रखने और अपने कार्यों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। कमान अधिकारी ने अपने संबोधन में नेतृत्व, टीमवर्क और सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैडेट को प्रेरित किया कि वे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें और एन सी सी को गौरवान्वित करें। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और एन सी सी गान के साथ हुआ। यह समारोह न केवल चयनित कैडेट के लिए एक विशेष अवसर था बल्कि सभी कैडेट के लिए प्रेरणा का स्रोत भी सिद्ध हुआ।

# 80 प्रतिशत ओरल कैंसर का कारण तम्बाकू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर एनजीओ हेल्पलाइन पटना के सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि 80 प्रतिशत ओरल कैंसर का मुख्य कारण तम्बाकू का सेवन है। तंबाकू का सेवन कमोवेश पूरे भारत में धड़ल्ले से हो रहा है। बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, गांजा, स्मैक, चरस, हीरोइन का सेवन शराबबंदी के बाद बिहार में काफी बढ़ गया है। किशोर और नौजवानों में यह लत तेजी से फैल रहा है जो चिंता का विषय है। सरकारी तंत्र इसे रोकने में फेल हो चुकी है। नशा के सौदागरों का पहुंच



सत्ता के गलियारों तक है। बिहार में हर परिवार में तंबाकू का सेवन हो रहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जन चेतना चलाने की जरूरत है। सभी शिक्षण संस्थानों में इस सेमिनार, रैली, पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित किया जाए। फाउंडेशन में सदस्यता ग्रहण करने के लिए यह सख्त नियम बनाया गया है कि नशा से हर हाल में आपको दूर ही रहना होगा।

# मुजफ्फरपुर की दुष्कर्म पीड़िता को मिले बेहतर उपचार, दोषियों को मिले कड़ी सजा : कांग्रेस


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि जब मुझे इस बात की जानकारी हुई कि मुजफ्फरपुर के कुढ़नी की दुष्कर्म पीड़िता 9 साल की दलित बच्ची को 5 घंटों से एंबुलेंस में बेड के लिए इंतजार करना पड़ रहा है जिससे उसकी और तबियत बिगड़ रही है तो मैं स्वयं पीएमसीएच पहुंचा। पीएमसीएच में बेड के लिए मुझे खुद घंटों प्रयास करना पड़ा और सक्षम अधिकारियों से गुहार के बाद पीएमसीएच में बेड मिला। दुष्कर्म पीड़िता दलित बच्ची के ससमय मेडिकल बुलेटिन जारी हो जिससे उसके स्वास्थ्य की जानकारी




मीडिया के माध्यम से मिलती रहे। साथ ही आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई हो। जनता दल यूनाइटेड और भाजपा की सरकार ने चप्पे-चप्पे को अपराधियों के हवाले कर दिया है। दलितों और पीड़ितों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। मुजफ्फरपुर के कुढ़नी में नौ वर्षीय दलित बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाता सम्मेलन को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष डॉ शरवत जहां फातिमा एवं विधायक प्रतिमा कुमारी दास ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में कुढनी प्रखंड में 9 साल की दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। यह घटना हैवानियत की हद है, लड़की के गर्दन को चाकू से रेत दिया गया और फिर उसे ईंट भट्ठे के गड्ढे में फेंक दिया गया है। लड़की के शरीर पर 20 जगहों पर चाकू के जख्म के निशान मिले हैं। बच्ची का गला रेत कर उसकी हत्या का प्रयास किया गया है। स्पीडी ट्रायल चला कर उसे सजा दिलवाई जाएं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत फातिमा अस्पताल पहुंची। उन्होंने बताया कि पीड़ित बच्ची की हालात बहुत नाजुक है और सही इलाज न मिलने पर उन की जान पर बन आई है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष फातिमा ने आगे बताया कि ये घटना 26 तारीख की है, लेकिन सरकार व प्रशासनिक बेरुखी की वजह से बच्ची की हालात खतरे में है।

# हिंदी राजभाषा कार्यशाला एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय भूमि जल, मध्य पूर्वी-क्षेत्र, पटना में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में हिंदी राजभाषा कार्यशाला एवं विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने मिशन लाइफ के तहत विश्व पर्यावरण कार्यक्रम (22 मई से 5 जून 2025) के अवसर पर वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम पर चर्चा की तथा उन्होंने राजभाषा के प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया। इस कार्यशाला में शाल्मली सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त बिहार एवं झारखंड, पटना द्वारा मसौदा लेखन, टिप्पणी और सामान्य कार्यालय पत्राचार पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

# प्रोफेसर देबाशीष भट्टाचार्य का संस्थान में आगमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना को एक महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ जब मूर्तिकला क्षेत्र के सुप्रसिद्ध विद्वान एवं रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता के दृश्य कला संकाय के प्रोफेसर देबाशीष भट्टाचार्य ने संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ संस्थान के क्यूरेटर ने मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। प्रोफेसर भट्टाचार्य ने सबसे पहले संस्थान के संग्रहालय का अवलोकन किया जहां उन्होंने स्वर्गीय उपेंद्र महारथी की दूरदर्शी कलात्मक सोच को नमन करते हुए संग्रहित पारंपरिक एवं समकालीन हस्तशिल्प कृतियों का गहन अध्ययन किया। उन्होंने संग्रहालय में प्रदर्शित शिल्पकलाओं जैसे मधुबनी चित्रकला, सिक्की कला, पटचित्र,



लकड़ी शिल्प, धातु मूर्तियां और टेराकोटा आदि की प्रशंसा करते हुए इनके संरक्षण और संवर्धन की दिशा में संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने हैंडिक्राफ्ट प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया जहां परंपरागत शिल्पों की विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षकों से संवाद स्थापित कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की संरचना एवं प्रशिक्षुओं की भागीदारी की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के अगले चरण में प्रोफेसर भट्टाचार्य ने संस्थान परिसर में स्थित 'पटना हाट' का दौरा किया। इस हाट में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए दस्तकारों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर दस्तकारों से संवाद किया, उनके उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को समझा तथा पारंपरिक शिल्पों की जीवंतता को महसूस किया।

# श्री कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज का स्थापना समारोह प्रारम्भ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के तत्वावधान में कमलदह स्थित दिगम्बर जैन मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज स्थापना का दो दिवसीय समारोह पूरे भक्ति एवं श्रद्धा से आरम्भ हुआ। मौके पर मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि मंदिर का शिखर पहले बन चुका था, लेकिन शिखर पर कलशारोहण एवं ध्वजा रोहण नहीं हो पाया था। आज जैन मुनि विशल्य सागर जी के सानिध्य में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस पूरे आयोजन को सम्पन्न करा रहे रायपुर से पधारे विख्यात ज्योतिषचार्य एवं वास्तुविद प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर अजित शास्त्री जी। कार्यक्रम में अभिषेक, शांतिधारा, घटयात्रा, ध्वजारोहण, मण्डपशुद्धि, इंद्र प्रतिष्ठा, सकलिकरण, कलश शुद्धि, पूजन तथा यागमण्डल विधान किया गया। प्रातः अभिषेक के बाद शांतिधारा करने का सौभाग्य दीपक कासलीवाल को प्राप्त हुआ। महिलाओं ने घट यात्रा निकाली।

# राहुल गांधी 6 जून को आयेंगे बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 6 जून को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस बार वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में हुंकार भरेंगे। नालंदा के राजगीर में राहुल गांधी 'अति पिछड़ा वर्ग सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। यह आयोजन राजगीर के कन्वेंशन सेंटर में होगा। इस सम्मेलन के जरिए राहुल गांधी पिछड़ा और अति पिछड़ा वोटबैंक को साधने का प्रयास करेंगे। गैर यादव पिछड़ा और अति पिछड़ा नीतीश कुमार का पारंपरिक वोट बैंक माना जाता है। कांग्रेस की कोशिश इससे सेंधमारी करने की है। कांग्रेस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल गांधी पटना एयरपोर्ट पर उतरेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा सीधे नालंदा रवाना होंगे। सम्मेलन के दौरान वे अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के लोगों से संवाद करेंगे। मालूम हो कि राहुल गांधी का यह कार्यक्रम पहले 27 मई को निर्धारित था, लेकिन राजगीर में हॉल उपलब्ध नहीं होने के कारण इसे स्थगित कर 6 जून को निर्धारित किया गया है। इस चुनावी साल में राहुल गांधी का पिछले 5 महीनों में पांचवां बिहार दौरा होगा। इससे पहले वे 18 जनवरी, 4 फरवरी, 7 अप्रैल और 15 मई को भी बिहार का दौरा कर चुके हैं। राहुल गांधी के लगातार दौरों से कांग्रेस राज्य में अपने संगठन को सक्रिय और मजबूत करने की कोशिश में जुटी है। सूत्रों ने बताया कि सम्मेलन में राज्य और जिला स्तर के कांग्रेस नेता शामिल होंगे। साथ ही बड़ी संख्या में ईबीसी के लोगों के शामिल होने की संभावना है। अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) बिहार की आबादी का एक बड़ा हिस्सा है। बिहार की राजनीति में इन वर्गों की अहम भूमिका रही है। लालू यादव की राजनीति इसी आधार पर फली-फूली और अब कांग्रेस उसी सामाजिक आधार को पुनः जाग्रत करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री के गढ़ नालंदा में जाकर राहुल गांधी यह संदेश देना चाहते हैं कि कांग्रेस अब सिर्फ सहयोगी नहीं, स्वतंत्र पहचान के साथ मैदान में उतरने को तैयार है। राहुल गांधी का लगातार बिहार आना बताता है कि अब बिहार को गंभीरता से लिया जा रहा है, न कि केवल सहयोगी दलों के भरोसे छोड़ा जा रहा है।

## संपादकीय

# किसानों की उम्मीदें और चुनौतियां

सरकार ने चालू वित्तवर्ष में खरीफ फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की घोषणा कर दी है। हर वर्ष फसल की बुआई से पहले फसलों की एमएसपी घोषित की जाती है। इस वर्ष धान की फसल के लिए पिछले वर्ष की तुलना में न्यूनतम समर्थन मूल्य उनहत्तर रुपए प्रति कुंतल बढ़ा दिया गया है। इसी तरह कुल चौदह फसलों का एमएसपी घोषित किया गया है, जिनमें दलहनी फसलें और मोटे अनाज शामिल हैं।सरकार का दावा है कि यह बढ़ोतरी उसके वादे के अनुरूप है, जिसमें उत्पादन लागत का कम से कम पचास फीसद अधिक एमएसपी तय किया जाता है। इसके अलावा, ब्याज सबवेंशन योजना के तहत किसानों को खेती और बागवानी के लिए तीन लाख रुपए तक और कृषि सहायक उद्यमों जैसे पशुपालन और मछली पालन के लिए दो लाख रुपए तक का कर्ज रियायती दर पर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। कहा जा रहा है कि इससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा और कृषि क्षेत्र में सुधार नजर आएगा। पर इन घोषणाओं से किसान संगठन कितने खुश हो पाते हैं, देखने की बात होगी, क्योंकि वे लंबे समय से न्यूनतम समर्थन मूल्य में विसंगतियों और कृषि सुविधाओं में कमी के मुद्दे उठाते रहे हैं।किसानों की स्थिति बेहतर करने के मकसद से स्वामीनाथन समिति का गठन किया गया था, जिसने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनना चाहिए। फिर, उत्पादन लागत में किसानों के पारिवारिक श्रम की कीमत भी जोड़ी जानी चाहिए। मौजूदा सरकार ने वादा किया था कि किसानों को उनकी फसलों की कीमत लागत की डेढ़ गुना तक दी जाएगी। मगर न्यूनतम समर्थन मूल्य के निर्धारण में किसानों के पारिवारिक श्रम की कोई कीमत नहीं आंकी जाती। फिर, बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई आदि पर आने वाले खर्च को भी ठीक से नहीं आंका जाता, जिसकी वजह से लागत और अंतिम मूल्य में बहुत अंतर नहीं रह जाता।खासकर धान जैसी फसलों पर उत्पादन लागत अधिक बैठती है। फिर भी, न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों में फसल बोने को लेकर उत्साह बनता है। पर यह शिकायत आम है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य तय होने के बावजूद आढ़ती उस कीमत पर किसानों से फसलें नहीं खरीदते। ज्यादातर मामलों में उससे कम, बल्कि कई बार किसान काफी कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होते हैं। इस पर रोक लगाने का कोई उपाय अभी तक नहीं किया गया है। इसीलिए एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने की मांग जोर पकड़ती रही है।सरकार का वादा है कि वह किसानों की आय दोगुनी करेगी। इसके मद्देनजर कई योजनाएं भी चलाई गई हैं। किसान क्रेडिट कार्ड भी उसी में एक है। पर किसानों की दशा में कोई उल्लेखनीय सुधार नजर नहीं आ पा रहा, तो इसकी कुछ वजहें साफ हैं। एक तो, देश के अस्सी फीसद से ऊपर सीमांत किसान हैं, जो किसी तरह अपने परिवार के गुजारे भर की फसल पैदा कर पाते हैं।

**भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, नये बनते भारत में यह भूमिका अधिक महसूस की जा रही है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुँचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी 'कलकत्ता' से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था।**

# हिन्दी पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, मिशन बनाना होगा

(ललित गर्ग)

आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है।

भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, नये बनते भारत में यह भूमिका अधिक महसूस की जा रही है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुँचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी 'कलकत्ता' से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। भले ही अब यह समाचार पत्र बंद हो गया है, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, वीर अर्जुन आदि प्रमुख हैं। बीसवीं शताब्दी के चौथे-पांचवें दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए। लोकतंत्र में मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में खड़ा है, पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम देश की वर्तमान स्थिति से अवगत रहते हैं। पत्रकार अथक परिश्रम करते हैं, ताकि समाचार हमारे घर तक तुरंत पहुंचे। चाहे अखबारों के जरिए हो, टीवी चैनलों के जरिए हो या सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के जरिए, नित-नये बनते एवं बदलते समाज में पत्रकारिता की शक्ति को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और सूचित संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हिन्दी पत्रकारिता में क्रांतिकारिता का रंग गणेश शंकर विद्यार्थी ने भरा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से 9 नवंबर 1913 को 16 पृष्ठ का 'प्रताप' समाचार पत्र शुरू किया था। यह काम शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदा नंदन ने मिलकर किया था। शिव नारायण मिश्र और गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप' को अपनी कर्मभूमि बना लिया। विद्यार्थीजी के समाचार पत्र प्रताप से क्रांतिकारियों को काफी बल मिला। मुंशी प्रेमचंद महान् लेखक-कहानीकार होने के साथ-साथ हिन्दी के क्रांतिकारी एवं जुझारू पत्रकार थे, उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके



पत्रकारीय योगदान को लगभग भूला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी करते थे। मेरा सौभाग्य है कि मैं राजस्थान के यशस्वी पत्रकार स्व. श्रीरामस्वरूप गर्ग के पुत्र होने के नाते विरासत में पत्रकारिता के मूल्यों को आत्मसात करने का मौका मिला। उन्होंने 1936 एवं उसके बाद के दौर में 'राष्ट्रवाणी' एवं 'परिवर्तन' जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन एवं सम्पादन किया। वे राजस्थान के प्रतिष्ठित दैनिक नवज्योति के साप्ताहिक रूप में निकले प्रारंभिक अंकों के सम्पादक रहे। इसका प्रारंभ पण्डित जवाहरलाल नेहरू के निजी सचिव रहे श्री रामनारायण चौधरी ने किया था।

आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है।

अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।' उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए हिन्दी पत्रकारिता को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें सत्ता, तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन तलवार से भी धारदार कलम इसीलिये इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता कई संकटों का सामना कर रहे हैं- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, साम्प्रदायिकता एवं अंधधार्मिकता, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच हिन्दी पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के कारण ही यह भूमिका महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं। कभी-कभी भारत में हिन्दी पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे जैसा भी प्रतीत होता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बड़ी सचाई है कि इन्हीं पत्रकारों के बल पर हमें आजादी मिली है। पत्रकारिता लोकहित में सरकार को कदम उठाने का रास्ता सुझाती रहती है, इसीलिए उसकी विश्वसनीयता होती है। मगर सरकारें जब उसके मूल स्वभाव को ही बदलने का प्रयास करती हैं, तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रहार करती हैं। ऐसे में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ न होकर प्रचारतंत्र में तब्दील होने लगती है। पत्रकारिता आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों को दूर करने में मदद करती है। उसका लाभ उठाने के बजाय अगर उसका गला घोटने का प्रयास होगा, तो सही अर्थों में विकास का दावा नहीं किया जा सकता, नया भारत-सशक्त भारत निर्मित नहीं किया जा सकता। अगर कोई सरकार सचमुच उदारवादी और लोकतांत्रिक होगी, तो वह आलोचना से कुछ सीखने का प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिन्दी पत्रकारिता के प्रति हमारे अविश्वसनीय समर्थन को दोहराने की बात कही है जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है।'

हिन्दी पत्रकारिता कभी मिशन था, आज व्यवसाय बन गया है। आजादी के आंदोलन तक मिशन रहा। धीरे?धीरे इसमें व्यापारी आने लगे। औद्योगिक घराने उतर गए। इनका उद्देश्य समाज सेवा नही रहा, व्यापार हो गया। ये व्यापार करने लगे। वह छापने लगे जिससे इन्हें लाभ हो। डिजिटल युग में टीआरपी और व्यूज़ ही सफलता का पैमाना बन गए हैं। गंभीर पत्रकारिता की जगह सनसनीखेज खबरें, गॉसिप, और 'डिबेट तमाशों' ने ले ली है। तथ्य की जगह धारणा, विश्लेषण की जगह उत्तेजना, और संवाद की जगह शोर ने कब्जा कर लिया है।

एंकर शोर मचाकर चीखकर पाठकों को आकर्षित करन में लगे हैं। हिन्दी पत्रकारिता ऐसी अनेक चुनौतियों एवं विसंगतियों का सामना कर रही है। बीते कुछ वर्षों में पत्रकारिता का स्तर चिंताजनक रूप से गिरा है, जबकि पत्रकारों की प्रसिद्धि, प्रभाव और पहुंच पहले से कहीं अधिक बढ़ी है। यह विरोधाभास क्यों? पत्रकार बड़े होते जा रहे हैं, पर पत्रकारिता एवं उसके मूल्य-मानक क्यों सिकुड़ रहे है? आज फेसबुक पत्रकार, न्यूज पोर्टल चलाने वाले पत्रकार, यूट्यूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों की देश में बाढ़ सी आ गई है। टीवी पत्रकारिता का वर्चस्व बढ़ रहा है, बड़े एवं बहु-संस्करणों के दैनिक अखबार भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

# आपरेशन सिंदूर और शल्यवादी विपक्ष

(राकेश सैन)

'ऑपरेशन सिन्दूर' के स्थगित होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र बीकानेर के पलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी।

महाभारत संग्राम में एक सिद्धांत निकल कर आया 'शल्यवाद।' माद्रीपुत्र नकुल-सहदेव के मामा माद्रा (मद्रदेश) के राजा शल्य थे। महाभारत में पाण्डवों के पक्ष में युद्ध करने आए शल्य का दिल अतिथि सत्कार से जीत कर दुर्योधन ने छल से उन्हें अपने खेमे में कर लिया। उन्होने कर्ण का सारथी बनना



स्वीकार किया और कर्ण की मृत्यु के पश्चात् युद्ध के अंतिम दिन कौरव सेना का नेतृत्व भी किया और युधिष्ठिर के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। वे कर्ण के सारथी तो बन गये किन्तु उन्होंने युधिष्ठिर को यह भी वचन दिया कि वे चाहे खड़े कौरव सेना के साथ दिखेंगे परन्तु युद्ध पाण्डवों के पक्ष में ही लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने अपने वचनों से कौरवों को ही हतोत्साहित करना शुरू किया। अपने ही लोगों का मनोबल तोडने् की नीति 'शल्यवाद' कहाती है। वर्तमान में आपरेशन सिंदूर के बाद भारत का विपक्ष भी इसी शल्यवादी की नई परिभाषा लिखता दिखाई दे रहा है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए आपरेशन सिंदूर के दौरान विपक्षी दलों ने चाहे देश व सरकार के साथ एकजुटता जताने की बात कही परन्तु पूरे आपरेशन के दौरान विपक्षी नेताओं की कंटीली जिव्हा देश को मर्माहत करती रही।

'आपरेशन सिन्दूर' को लेकर सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस ने 'आपरेशन' के स्थगित होने के बाद जो कुछ कहा है वह सबकुछ उसकी एकजुटता की प्रतिबद्धता के विपरीत दिखाई देता है। आपरेशन स्थगित होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं ने जो कहा है वह दुश्मन देश को सांत्वना देने वाला था। इसलिए वहां के मीडिया ने उसे हाथों हाथ लपका। खड्गे ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' को एक छोटी-मोटी झड़प बताया वहीं राहुल गांधी ने विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा 'आपरेशन सिन्दूर' को लेकर दिये बयानों पर पलटवार करते हुए जो कहा उससे उनकी अपनी और कांग्रेस पार्टी की छवि ही कमज़ोर हुई। कांग्रेस नेता ने 'ऑपरेशन सिन्दूर के संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की एक कथित टिप्पणी को लेकर कहा कि यह 'पाप' है और 'सिन्दूर का सौदा' है, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्री को जवाब देना चाहिए। राहुल ने तो यहां तक पूछा कि हमने कितने भारतीय विमान गंवा दिए क्योंकि पाकिस्तान को पहले से पता था। उन्होंने कहा कि देश को सच जानने का पूरा हक है।

कांग्रेस और राहुल गांधी ने जयशंकर के एक बयान का वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया है कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमलों से पहले, भारत सरकार ने पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया था। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने इस तरह के दावों को गलत बताया था कि विदेश मंत्री जयशंकर ने सात मई को 'ऑपरेशन सिन्दूर' शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सुचेत किया था।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश मंत्री के बयान पर कुछ सवाल पूछे हैं। यह बहुत अहम है, क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अलग-अलग देशों में एक बात दोहराते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाने के लिए मध्यस्थता की। ट्रंप ने एक बहुत खौफनाक बात यह भी बोली कि उन्होंने भारत को व्यापार रोकने की धमकी देकर युद्ध रुकवाया। यानी 'सिन्दूर का सौदा' होता रहा, प्रधानमंत्री चुप रहे। विदेश मंत्री के मुंह से एक शब्द नहीं निकल रहा है। 'ऑपरेशन सिन्दूर' के स्थगित होने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र बीकानेर के पलाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह कीमत पाकिस्तान की सेना और उसकी अर्थव्यवस्था चुकाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा, न टॉक, अब तो सिर्फ पीओके पर बात होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार पाकिस्तान को सीधे चेताया और भविष्य में आतंकी गतिविधियों पर आरपार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी परन्तु वह इस एयरबेस को रत्तीभर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया।

**'हिंदुस्थानियों के हित के हेत' इस उद्देश्य के साथ 30 मई, 1826 को भारत में हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी जाती है। पत्रकारिता के अधिष्ठाता देवर्षि नारद के जयंती प्रसंग (वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया) पर हिंदी के पहले समाचार-पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन होता है। इस सुअवसर पर हिंदी पत्रकारिता का सूत्रपात होने पर संपादक पंडित युगलकिशोर समाचार-पत्र के पहले ही पृष्ठ पर अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हुए उदंत मार्तंड का उद्देश्य स्पष्ट करते हैं। आज की तरह लाभ कमाना उस समय की पत्रकारिता का उद्देश्य नहीं था। भारत की स्वतंत्रता से पूर्व प्रकाशित ज्यादातर समाचार-पत्र आजादी के आंदोलन के माध्यम बने।**

# 'देशहित' से ही बचेगी पत्रकारिता की साख

(लोकेन्द्र सिंह राजपूत)

पत्रकारिता का केवल एक ही पक्ष होना चाहिए- देशहित। कलम का जनता के पक्ष और देशहित में चलना ही उसकी सार्थकता है। पत्रकारिता में हमें जरूर ध्यान रखना चाहिए कि हमारे शब्दों एवं प्रश्नों से राष्ट्र की प्रतिष्ठा पर आँच न आए।

'हिंदुस्थानियों के हित के हेत' इस उद्देश्य के साथ 30 मई, 1826 को भारत में हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी जाती है। पत्रकारिता के अधिष्ठाता देवर्षि नारद के जयंती प्रसंग (वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया) पर हिंदी के पहले समाचार-पत्र 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन होता है। इस सुअवसर पर हिंदी पत्रकारिता का सूत्रपात होने पर संपादक पंडित युगलकिशोर समाचार-पत्र के पहले ही पृष्ठ पर अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हुए उदंत मार्तंड का उद्देश्य स्पष्ट करते हैं। आज की तरह लाभ कमाना उस समय की पत्रकारिता का उद्देश्य नहीं था। भारत की स्वतंत्रता से पूर्व प्रकाशित ज्यादातर समाचार-पत्र आजादी के आंदोलन के माध्यम बने। अंग्रेज सरकार के विरुद्ध मुखर रहे। यही रुख उदंत मार्तंड ने अपनाया। अत्यंत कठिनाईयों के बाद भी पंडित युगलकिशोर उदंत मार्तंड का प्रकाशन करते रहे। किंतु, यह संघर्ष लंबा नहीं चला। हिंदी पत्रकारिता के इस बीज की आयु 79 अंक और लगभग डेढ़ वर्ष रही। इस बीज की जीवटता से प्रेरणा लेकर बाद में हिंदी के अन्य समाचार-पत्र प्रारंभ हुए। आज भारत में हिंदी के समाचार-पत्र सबसे अधिक पढ़े जा रहे हैं। प्रसार संख्या की दृष्टि से शीर्ष पर हिंदी के समाचार-पत्र ही हैं। किंतु, आज हिंदी पत्रकारिता में वह बात नहीं रह गई, जो उदंत मार्तंड में थी। संघर्ष और साहस की कमी कहीं न कहीं दिखाई देती है। दरअसल, उदंत मार्तंड के घोषित उद्देश्य 'हिंदुस्थानियों के हित के हेत' का अभाव आज की हिंदी पत्रकारिता में दिखाई दे रहा है। हालाँकि, यह भाव पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन बाजार के बोझ तले दब गया है। व्यक्तिगत तौर पर मैं मानता हूँ कि जब तक अंश मात्र भी 'देशहित' पत्रकारिता की प्राथमिकता में है, तब तक ही पत्रकारिता जीवित है।

आवश्यकता है कि प्राथमिकता में यह भाव पुष्ट हो, उसकी मात्रा बढ़े। समय आ गया है कि एक बार हम अपनी पत्रकारीय यात्रा का सिंहावलोकन करें। अपनी पत्रकारिता की प्राथमिकताओं को जरा टटोलें। समय के थपेडों के साथ आई विषंगतियों को दूर करें। समाचार-पत्रों या कहें पूरी पत्रकारिता को अपना अस्तित्व बचाना है, तब उदंत मार्तंड के उद्देश्य को आज फिर से अपनाना होगा। अन्यथा सूचना के डिजिटल माध्यम बढ़ने से समूची पत्रकारिता पर अप्रासंगिक होने का खतरा मंडरा ही रहा है।

असल में आज की पत्रकारिता के समक्ष अनेक प्रकार की चुनौतियां मुंहबांए खड़ी हैं। यह चुनौतियां पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों से डिगने के कारण उत्पन्न हुई हैं। पूर्वजों ने जो सिद्धांत और मूल्य स्थापित किए थे, उनको साथ लेकर पत्रकारिता मिशन से प्रोफेशन की ओर जाती, तब संभवत-कम समस्याएं आतीं। क्योंकि मूल्यों और सिद्धांतों की उपस्थिति में प्रत्येक व्यवसाय में मर्यादा और नैतिकता का ख्याल रखा जाता है। किंतु, जैसे ही हम तय सिद्धांतों से हटते हैं, मर्यादा को लांघते हैं, तब स्वाभाविक तौर पर चुनौतियां सामने आने लगती हैं। नैतिकता के प्रश्न भी खड़े होने लगते हैं। यही आज मीडिया के




साथ हो रहा है। मीडिया के समक्ष अनेक प्रश्न खड़े हैं। स्वामित्व का प्रश्न। भ्रष्टाचार का प्रश्न। मीडिया संस्थानों में काम करने वाले पत्रकारों के शोषण, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रश्न हैं। वैचारिक पक्षधरता के प्रश्न हैं। 'भारतीय भाव' को तिरोहित करने का प्रश्न। इन प्रश्नों के कारण उत्पन्न हुआ सबसे बड़ा प्रश्न- विश्वसनीयता का है।

यह सब प्रश्न उत्पन्न हुए हैं पूँजीवाद और कम्युनिज्म के उदर से। सामान्य-सा फलसफा है कि बड़े लाभ के लिए बड़ी पूँजी का निवेश किया जाता है। आज अखबार और न्यूज चैनल का संचालन कितना महंगा है, हम सब जानते हैं। अर्थात् मौजूदा दौर में मीडिया पूँजी का खेल हो गया है। एक समय में पत्रकारिता के व्यवसाय में पैसा 'बाय प्रोडक्ट' था। लेकिन, उदारीकरण के बाद बड़ा बदलाव मीडिया में आया है। 'बाय प्रोडक्ट' को प्रमुख मान कर अधिक से अधिक धन उत्पन्न करने के लिए धन्नासेठों ने समाचारों का ही व्यवसायीकरण कर दिया है। यही कारण है कि मीडिया में कभी जो छुट-पुट भ्रष्टाचार था, अब उसने संस्थागत रूप ले लिया है। वहीं, कम्युनिस्टों ने अपनी विचारधारा के प्रसार और भारतीयता को कमजोर करने के लिए पत्रकारिता को एक साधन के रूप में अपनाया। आज भी मीडिया में कम्युनिस्टों की पकड़ साफ दिखायी देती है। इसलिए वे जब चाहते हैं, भारत विरोधी विमर्श खड़े कर देते हैं।

इस्लामिक आक्रामकता पर पर्दा डालने और हिन्दुओं को सांप्रदायिक सिद्ध करने में कम्युनिस्ट पत्रकारों ने ऐड़ी-चोटी का जोर लगाया है। अभी हाल ही में भोपाल में 'लव जिहाद' का बड़ा मामला सामने आया, जिसमें आरोपी मुस्लिम लड़के भी स्वीकार कर रहे हैं कि हिन्दू लड़कियों को धोखे स फंसाना और उनका यौन शोषण करना, उनके लिए सवाब का काम है। जब हिन्दी के प्रमुख समाचारपत्रों ने मुस्लिम लड़कों की इस स्वीकारोक्ति को प्रकाशित किया, तब कम्युनिस्ट माइंडसेट के मीडियाकर्मियों को बहुत बुरा लगा। उन्होंने अपने संस्थानों के डिजिटल एवं प्रिंट संस्थानों में इसके खिलाफ लिखना शुरू कर दिया। मतलब सच सामने नहीं आना चाहिए। भले ही हिन्दू लड़कियां मजहबी दरिंदों का शिकार होती रहें। पता नहीं उन्हें सच्ची बात लिखना, सांप्रदायिकता और मुस्लिम विरोध क्यों लगता है? इस्लामिक अपराध पर पर्दा डालने के लिए इसी प्रकार के कम्युनिस्ट एक से बढ़कर एक चालाकियां दिखाते हैं। जब कोई मौलवी दुष्कर्म या किसी आपराधिक कृत्य में पकड़ा जाता है, तब ये उसके लिए मौलवी या औलिया नहीं अपितु साधु या बाबा शब्द का उपयोग करते हैं। लोगों को इसी प्रकार भ्रमित करने की पत्रकारिता कम्युनिस्टों ने की है। हिन्दुओं की मॉब लिंचिंग के समाचार को सिंगल कॉलम में कहीं छिपा दिया जाता है, जबकि मुस्लिम व्यक्ति की मॉब लिंचिंग पर भारत से लेकर अमेरिका तक के समाचारपत्रों के प्रथम पृष्ठ से लेकर संपादकीय पृष्ठ तक रच दिए जाते हैं। यह दोहरा आचरण ही दोनों समुदायों के बीच नफरत फैलाता है।

ऐसे ही कुछ तथाकथित विद्वानों ने यह भ्रम भी पैदा कर दिया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पत्रकारिता की भूमिका विपक्ष की है। जिस प्रकार विपक्ष ने हंगामा करने और प्रश्न उछालकर भाग खड़े होने को ही अपना कर्तव्य समझ लिया है, ठीक उसी प्रकार कुछ पत्रकारों ने भी सनसनी पैदा करना ही पत्रकारिता का धर्म समझ लिया है। लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की विराट भूमिका से हटाकर न जाने क्यों पत्रकारिता को हंगामाखेज विपक्ष बनाने का प्रयत्न किया जा रहा है?

# पुलिस प्रशासन, लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर व लायंस फेमिना के मेगा हेल्थ चेकअप कैंप में उमड़ा पुलिस परिवार



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर स्वास्थ्य, सेवा व समाज के लिए समर्पण की एक नई मिशाल प्रस्तुत कर दिया है। पुलिस प्रशासन, लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर व लायंस फेमिना के संयुक्त तत्वावधान में से स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में भव्य मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। आयोजन केवल स्वास्थ्य परीक्षण तक सीमित नहीं रहा बल्कि समाज के प्रति जागरूकता, रक्तदान व तंबाकू निषेध जैसे सामाजिक सरोकारों का भी सशक्त मंच बन गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि लायंस क्लब आफ डालटनगंज ने बड़ा ही नेक काम किया है। पुलिस जवानों, उनके बच्चे व परिवार के स्वस्थ की चिंता की है। मेगा हेल्थ चेकअप कैंप में पलामू सहित रांची के ख्याति प्राप्त चिकित्सक आकर पुलिस व उनके परिजन का इलाज कर रहे हैं, यह बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि पुलिस को तनाव वाली ड्यूटी रहती है। खानपान का रूटीन अन्य लोगों से अलग होता है। इसके कारण उनका शारीरिक व मानसिक स्थिति पर खराब प्रभाव पड़ता है। ऐसे में किस प्रकार से स्वस्थ रहना है व दवा का सेवन करना है, चिकित्सकों के गाइडलाइंस से पुलिस व उनके परिजन बेहतर जिंदगी जी सकते हैं। कहा कि निशुल्क कैंप में ब्लड जांच व ईसीजी से लेकर दवा भी दी जा रही है। इतनी गर्मी के बावजूद भी पुलिस जवान व उनके परिजन मेगा कैंप में आकर अपना इलाज कर रहे हैं। इस तरह के आयोजन के लिए लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करते हैं। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ, अभियान एसपी राकेश कुमार सिंह, सिविल सर्जन डा अनिल सिंह, पूर्व सिविल सर्जन डा आरपी सिन्हा, फेमिना की अध्यक्ष ममता तुलस्यान, लीली मिश्रा व संगीता शरण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने सभी अतिथियों सहित चिकित्सकों का स्वागत किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन व गुरूवीर सिंह व ममता तुलस्यान ने संयुक्त रूप से अभियान एसपी राकेश सिंह को बुके व फूल का पौधा प्रदान कर स्वागत किया। क्लब के पदाधिकारियों ने अन्य अतिथियों को फूल का पौधा प्रदान कर स्वागत किया। क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि समाज को सुरक्षा देने वाले की चिंता जरूर करनी चाहिए। लायंस क्लब इसे लेकर पुलिस अधीक्षक से मिला था। पुलिस अधीक्षक के सहयोग से मेगा कैंप में उमड़ी पुलिस कर्मियों की सेवा कर वे सभी बेहतर महसूस कर रहे हैं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, प्रो पारस महतो, पूर्व सिविल सर्जन डॉ आरपी सिन्हा, सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, सार्जेंट मेजर सुरेश राम, फैब्स अध्यक्ष चितेश मिश्रा उपस्थित थे। इन सभी ने कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में लायंस फेमिना की अरविंदर कौर, बिंदु तुलस्यान, सभी महिला सदस्य, मुकेश अग्रवाल, वरुण जायसवाल, रंजन अग्रवाल, अमुक प्रियदर्शी, फिरोज अंसारी, ऋषिकेश दुबे, श्रीकांत कुमार, विकास सेट्ठी, परिमल प्रसून, आनंद वर्धन, अनूप कुमार, मनोज सोनी, इंद्रजीत सिंह डिंपल, रोहित जैन रणजीत मिश्रा जैसे समर्पित स्वयंसेवकों की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। मंच संचालन निलेश चंद्र ने किया।

- पलामू सहित रांची के चिकित्सकों ने किया पुलिस कर्मियों व परिवार का ईलाज
- निशुल्क उपलब्ध कराई गई दवाएं
- पुलिस अधीक्षक ने रक्तदान कर शुरू किया ब्लड डोनेशन कार्य
- पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन बनेंगी लायंस क्लब की मानद सदस्य

### पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों ने मेगा हेल्थ कैंप में कराया इलाज

निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप में हजारों पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इसमें ब्लड प्रेशर, इसीजी, डायबिटीज, दंत, नेत्र, कान, त्वचा, स्त्री रोग, बाल रोग, न्यूरो, आंत सहित कई रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विधिवत जांच की व दवाएं दी। पांच सौ से अधिक मरीजों ने डीडब्ल्यूडी, सुगर व हाइपरटेंशन जैसी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकों ने उन्हें परामर्श के साथ मुफ्त दवा उपलब्ध कराया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ली गई सामूहिक शपथ

कार्यक्रम के दौरान विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे व अपने परिवार व समाज को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। यह शपथ एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह ने दिलाई।

### पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों ने मेगा हेल्थ कैंप में कराया इलाज

निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप में हजारों पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इसमें ब्लड प्रेशर, इसीजी, डायबिटीज, दंत, नेत्र, कान, त्वचा, स्त्री रोग, बाल रोग, न्यूरो, आंत सहित कई रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विधिवत जांच की व दवाएं दी। पांच सौ से अधिक मरीजों ने डीडब्ल्यूडी, सुगर व हाइपरटेंशन जैसी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। चिकित्सकों ने उन्हें परामर्श के साथ मुफ्त दवा उपलब्ध कराया।

### पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने स्वयं किया रक्तदान, अन्य पुलिस कर्मियों को भी किया प्रेरित

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने मेगा स्वास्थ शिविर में रक्तदान की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि मेगा स्वास्थ्य कैंप में वे स्वयं रक्तदान कर शिविर को यादगार बनाएंगी। सिविल सर्जन ने तत्काल रक्तदान वैन को पुलिस लाइन में बुलवाया। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सबसे पहले रक्तदान किया। वैन से बाहर आने के बाद उन्होंने अन्य पुलिस पदाधिकारियों को भी रक्तदान को प्रेरित किया। कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इससे कई लोगों की जिंदगियां बच सकती हैं।सिविल सर्जन की सहायता से उपलब्ध कराए गए रक्तदान वाहन में कूल 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। पुलिस अधीक्षक की इस पहल की लायंस क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों ने विशेष रूप से सराहना की। पुलिस अधीक्षक के रक्तदान से प्रभावित होकर क्लब के सदस्य अनूप कुमार के दोनों पुत्र आयुष व आदर्श कुमार ने पहली बार रक्तदान किया। दो युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की।

### मेगा हेल्थ कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने पूरे मनोयोग से किया इलाज

मेगा हेल्थ कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने पूरे मनोयोग से पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों का इलाज किया। इनमें क्लब के अध्यक्ष सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवीण सिद्धार्थ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसून कुमार, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उदय कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनीत कुमार सिंह, डॉ निशांत व डॉक्टर सैफ, न्यूरो सर्जन डा रविश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अलका शुक्ला व सृष्टि गुंजन, ईएनटी डॉक्टर सुभाष कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुपम कुमार, पेट व आंत कैंसर के विशेषज्ञ डॉक्टर मयंक शेखर, बच्चा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभय कुमार, डॉ. निरुपम कुमार, डॉ. गौरव विशाल, डॉ श्वेता शेखर, डा नित्यानंद पाठक, डॉ. मयंक, डॉ. आरके रंजन, डॉ. आनंद कुमार, सहित मेडिकल कॉलेज के दर्जनों सहयोगी डॉक्टरों ने इलाज किया। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने उक्त चिकित्सकों के कैंप में जाकर बुके प्रशस्ति पत्र व पौधा प्रदान कर सम्मानित किया।

### पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन बनेंगी लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर की मानद सदस्य

लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सतत सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर की सदस्यता स्वीकार की। क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि यह संस्था के लिए गर्व का क्षण है। इससे क्लब के कार्यों को और अधिक सामाजिक सहयोग प्राप्त होगा। रिष्मा रमेशन जैसी प्रेरणास्रोत शख्सियत की सदस्यता से क्लब को नई ऊर्जा व दिशा मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की हुई जांच

**गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिव शंभू ग्रुप रंगडीह, लायंस क्लब गोविन्दपुर, नागरिक समिति गोविंदपुर एवं पाटलीपुत्र हॉस्पिटल जोड़ाफाटक रोड धनबाद के तत्वधान में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सको के द्वारा अमरपुर में निःशुल्क परामर्श एवं जांच की गयी।



आयोजन में लायंस क्लब गोविंदपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता जया कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उनके द्वारा फीता काट कर कैंप का शुभारंभ किया गया। हृदय रोग, मस्तिष्क रोग, हड्डी एवं नस रोग, जेनरल सर्जन, नेत्र रोग, दंत रोग एवं जेनरल फिजिशियन डॉक्टर के द्वारा कैंप आयोजित किया गया। कुल 187 मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। निःशुल्क ब्लड प्रेसर, ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल, बीएमडी एवं नेत्र की जाँच की गई, एवं सभी मरीजों को निःशुल्क दवा भी दी गयी। डॉ. उमेश लाल विश्वकर्मा, डॉ. अनिल कुमार, लायंस क्लब के गोविंदपुर के उपाध्यक्ष अनुराग प्रदीप, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दो अतिरिक्त स्कूल भवनों का किया शिलान्यास

**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी टुंडी प्रखंड के पिपराटांड़ गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरतोल में दो अतिरिक्त स्कूल भवन का टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो की गरिमामयी उपस्थिति में शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राप्त समाचार के अनुसार उत्क्रमित मध्य विद्यालय



बरतोल का अतिरिक्त स्कूल भवन भवन प्रमंडल के द्वारा निर्माण किया जाना है।इस अवसर पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार शिक्षा को लेकर खासे उत्साहित हैं तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए वचनबद्ध है ताकि झारखंड के बच्चे एवं बच्चियों की भविष्य उज्जवल हो और एक अच्छे संस्कार के साथ साथ रोजगार उपलब्ध हो इसके लिए शिक्षा को अनिवार्य विषय के तौर पर रखा गया है। मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो,पूर्वी टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू, सचिव रामचन्द्र मुर्मू , विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, दिनेश रजक, आनंद महतो, रफीक अंसारी, विकास महतो,मुस्तकीम अंसारी , मनोज महतो,इशाक अंसारी समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गढ़वा के सत्तू बैंक में प्रतिदिन जरुरतमंदों की उमड़ रही है भीड़ : शौकत खान

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, सभी भारतीय सेना के सम्मान में गरीब, असहाय, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा व आटों ठेला चालकों व आम राहगीरों के लिए सत्तू बैंक गर्मी में जरुरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है । सत्तू बैंक गढ़वा में प्रतिदिन जरुरतमंदों, राहगीरों, मजदूरों व जरुरतमंदों को ब्रांडेड सत्तू पिलाया जा रहा है। इस कर के लिए सत्तू बैंक के संचालक शौकत खान को लोग



दिल खोलकर दुआ दे रहे हैं। शौकत खान ने बताया कि 2015 से वे लगातार गरीबों के लिए निशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक व पुस्तक बैंक का सफल संचालन कर रहे हैं। आम नागरिकों के सहयोग से गर्मी को देखते हुए वे कुछ दिन पहले सत्तू बैंक खोला है। इसमें प्रतिदिन सैकड़ों जरुरतमंद लोग आते हैं सत्तू का आनन्द लेकर अपने पेट भरते हैं। बताया कि दस वर्षों में अबतक तीन लाख से अधिक लोगों ने सत्तू पीकर अपना पेट भरा है। सत्तू बैंक गर्मी समाप्त होने तक चलता रहेगा। साथ ही जरुरतमंदों का पेट भरता रहेगा।

### नरपलिया में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के हलखोरी साह उच्च माध्यमिक विद्यालय, नरपलिया में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक व इंटर परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मांझी नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी रश्मि लोहिया, विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर प्रसाद साह, शिक्षक श्याम बिहारी शुक्ल व जयप्रकाश गिरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता नागेंद्र यादव ने की, जबकि मंच संचालन श्रवण कुमार ने किया। मैट्रिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली काजल कुमारी को प्रथम पुरस्कार, इंटर परीक्षा के टॉपर शंभू कुमार को द्वितीय पुरस्कार तथा नौंवी कक्षा की छात्रा खुशबू निशा को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा इंटर में बेहतर अंक लाने वाले दस छात्र-छात्राओं, मैट्रिक के पच्चीस मेधावी व नौंवी कक्षा के तीन छात्रों सहित अन्य पच्चीस छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

## वाहन चालक के सम्मान में साहब ने संभाली स्टीयरिंग

**लगभग 35 साल से उपायुक्त का वाहन चला रहे थे सत्येंद्र कुमार मुन्ना**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लगभग 35 साल तक जो चालक साहब के इशारे पर चार-पहिया वाहन की स्टीयरिंग घुमा रहा था, जब वह सेवानिवृत्त हुआ तो साहब उनके सारथी बन गए। यहाँ सारथी की भूमिका उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता ने निभाई। उपायुक्त द्वारा सम्मान देने का यह नायाब तरीका था, जिसे सभी ने सराहा। सरकारी विभाग में सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित कर सम्मानित करने की परम्परा सालों से चली आ रही है। पर, उपायुक्त अजय नाथ झा ने इस परम्परा को अद्भुत मिसाल के साथ पेश किया। दरअसल, उपायुक्त के वाहन चालक पद पर कार्यरत सत्येंद्र कुमार मुन्ना ने लगभग 35 वर्ष की सेवाएं देने के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त हुए। वह बोकारो जिला बनने के पूर्व से ही विभाग में तैनात थे। शुरूआती सेवा उनका गिरिडीह जिले में रहा। उनकी सेवानिवृत्ति पर झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ, बोकारो इकाई द्वारा शनिवार को समाहरणालय सभागार में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। पर, चालक की सेवानिवृत्ति पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने सम्मान देने का अलग ही रास्ता चुना। उन्होंने सम्मानित करने के बाद चालक श्री सत्येंद्र कुमार मुन्ना को सम्मान के साथ अपने चार पहिया वाहन में बिठाया और ड्राइवर सीट पर डीसीएलआर चास को बैठाकर उन्हें उनके घर तक छोड़वाया। इससे पूर्व, समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त समेत सभी पदाधिकारी ‌ कर्मियों ने चालक सत्येंद्र कुमार मुन्ना को पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी। उन्हें सेवानिवृति का संपूर्ण लाभ दिया।

## सतबरवा प्रखंड कार्यालय पर 4 जून को भाकपा करेगी प्रदर्शन : रूचिर तिवारी

**प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर व्याप्त भ्रष्टाचार व घूसखोरी से आम जनता है परेशान : भाकपा**



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रहे रूचिर कुमार तिवारी ने शनिवार को सतबरवा अंचल के ट्रेनिंग स्कूल छात्रावास में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सतबरवा अंचल सह प्रखंड कार्यालय में बिचौलियागिरी व भ्रष्टाचार हावी है। आम जनता का कोई भी काम बिना घूस के नहीं हो रहा है। दलित आदिवासियों के खतियानी जमीन का रसीद भी नहीं कट रहा है। ऑनलाइन करने में उन्हें अंचल कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। आय व जाति प्रमाण पत्र बनाने में भी एक-एक महीना लग जा रहा है। ब्लॉक के कर्मचारी गांव के अंदर नहीं जा रहे हैं। बंद कमरा में जमीन का मोटेशन करने व ऑनलाइन करने में घुसखोरी कर रहे हैं। इन्हीं जन समस्याओं को लेकर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी सतबरवा आंचल कमेटी आम जनता को साथ लेकर 4 जून को सतबरवा अंचल कार्यालय सह प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन व घेराव करेगी। उन्होंने आम जन से अपील किया कि आंदोलन में सहयोग देकर प्रदर्शन व घेराव में शामिल हों। अपने हक व अधिकार के लिए लड़ें। मौके पर राम राज तिवारी, उमेश सिंह चेरो, करीमन पासवान, सनी सिंह, रंग बहादुर सिंह, ललन राम, अवध बिहारी मेहता, बालेश्वर सिंह, सरयू मेहता, धानो देवी, शंकर सिंह, भजन सिंह, रामचंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, कमलेश सिंह, उदीप सिंह, रामजन्म मांझी, ललन सिंह, संजय चौधरी सहित कई उपस्थित थे।

## डिग्री कॉलेज टुण्डी में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस को लेकर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन



**टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डिग्री कॉलेज टुंडी में 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' के अवसर पर 'नशीली दवाओं के दुरूपयोग रोकथाम एवं जागरूकता' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन :- डिग्री कॉलेज टुंडी के बिरसा मुण्डा सभागार में प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत कुमार की अध्यक्षता में 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' के अवसर पर संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहीद संदीप सिंह स्मारक सेवा समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह, सदस्य संजय कुमार एवं SNMNCH, धनबाद के संजीव कुमार,प्रशांत महतो उपस्थित हुए। प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा की हमें एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए संघर्षरत रहना चाहिए, जहाँ स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाए ना की मुनाफे को। मुख्य अतिथि दिलीप कुमार के कहा की स्वस्थ युवाओं से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण संभव है, इसलिए नशा से दुरी है जरूरी। प्रो. अविनाश कुमार, (नोडल पदाधिकारी, नशा मुक्त भारत अभियान) ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुरूपयोग, इसके रोकथाम, उपचार एवं पुनर्वास पर विस्तृत चर्चा की और कहा की जीवन अमूल्य है इसे नशे के धुएँ में ना उड़ाएँ। SNMNCH, धनबाद मेडिकल टीम के सदस्यों के द्वारा भी ड्रग से होने वाले खतरों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रानी सिंह के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं अनेकों छात्र - छात्राएं इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का शिष्टमंडल उपायुक्त से मिला

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गत दिनों आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) के शिष्टमंडल ने आज उपायुक्त से मुलाकात की। संघ के अध्यक्ष उमेश प्रसाद महतो द्वारा भ्रामक मतदाता सूची, 01 जून 2025 को होने वाले चुनाव सह सम्मेलन को लेकर उपायुक्त को संज्ञान में लाने हेतु एक पत्र दिया गया। महासंघ के जिला मंत्री मनोरंजन कुमार निराला द्वारा अन्य सभी गतिविधि को अवगत कराया गया। जिसमें बताया गया कि समाहरणालय संवर्ग का सम्मेलन सह चुनाव दिनांक 10 मार्च को ही हो चुका जिसमें अध्यक्ष और मंत्री निर्वाचित हो चुके है । उनके द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि बोकारो जिला में दो गुट है , जो वैचारिक रूप से अलग है। इस अवसर पर महासंघ के जिला मंत्री मनोरंजन कुमार निराला,संघ के अध्यक्ष उमेश प्रसाद महतो,जिला मंत्री विभांशु, मिथिलेश कुमार पाठक, संजय कुमार गोराई, हिमांशु कुमार मांझी, संजय कुमार, उमेश कुमार मांझी, नवीन कुमार, खगेन दास एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूनतम प्रगति वाले 100 पंचायत सचिवों व प्रखंड आवास समन्वयकों पर होगी कार्रवाई : डीडीसी

**सेल्फ सर्वे लाभुकों का 15 जून तक संपन्न करें सत्यापन कार्य ● आवास योजनाओं की डीडीसी ने की विस्तृत समीक्षा**



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने शनिवार को अबुआ आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्य प्रगति की समीक्षा की। समाहरणालय के ब्लॉक-सी अवस्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने आवास योजना के कार्यों में लक्ष्य के विरूद्ध अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना के कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान होने के पश्चात 60 या उससे अधिक दिनों से लम्बित प्लिंथ, लिंटर व पूर्ण आवास का जियो टैग अधिक से अधिक संख्या में करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने न्यूनतम प्रगति वाले 100 पंचायत सचिवों व प्रखंड आवास समन्वयकों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने लक्ष्य के विरुद्ध कार्य कराते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि कार्य प्रगति में उपलब्धि हासिल नहीं करने वाले पंचायत सचिव व प्रखंड समन्वयकों का वेतन अवरूद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्य प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2.0 आवास प्लस 2024 सर्वेक्षण कार्य बंद कर दिया गया है। उन्होंने सेल्फ सर्वे लाभुकों का पुष्टीकरण / सत्यापन कार्य तत्काल आरंभ करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने 15 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से सत्यापन कार्य सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीआरडीए के निदेशक रतन कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार सहित प्रखंड समन्वयक व पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## खेल विज्ञान व चिकित्सा आधारित चिकित्सीय जांच सम्पन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यूनिक एंड यूनिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में 'खेल व स्वास्थ्य जागरूकता अभियान' हेतु लगभग 7 वर्ष से 80 वर्ष के विभिन्न खेलों के खिलाड़ी और सामान्य पुरुष व महिलाओं का खेल विज्ञान व चिकित्सा आधारित चिकित्सीय जांच स्पोर्ट्स मेडिसिन के विशेषज्ञ की टीम के द्वारा फिजियोजिकल एसिसमेंट किया गया। इसमें बॉडी कॉम्पोजिशन एनालिसिस, बोन डेनसिटी मेजरमेंट, फैट एंड मसल कंटेंट ऑफ बॉडी एसिसमेंट, वाटर कंसेंट्रेशन ऑफ बॉडी, एज टू ग्रोथ डेवलपमेंट सहित अन्य जांच किया गया और जांचोपरांत रिपोर्ट के आधार पर कर्नल सह स्पोर्ट्स मेडिसिन के डॉक्टर शैलेन्द्र कुमार ने खिलाड़ियों के खेल इवेंट में बदलाव, खेल के सूक्ष्म जानकारी व टेक्निकल एक्सरसाइज के साथ न्यूट्रिशन व डायट लेने का सलाह दिए। निःशुल्क जांच व इलाज के उपरांत आवश्यकातानुसार दवा भी दिया गया। झारखंड में पहली बार इस तरह के कार्यक्रम को देख कर सभी प्रतिभागियों में उत्साहित थे। लगभग 293 लोगों ने अपनी शारीरिक जांच करवा कर कर्नल कुमार के सलाह पर जीवनशैली में बदलाव लाने का संकल्प लिये। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंजीत वर्णवाल, संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुख्य वक्ता कर्नल (डॉक्टर) शैलेन्द्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि धीरेंद्र गोप, धनबाद विभाग कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रो. राज कुमार, धनबाद विभाग संपर्क प्रमुख, संजीव कुमार, प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टर 3 सी, रतन महतो, बोकारो महानगर कार्यवाह एवं तकनीकी अधिकारी भूपेन्द्र सिंह और सूरज कुमार साव थे। वर्णवाल ने अपने संबोधन में कार्यक्रम को सराहना करते हुए बोलें कि बोकारो में स्वस्थ समाज का निर्माण व उत्कृष्ट खिलाड़ी निकाल कर राज्य व राष्ट्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करना चाहिए।

मुख्य वक्ता कर्नल कुमार ने कार्यक्रम के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बोले कि समाज के सर्वांगीण विकास हेतु सर्वप्रथम प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ होना जरूरी है और खेल पूर्णतः विज्ञान का रूप ले चुका है। इसलिए वैज्ञानिक तरीके से अभ्यास व शरीर का समय समय पर खेल चिकित्सक के देखरेख में शारीरिक जांच कराना चाहिए। धीरेंद्र गोप व संजीव कुमार ने ऐसे कार्यक्रम को समय समय पर निरंतर कराने पर जोर दिए। कार्यक्रम का संचालन वेटलिफ्टर बिनोद कुमार सिंह ने किए और धन्यवाद ज्ञापन विजय कुमार ने दिए।

# महंगाई से राहत पर बड़ा फैसलाः खाद्य तेल की कीमत बढ़ने से रोकेगी सरकार

## कच्चे तेल पर आयात शुल्क 10 फीसदी घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्रालय के इस फैसले का मकसद खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और खाने के तेल का कारोबार करने वाले घरेलू कारोबारियों के हितों की रक्षा करना है। पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था। बता दें कि भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है।



### कीमतों में कमी से उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा

इस फैसले के बाद उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा कि कच्चे तेल पर शुल्क में कमी से घरेलू कीमतों को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

**केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने फैसले की पुष्टि की–** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी कर खाद्य तेल पर लगने वाले आयात शुल्क को घटाने के फैसले की जानकारी दी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

**ताजा फैसले के बाद कितनी राहत मिलेगी–** इस फैसले पर उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने कहा, कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर लगने वाला मूल सीमा शुल्क यानी कस्टम ड्यूटी को घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा। पहले 27.5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता था। उन्होंने कहा, हाल ही में रिफाइंड पाम तेल का आयात बढ़ा है, क्योंकि यह कच्चे पाम तेल की तुलना में सस्ता है।

**आईवीपीए ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया–** उद्योग निकाय एसईए और भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया है। घरेलू कारोबारियों और खाद्य तेल का प्रसंस्करण करने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए कच्चे और परिष्कृत खाद्य तेलों के बीच शुल्क का अंतर बढ़ाने की मांग लंबे समय से हो रही है।

### सरकार ने साहसिक फैसला लिया

शुक्रवार देर रात जारी बयान में एसईए के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, सरकार ने कच्चे और रिफाइंड तेलों के बीच शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का साहसिक फैसला सही समय पर लिया है। अब रिफाइंड पामोलिन का आयात कम होगा। कच्चे पाम तेल की मांग बढ़ने से घरेलू रिफाइनिंग क्षेत्र में नई जान आएगी।

### इस तेल पर नहीं मिलेगी राहत

30 मई को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के बाद भी रिफाइंड तेल पर मूल सीमा शुल्क 32.5 प्रतिशत ही रहेगा। यानी इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान में रिफाइंड तेलों पर प्रभावी शुल्क 35.75 प्रतिशत है। ऐसे में इस तेल का इस्तेमाल करने वाले लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी।

# 1 शेयर पर 3 शेयर बोनस दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वी मार्ट रिटेल इंडिया ने बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। कंपनी एक शेयर पर 3 शेयर बोनस दे रही है। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है।

**1 शेयर पर 3 शेयर बोनस दिया जाएगा–** शुक्रवार को वी–मार्ट रिटेल इंडिया ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 3 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 23 जून 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन जिन निवेशकों के नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेंगे उन्हें बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। वी मार्ट रिटेल इंडिया ने आखिरी बार निवेशकों को 2022 में बोनस शेयर दिया था। कंपनी एक शेयर पर 75 पैसे का डिविडेंड दिया था। 2019 में कंपनी ने एक शेयर पर 1.70 रुपये का डिविडेंड दिया था।

### शेयर बाजार में कैसा है प्रदर्शन

वी मार्ट रिटेल इंडिया के शेयर शुक्रवार को 0.14 प्रतिशत की गिरावट के बाद 3406.60 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 3 महीने के दौरान इस कंपनी ने निवेशकों को 14 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 61 प्रतिशत से अधिक चढ़ चुका है।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा; 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंचा रिजर्व

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त हफ्ते के दौरान 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले 16 मार्च को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 4.888 अरब डॉलर घटकर 685.729 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले, सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन



अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 23 मई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.516 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 586.167 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर–अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 2.366 अरब डॉलर बढ़कर 83.582 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 81 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.571 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 4.401 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

# इंजीनियरिंग छोड़ शुरू किया ऐसा काम कि 2 साल में कमा डाले 50 लाख रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब भी हम किसी इंजीनियर का नाम लेते हैं, हमारे दिमाग में सूट–बूट पहने एक शख्स की तस्वीर उभरने लगती है। क्या आप कभी सोच सकते हैं कि कोई इंजीनियर एक कारोबारी भी हो सकता है ऐसा ही एक नाम है सुष्मिता कनेरी का। सुष्मिता एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं, जो अब उद्यमी बन गई हैं। महाराष्ट्र के पुणे में सुष्मिता का परिवार साधारण



था। उनके माता–पिता हमेशा मेहनत और आत्मनिर्भरता पर जोर देते थे। उन्होंने सुष्मिता को समझदारी से फैसले लेने और दयालु रहने की सीख दी। सुष्मिता ने साल 2020 में विश्वकर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पुणे से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद वे नौकरी करने के लिए तैयार थीं। लेकिन स्कूल के दिनों में ही उनके मन में सामाजिक उद्यमी बनने का विचार आ गया था।

**कैसे आया कारोबार का ख्याल–** सुष्मिता बताती हैं, स्कूल में मैं क्लास मॉनिटर थी। मैंने एक बार चंदा इकट्ठा करने का अभियान चलाया। मैंने अपने दोस्तों से पैसे इकट्ठे करके एक अनाथालय को दान करने का सोचा। हमने 500 रुपये जमा किए और अनाथालय के बच्चों के लिए स्टेशनरी खरीदी। इस छोटे से काम से मुझे पता चला कि बहुत से लोग मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। तभी से मुझे समाज के लिए कुछ करने और एनजीओ के साथ काम करने का शौक हो गया। इसी अनुभव ने उन्हें टेक्नोलॉजी और सामाजिक कार्यों के जरिए बदलाव लाने के बारे में सोचने पर मजबूर किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके सामने एक मुश्किल फैसला था। उनके पास नौकरी का प्रस्ताव था, लेकिन वे टेक्नोलॉजी और सामाजिक कार्यों को मिलाकर कुछ करना चाहती थीं।

# शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप को मिला रेकॉर्ड 3.4 अरब डॉलर का लोन

## कर्ज देने जर्मनी का यह बैंक आया आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के बड़े औद्योगिक घरानों में शामिल शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप को जर्मनी के एक बैंक से रेकॉर्ड लोन मिला है। जर्मनी के ड्यूश बैंक ने एसपी ग्रुप के लिए 3.35 अरब डॉलर (करीब 29 हजार करोड़ रुपये) का प्राइवेट क्रेडिट जुटाया है। यह एक तरह का लोन है जिसे नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर ड्यूश कहते हैं। यह अमेरिका के बाहर सबसे बड़ी प्राइवेट क्रेडिट डील है।

एसपी ग्रुप एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। उन्होंने टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी का कुछ भाग गिरवी रखकर यह पैसा जुटाया है। इस काम में ब्लैक रॉक और मॉर्गन स्टेनली जैसे बड़े निवेशकों ने भी साथ दिया। यह लोन तीन साल के लिए है और इस पर 19.75 प्रतिशत का ब्याज लगेगा। ब्याज हर साल के अंत में मिलेगा। इससे पहले एसपी ग्रुप ने जो लोन लिया था, उस पर ब्याज दर थोड़ी कम थी। साल 2023 में, एसपी ग्रुप की कंपनी गोस्वामी इंफ्राटेक ने 18.75 प्रतिशत ब्याज पर 1.7 अरब डॉलर जुटाए थे।

**कहां होगा पैसे का इस्तेमाल–** लोन में मिली रकम का इस्तेमाल पुराने लोन चुकाने और रियल एस्टेट और ईपीसी कारोबार को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। एक निवेशक ने कहा कि इससे बड़े कॉरपोरेट घरानों को लंबे समय के लिए पैसा जुटाने का एक नया तरीका मिलेगा।

### पहली बार हुआ ऐसा

जर्मन बैंक ने खुद इस डील में 893 मिलियन डॉलर लगाए हैं। वे इसमें से 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा अपने पास रखेंगे। बैंक ने ब्लैक रॉक, सोना कैपिटल, मॉर्गन स्टेनली और पिमको जैसे निवेशकों को भी इसमें शामिल किया है। सोना कैपिटल और पिमको जैसी कंपनियों ने इस डील के जरिए भारत में पहली बार बड़ा प्राइवेट क्रेडिट निवेश किया है।

### किस-किस ने लगाया पैसा

इस पूरे फंडिंग में तीन तरह के निवेशकों ने पैसा लगाया है। पहले, वे लोग जिन्होंने स्टर्लिंग बॉन्ड में पहले से निवेश किया हुआ है। दूसरे, वे लोग जिन्होंने गोस्वामी बॉन्ड में पहले से निवेश किया हुआ है। और तीसरे, अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग, सिंगापुर और भारत के नए प्राइवेट क्रेडिट निवेशक।




बैंक ने भी अपना रिस्क कम करने के लिए कई इंटरनेशनल क्रेडिट फंड्स को इसमें शामिल किया है। ब्लैक रॉक ने 70 मिलियन डॉलर, सोना ने 180 मिलियन डॉलर, मॉर्गन स्टेनली इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट ने 60 मिलियन डॉलर और पिमको ने 45 मिलियन डॉलर लगाए हैं। इस तरह इन सभी ने मिलकर लगभग 355 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। इसके अलावा, एरेस ने अलग से 500 मिलियन डॉलर का निवेश किया है।

फरालोन कैपिटल, जो एसपी ग्रुप को पहले से लोन देता रहा है, उसने 596 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। डेविडसन केम्पनेर और सेर्बेरस कैपिटल ने क्रमशः 401 मिलियन डॉलर और 474 मिलियन डॉलर लगाए हैं।

### इस शर्त पर मिला लोन

यह लोन एसपी ग्रुप की टाटा संस में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले दिया गया है। यह हिस्सेदारी स्टर्लिंग इन्वेस्टमेंट, शापूरजी पल्लोनजी रियल एस्टेट और एसपी एनर्जी के जरिए है। एसपी एनर्जी तेल और गैस का कारोबार करती है। इस डील को बैंक ने अकेले ही पूरा किया है। यह पहला बड़ा कॉरपोरेट बॉन्ड है जो एफपीआई के नए नियमों के तहत जारी किया गया है। इन नियमों के अनुसार, विदेशी निवेशक अब जनरल लिमिट रूट से निवेश कर सकते हैं, पहले उन्हें वॉलंटरी रिटेंशन रूट का इस्तेमाल करना पड़ता था जिसमें कई तरह की पाबंदियां थीं।

# 3 दिन में 57 गुना सब्सक्राइब हुआ आईपीओ, निवेशकों ने लिया हाथों-हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्कोडा ट्यूब्स आईपीओ को निवेशकों की तरफ से हाथों-हाथ लिया गया है। 3 दिन के सब्सक्रिप्शन के दौरान इस आईपीओ को 57 गुना सधिक बोलियां प्राप्त हुई हैं। स्कोडा ट्यूब्स आईपीओ का साइज 220 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 1.57 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करने जा रही है।




**28 मई को खुला था आईपीओ–** स्कोडा ट्यूब्स आईपीओ निवेशकों के लिए 28 मई 2025 को खुल गया था। निवेशकों के पास 30 मई 2025 तक दांव लगाने का मौका था। इस मेनबोर्ड आईपीओ का इश्यू प्राइस 140 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया। वहीं, लॉट साइज 100 शेयरों का बनाया गया था। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 13,000 रुपये का दांव लगाना पड़ा था।

**3 दिन में 57 गुना सब्सक्राइब हुआ आईपीओ–** 28 मई से 30 मई के दौरान कंपनी के आईपीओ को 57 गुना सब्सक्राइब किया गया है। रिटेल कैटगरी में यह आईपीओ 20.89 गुना सब्सक्राइब किया गया था। वहीं, क्यूआईबी कैटगरी में में 72.97 गुना और एनआईआई कैटगरी में यह 121.72 गुना सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ था।

### क्या चल रहा है जीएमपी

ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 20.50 रुपये रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है। 29 मई को यह आईपीओ 22 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था। यह ग्रे मार्केट में कंपनी की सबसे मजबूत स्थिति थी। मौजूदा ग्रे मार्केट की स्थिति देखकर लगता है कि यह आईपीओपॉजिटिव डेब्यू शेयर बाजार में कर सकता है। बता दें, आईपीओ की लिस्टिंग बीएसई एसएमई में होगी।

# वोडाफोन आइडिया अब 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी

## , बोर्ड की मिली मंजूरी, घाटे से जूझ रही कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घाटे से जूझ रही टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 20,000 करोड़ रुपये के लिए मंजूरी दे दी है। यह फैसला ऐसे समय में हुआ है जब कंपनी का मार्च तिमाही के दौरान नेट लॉस 6609 करोड़ रुपये बढ़कर 7166 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी लगातार सब्सक्राइबर्स को गंवा रही है। कंपनी इस नए फंड के जरिए 4जी और 5जी का विस्तार करेगी। जिससे कंपनी के बिजनेस के मौजूदा परिस्थितियों पर असर पड़े। और सब्सक्राइबर्स को फिर से वापस लाया जा सके। कंपनी ने कहा है कि वो इस बात का मूल्यांकन कर रहे हैं कि पैसा इक्विटी या फिर डेट या किसी अन्य माध्यम से जुटाया जाए।

**लगातार घट रहे हैं ग्राहक–** ब्रिटेन के वोडाफोन ग्रुप पीएलसी और भारत के आदित्या बिरला ग्रुप का ज्वाइंट वेंचर दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में 5जी सर्विसेज देने के बाद भी




ग्राहकों की घटती संख्या को रोक नहीं पा रहा है। 2019 में हुए मर्जर के बाद दिसंबर में पहली बार सब्सक्राइबर्स की संख्या 200 मिलियन के नीचे आ गई। मार्च में एक बार कंपनी के सब्सक्राइबर्स की संख्या घटकर 198.20 मिलियन डॉलर हो गई।

वीआई के ऑडिटर्स एसआर बाटलीबॉय एंड एसोसिएट्स ने चेतावनी दी है कि कंपनी की फाइनेंशियल कंडीशन्स ने नगदी के प्रवाह को प्रभावित किया है। हालांकि, इसके उलट कंपनी के टॉप मैनेजमेंट में रिजल्ट्स को लेकर उत्साह है। उनका कहना है कि सब्सक्राइबर्स के गंवाने की रफ्तार में कमी आई है। साथ भी रेवन्यू प्रति उपभोक्ता में सुधार हुआ है।

### जियो और एयरटेल के बीच पैठ बनाने में होगी मुश्किल

वीआई ने अपनी 5जी सर्विसेज को दिल्ली एनसीआर, मुंबई, चंडीगढ़ और पटना में इस तिमाही सर्विसेज शुरू की हैं। अब कंपनी की योजना है कि जहां 5जी एयरवेज़ हैं उन सभी 17 सर्कल में यह सर्विसेज शुरू की जा सकें। हालांकि, रिलायंस जियो और एयरटेल की बाजार में इस हिसाब से मौजूदगी है वैसे वीआई की अपनी पैठ बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

# टैक्सपेयर्स के लिए आया एक्सेल टूल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उसने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल टूल उपलब्ध कराई है, जिससे करदाता अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा-आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल सुविधा करदाताओं के लिए उपलब्ध है। इन सुविधाओं को उपलब्ध कराने के साथ करदाता 2024-25 में अर्जित आय के लिए अपना आईटीआर दाखिल करना शुरू कर सकते हैं।

**15 सितंबर तक डेडलाइन–** बता दें कि इस साल आईटीआर-1 और आईटीआर-4 में आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। हाल ही में सीबीडीटी ने एक बयान जारी कर कहा था कि करदाताओं के लिए दस्तावेज दाखिल करने के अनुभव को सुचारू एवं सुविधाजनक बनाने के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि जो मूल रूप से 31 जुलाई थी उसे बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 कर दिया गया है।




**कौन सा फॉर्म किसके लिए–** आईटीआर-1 के अलावा आईटीआर-4 फॉर्म ऐसे व्यक्ति, एचूएफ और संस्थाएं भरते हैं, जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिन्हें अपने खातों का ऑडिट नहीं करवाना पड़ता। सूचीबद्ध शेयर से 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पाने वाले इस आय को आईटीआर-1 और आईटीआर-4 में दिखा सकते हैं। इससे पहले उन्हें आईटीआर-2 फार्म भी भरना पड़ता था।

### कब अधिसूचित हुए थे फॉर्म

इस साल, आकलन वर्ष 2025–26 के लिए आईटीआर फॉर्म अप्रैल के अंत और मई की शुरुआत में अधिसूचित किए गए थे। आमतौर पर, आईटीआर फॉर्म वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले फरवरी/मार्च के आसपास अधिसूचित किए जाते हैं। हालांकि, इस बार आईटीआर फॉर्म और दस्तावेज दाखिल करने की सुविधा में देरी हुई क्योंकि राजस्व विभाग के अधिकारी नए आयकर विधेयक में व्यस्त थे जिसे फरवरी में संसद में पेश किया गया था।

# 2 लाख तक का गोल्ड लोन वाले कर्जदार ध्यान दें

## आरबीआई के प्रस्तावित नियमों से हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो लाख रुपये तक का गोल्ड लोन लेने वाले कर्जदार आरबीआई के प्रस्तावित नियमों से बाहर हो सकते हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा, हमने गोल्ड लोन पर केंद्रीय बैंक के मसौदा दिशा-निर्देशों की जांच की है और इन छोटे कर्जदारों को इससे बाहर रखने का सुझाव दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 9 अप्रैल को गोल्ड लोन पर मसौदा दिशानिर्देश जारी किया था। इसमें गारंटी में सुधार करने और लोन को सही तरीके से उपयोग करने का सुझाव दिया गया है। यह भी प्रस्ताव किया गया कि सोने के बदले वर्गीकृत सभी कर्जों का ऋण मूल्य अनुपात सोने के मूल्य के 75 फीसदी से अधिक नहीं होगा।

**जनवरी, 2026 से लागू हो सकता है नियम** – वित्त मंत्रालय ने कहा, आरबीआई के मसौदा निर्देशों की वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने जांच की है। डीएफएस ने केंद्रीय बैंक को सुझाव दिए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे गोल्ड लोन उधारकर्ताओं की जरूरतों पर विपरीत प्रभाव न पड़े। ऐसे दिशानिर्देशों को क्षेत्र स्तर पर लागू करने के लिए समय की जरूरत होगी। इसलिए, एक जनवरी, 2026 से यह लागू हो सकता है।



New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 31-05-2025 21:42 Page 1



# रश्मि बनी कामर्स में स्टेट टापर

## 12वीं का परीक्षाफल घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से शनिवार को 12वीं विज्ञान और वाणिज्य का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

इसमें पश्चिमी सिंहभूम जिला की संत जेवियर्स बालिका इंटर कॉलेज चाईबासा की रश्मि कुमारी ने वाणिज्य विषय में 476 अंक (95.2 प्रतिशत) प्राप्त कर झारखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है।

रश्मि की सफलता से पूरे पश्चिमी सिंहभूम जिला में हर्ष का माहौल है।

साधारण परिवार की रश्मि पढ़ाई में शुरू से ही काफी तेज रही है। शहर के छोटा नीमडीह निवासी पिता राजेश प्रसाद जेल रोड पर फुटपाथ रेडिमेड कपड़ा बेचते हैं। माता रीना प्रसाद गृहिणी है।

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण राज्य टॉपर रश्मि को पढ़ाई करने के लिए पुरानी किताब खरीद कर उससे पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

रश्मि कहती है कि वाणिज्य में राज्य टॉपर बनने पर काफी गर्व महसूस हो रहा है। मेरी सफलता में परिवार, शिक्षक, ट्यूशन शिक्षक समेत दोस्तों का भी योगदान है। भविष्य में बीबीए करने की इच्छा है। इंटर में रोजाना 10-12 घंटे पढ़ाई करती थी। पढ़ाई हमेशा पूरा ध्यान लगाकर करती हूं।

पिताजी जेल रोड पर फुटपाथ पर कपड़ा बेचते हैं। अभी



तबीयत खराब रहने के कारण सदर अस्पताल में भर्ती हैं। एक बड़ी बहन रोशनी कुमारी भुवनेश्वर में बीसीए की पढ़ाई कर रही है।

भाई रोहित कुमार संत विवेका स्कूल में 10 वीं कक्षा में है, इसलिए परिवार में आर्थिक परेशानी थोड़ी थी तो दुकान से पुरानी किताब खरीद कर ही पढ़ाई करती थी। पढ़ाई के दौरान मोबाइल से हमेशा दूर रहती थी।

आज की सफलता ने सिखा दिया कि मेहनत का फल हमेशा अच्छा होता है। मुझे ट्यूशन शिक्षक राजीव साव सर की हर प्रकार मदद मिली, जहां दिक्कत होती थी फोन कर तुरंत पूछने पर उसका हल बताते थे।

रश्मि ने कहा कि मैं आगे उच्च शिक्षा भी हासिल करना चाहती हूं लेकिन आर्थिक स्थिति सही नहीं होने पर ज्यादा कदम नहीं बढ़ा पा रही हूं। झारखंड सरकार से मुझे मदद मिले तो मैं आगे और अच्छे से पढ़ाई जारी रख सकती हूं।

रश्मि की पढ़ाई के प्रति लगाव का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि संत जेवियर्स बालिका इंटर कॉलेज चाईबासा में जब से रश्मि ने नामांकन कराया है तब से लगातार दो साल तक एक भी बार भी स्कूल में अनुपस्थित नहीं रही है।

दो साल में सौ प्रतिशत उपस्थिति के कारण स्कूल से सम्मानित भी किया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संत जेवियर बालिका इंटर कॉलेज की प्राचार्या सिस्टर नीलीमा केरकेट्टा ने कहा कि रश्मि ने जो सफलता हासिल की है, इससे पूरा जेवियर परिवार बहुत खुश है।

उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम जिला और कॉलेज का नाम रौशन कर दिया है। वह कॉलेज के हर गतिविधि में सौ प्रतिशत अपना योगदान देती थी।

उनके पढ़ाई करने की लगन से ही लगता था कि वह जिला में जरूर टॉपर रहेंगी लेकिन उसने उम्मीद से बहुत अधिक कॉलेज को दिया है। रश्मि संत जेवियर्स बालिका इंटर कॉलेज चाईबासा की छात्राओं के लिए हमेशा प्रेरणा के रुप में जानी जायेगी।

## खराब परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों से जवाब तलब

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आने पर 19 उत्कृष्ट विद्यालयों (सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के प्राचार्यों को शोकाज जारी किया है। राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने इन विद्यालयों के प्राचार्यों को अलग-अलग पत्र जारी कर उन्हें स्पष्ट करने को कहा है कि असंतोषजनक परिणाम के लिए क्यों नहीं उनके विरुद्ध विभागीय और अनुशासनिक कार्रवाई की जाए।

सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। इन विद्यालयों का परिणाम 60 प्रतिशत से कम रहा है। राज्य परियोजना निदेशक ने कहा है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ये विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

बच्चों के पठन-पाठन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इन विद्यालयों में भौतिक संरचना के साथ-साथ कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभागीय सचिव द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए थे। असंतोषजनक परिणाम से यह स्पष्ट होता है कि प्राचार्यों के द्वारा सचिव के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया।

# आवास बोर्ड की जमीन पर बना दिया पक्का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अधिकारी अपनी जमीन से भी अतिक्रमण हटाने में सक्षम नहीं है। यह मामला हरमू सब्जी बाजार का है। हरमू स्थित पंच मंदिर के समीप आवास बोर्ड की जमीन पर पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से अवैध रूप से जी प्लस वन भवन का निर्माण भी कराया गया है।

सिर्फ यही नहीं मास्टर प्लान में जिस जगह पर मंदिर की भूमि दिखायी गई है, वहां स्थायी संरचना का निर्माण भी कराया गया है, जिसका कामर्शियल उपयोग किया जाता है।

वर्तमान में इस स्थायी संरचना को किराये के दुकान के रूप में सुहानी फर्नीचर को दिया गया है। हर साल इसी स्थायी संरचना में दुर्गा पूजा का आयोजन होता है। पूजा के दौरान फर्नीचर दुकान खाली करा दिया जाता है। स्थानीय सब्जी विक्रेताओं से मिली जानकारी के आधार पर फर्नीचर दुकान से हर माह पूजा समिति को 35 हजार रुपये किराया मिलता है। दुकान

### किया जा रहा कामर्शियल उपयोग

के ठीक सामने आवास बोर्ड की जमीन पर सब्जी मंडी भी है। दो-तीन माह पहले पूजा समिति की ओर से सब्जी विक्रेताओं के लिए अस्थाई शेड का निर्माण कराया गया है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि हर महीने एक-एक सब्जी विक्रेता समिति को 15-1500 रुपये का भुगतान करते हैं। समिति की ओर से अस्थाई शेड निर्माण के लिए किसी प्रकार का पैसा नहीं लिया गया है। दुर्गा पूजा के आयोजन से पूर्व अस्थाई शेड खोलकर हटा दिए जाएंगे।

आवास बोर्ड की जमीन पर हर लगने वाली सब्जी मंडी के विक्रेताओं के लिए साल 2011 में करोड़ों रुपये की लागत से डेली मार्केट सह सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया था।

डेली मार्केट में लगभग 200 दुकानदारों को स्थल आवंटन भी किया गया था।

# ओझा ने किया बच्ची के साथ दुष्कर्म



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी जिला के मारंगहादा थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बच्ची के साथ 60 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में पीड़िता के स्वजनों द्वारा गुरुवार को मारंगहादा थाना में लिखित शिकायत समर्पित करने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए हाकाडुबा गांव निवासी आरोपित रामदेव लोहरा नामक 60 वर्षीय ओझा को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मारंगहादा थाना में सुसंगत धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत कांड दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं, पीड़िता को सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत कर मेडिकल कराया गया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने वृद्ध दादा-दादी के साथ घर में रहती है। घटना वाले दिन उसके दादा बगल के गांव में आयोजित शादी समारोह में गए थे। देर शाम पीड़िता को कोई कीड़ा ने काट लिया।

इसपर उसकी दादी ओझा-गुनी का काम करने वाले उक्त आरोपित को पीड़िता का विष उतारने के लिए घर बुलाया। आरोपित ने पीड़िता की दादी को बगल के गांव से शराब लाने की बात कहकर घर से भेज दिया, फिर घर में अकेली मौजूद पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। छापामारी टीम में मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर कुमार विश्वकर्मा, एएसआई रमजानुल हक एवं कृष्णकांत मेहता समेत रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## वित्त आयोग के समक्ष भाजपा ने रखी 22 मांगें

रांची। प्रदेश भाजपा ने राज्य के विकास और आर्थिक मजबूती के लिए 16वें वित्त आयोग के समक्ष 22 मांगें रखी हैं। इसमें धार्मिक पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण देवघर और रजरप्पा में कारिडोर बनाने की मांग सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ स्थानीय निकायों को मजबूत करने की मांग भी भाजपा ने की है। भाजपा ने कहा है कि स्थानीय निकायों के चुनाव नहीं होने से जनप्रतिनिधियों की भूमिका सरकारी अधिकारियों ने ले ली है। इससे विकास योजनाओं को संचालित करने में भ्रष्टाचार हो रहा है। समय पर चुनाव नहीं होने से राज्य को केंद्रीय सहायता से भी वंचित होना पड़ रहा है। भाजपा ने शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था भी स्थानीय निकायों की देखरेख में संचालित करने का सुझाव दिया है। पार्टी ने अलग राज्य बनने के बाद से यानि 25 वर्षों का आय-व्यय का आंकड़ा भी सार्वजनिक करने की मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सुधीर श्रीवास्तव ने भाजपा की मांगों और सुझाव से वित्त आयोग को अवगत कराया।

# धड़ल्ले से हो रही बालू की तस्करी

## नाबालिक चला रहे ट्रैक्टर व हाइवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**निरसा।** निरसा थाना क्षेत्र में बालू का धंधा कभी मंदा नहीं होता है। चाहे तो एनजीटी लागू हो या कुछ और। तस्कर बालू तस्करी से बाज नहीं आ रहे हैं। यदि प्रशासनिक अधिकारी बालू तस्करों पर कार्रवाई करने जाते हैं तो उन्हें भी बंधक बना लिया जाता है तथा उनकी भी पिटाई की जाती है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दर्जनों राउंड फायरिंग कर खुद को बचाना पड़ता है।

प्रतिदिन लगभग चार से पांच दर्जन हाइवा, डेढ़ दर्जन से ज्यादा मिनी हाइवा एवं सैकड़ों ट्रैक्टरों से दिन रात अवैध बालू की ढुलाई जारी है। जिन पर इन्हें रोकने की जिम्मेवारी है वे लोग आराम से सोए हुए हैं। इससे सरकार को प्रतिमाह लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। निरसा थाना क्षेत्र के बराकर नदी के पांड्रा बेजरा, सिजुआ, पोलकेरा मोराडीह, भागाबांध, बरबिंदिया इत्यादि नदी घाटों से बालू की



तस्करी धड़ल्ले से होती है। तस्कर बालू लदे वाहनों को निकालने के लिए पेट्रोलिंग करते हैं।

जैसे ही उन्हें भनक लगता है कि छापेमारी दल के लोग आ रहे है तो इसकी सूचना घाटों पर तैनात अपने साथियों को देकर बालू लदे वाहनों को जहां-तहां रोक दिया जाता है।

तस्करों के ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में हाइवा में जेसीबी मशीन से बालू की लदाई करते हैं। जिससे कि ज्यादा से ज्यादा तथा जल्द से जल्द बालू लदे वाहनों को घाटों से निकाला जा सके तथा अधिक पैसे की कमाई की जा सके।

वर्तमान में स्वास्थ्य मंत्री सह जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के सामने पूर्व में भी बालू तस्करी हो रही थी। उन्होंने स्वयं इसकी शिकायत की थी। परंतु उनकी शिकायत के बावजूद बालू तस्करी पर अंकुश नहीं लग सका।

जब भी छापामारी दल बालू घाटों पर छापेमारी के लिए आता है तो बालू तस्कर भोले भाले आदिवासी महिलाओं एवं पुरुषों को सामने कर देते हैं। उनसे कहा जाता है कि तुम लोग जो ट्रैक्टर पर बालू लोड करते हो वह बंद हो जाएगा। जबकि सच्चाई यह है कि भोले भाले आदिवासियों को एक ट्रैक्टर लोड करने में मात्र चार से पांच सौ रुपये ही मिलते हैं। जबकि तस्कर इसी बालू को बेचकर लाखों रुपये की कमाई करते हैं।

बालू तस्करी में चलने वाले हाइवा एवं ट्रैक्टर को नाबालिग लड़के चलाते हैं। इसके कारण कभी भी सड़क दुर्घटना हो सकती है और तो और 30- 30 टन बालू लोड हाइवा के परिचालन होने के कारण ग्रामीण सड़कों का भी बुरा हाल हो गया है। सड़कें बनती हैं तथा छह माह से साल भर में गड्ढों में तब्दील हो जाती है।


# राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने विशेष अदालत में किया आरोप पत्र दाखिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने झारखंड में प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) से जुड़े तीन नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी ने शुक्रवार को रांची स्थित एक विशेष अदालत में यह पूरक आरोप पत्र दायर किया।

एनआईए के मुताबिक, चार्जशीटेड नक्सली कृष्ण हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरह उर्फ मतला कोरह उर्फ सुनील कोरह, और रामदयाल महतो उर्फ निलेश दा उर्फ बच्चन दा हैं। इनमें से कृष्ण हांसदा और रामदयाल महतो झारखंड के रहने वाले हैं, जबकि कोरह बिहार का निवासी है।

एनआईए ने बताया कि तीनों माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य थे और गिरिडीह जिले के परसनाथ क्षेत्र में जबरन वसूली, हथियारों से धमकाने और लोगों की जबरन भर्ती जैसे अपराधों में शामिल थे। इनकी संलिप्तता उस समय उजागर हुई जब जनवरी 2023 में गिरिडीह



जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के लूसियो जंगल से कृष्ण हांसदा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से पुलिस ने लेवी का पैसा, एक 7.65 मिमी बोर की पिस्टल और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए थे।

इसके बाद स्थानीय पुलिस ने हांसदा, कोरह और महतो सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने सबसे पहले हांसदा के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। जून 2023 में एनआईए ने इस मामले को अपने हाथ में लेकर दोबारा केस दर्ज किया और अब तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

# आयुष्मान योजना की राशि रोकने से बढ़ा निजी अस्पतालों पर आर्थिक बोझ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आयुष्मान योजना से इलाज कराने वाले रोगियों को झटका लग सकता है। अगले एक सप्ताह के अंदर अगर सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई तो पूरी संभावना है कि मरीजों को मिलने वाला इलाज बंद हो जाएगा। उक्त बातें शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर दी।

पूर्वी सिंहभूम जिले में करीब 40 से अधिक अस्पताल संचालित है, जहां पर रोजाना सैकड़ों मरीजों का इलाज होता है। इसमें कैंसर से लेकर किडनी और हार्ट तक के मरीज शामिल है, जिनका इलाज नहीं रोका जा सकता है।

लेकिन बार-बार आग्रह करने के बावजूद भी हॉस्पिटलों के बिल का भुगतान नहीं हो रहा है, जो गंभीर




विषय है। ऐसे परिस्थिति में अस्पताल कैसे संचालित हो सकता है, यह सोचने वाली बात है।

आईएमए के सचिव डॉ. सौरभ चौधरी ने कहा कि जिन अस्पतालों पर किसी तरह की अनियमितता या फिर फजीर्वाड़ा का आरोप है तो उसकी जांच की जाए पर जिसपर किसी तरह का आरोप नहीं है, उनका बिल यथाशीघ्र जारी किया जाए। ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। उनका नियमित रूप से इलाज चलते रहे।

उन्होंने कहा कि बिल का भुगतान नहीं होने से नर्सिंग होमों पर आर्थिक बोझ काफी बढ़ गया है। वहीं, तामुलिया स्थित ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि उनके यहां बीते डेढ़ साल से भुगतान नहीं हुआ है। करीब 10 करोड़ रुपये बकाया है। बावजूद हार्ट और डायलिसिस मरीजों का इलाज मानवीय आधार पर किया जा रहा है। चिकित्सकों ने कहा कि योजना के सही संचालन के लिए नियमित भुगतान जरूरी है।

21 दिन में भुगतान का नियम भी है। वहीं, हास्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया जमशेदपुर शाखा के संयोजक डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि पूरे राज्य में कुल 750 अस्पताल योजना से सूचीबद्ध है। इसमें 212 अस्पतालों पर अनियमितता का आरोप था। जांच में 76 को क्लीन चिट मिल चुकी है।

ऐसे में नियमानुसार काम करने वाले अस्पतालों का भुगतान सरकार करें। ताकि मरीजों को इलाज में किसी तरह की परेशानी नहीं हो। पूर्वी सिंहभूम जिले में करीब 10 लाख से अधिक आयुष्मान कार्डधारी हैं।

संवाददाता सम्मेलन में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. जीसी माझी, सचिव डॉ. सौरभ चौधरी, डॉ. मनोज यादव, डॉ. अमित कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. देवेश बहादुर, डॉ. राजीव ठाकुर व डॉ. मुकेश कुमार उपस्थित थे।

# 12वीं में छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आज कक्षा 12वीं की साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। छात्र अपने रोल नंबर और अन्य आवश्यक विवरण भरकर अपना रिजल्ट आसानी से देख सकते हैं। परीक्षा 11 फरवरी से 4 मार्च 2025 के बीच आयोजित की गई थीं।

झारखंड बोर्ड इंटरमीडिएट 2025 में साइंस और कॉमर्स दोनों स्ट्रीम में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। साइंस स्ट्रीम में 80.53% लड़कियां सफल हुईं, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत सिर्फ 48.43% रहा। वहीं कॉमर्स स्ट्रीम में 95% लड़कियां पास हुईं, जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 86% रहा।

झारखंड बोर्ड 2025 के इंटरमीडिएट रिजल्ट में साइंस स्ट्रीम के कुल 98,634 छात्रों में से 79.26% छात्र पास हुए, जबकि कॉमर्स स्ट्रीम के 22,066 छात्रों में से 91.20% ने परीक्षा में सफलता हासिल की है।

साइंस स्ट्रीम में कुल 98,634 विद्यार्थी नामांकित थे, जिनमें से 78,186 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 58,520 छात्र प्रथम श्रेणी, 19,383 छात्र द्वितीय श्रेणी और 63 छात्र तृतीय श्रेणी से सफल हुए हैं।

कॉमर्स स्ट्रीम में कुल 22,066 विद्यार्थी थे, जिनमें से 20,285 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इस स्ट्रीम में 12,729 छात्र प्रथम श्रेणी, 7,234 छात्र द्वितीय श्रेणी और 222 छात्र तृतीय श्रेणी से पास हुए हैं।बीते साल कॉमर्स स्ट्रीम में कुल 25,907 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 23,235 छात्र सफल रहे। इस स्ट्रीम का ओवरऑल पास प्रतिशत 90.60% रहा, जिसमें 61% छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से परीक्षा पास की है।

# एडीजी के घर में घुसे नशेड़ी, सामान को किया तहस-नहस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा थाना में पुलिसकर्मी प्रकाश आले के बयान पर एडीजी तदाशा मिश्र के घर के अंदर का सामान क्षतिग्रस्त और चोरी होने के मामले में केस किया है।प्रकाश आले ने पुलिस को बयान दिया है कि सिविल सर्विसेज कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड अशोक नगर स्थित मकान संख्या 457ए में घटना हुई है। प्रकाश आले तदाशा मिश्र के कार्यालय में कार्यरत है।

प्रकाश अशोक नगर स्थित एडीजी के मकान का ताला खोलने के बाद घर के अंदर गया तो देखा कि मकान में लगे सभी बिजली वायरिंग उपकरण, मेन स्वीच, बिजली मीटर, पंखा, 4 कुर्सी बाथरूम में लगे सेनिटरी फिटिंग्स तथा बेसिन, कम्बोर्ड, फल्श, मिरर को नष्ट कर दिया गया है और चोरी कर लिया गया है। दस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में कई लोगों से पूछताछ किया।

पुलिस आशंका जता रही है कि नशेड़ियों के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया होगा। इससे पहले भी ऐसी घटना हो चुकी है । पिछली बार भी पुलिस से शिकायत की गई थी लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर पाई। पुलिस का कहना है कि इस मामले में केस करने के बाद अशोक नगर में कई जगहों पर लगे हुए सीसीटीवी का कैमरा खंगाला जा रहा है। ताकि यह पता चल सके कि किसके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है।

अशोक नगर में रहने वाले कई लोगों का कहना था कि पुलिस की गश्ती नहीं होने की वजह से कई जगहों पर अड्डेबाजी होती है। अड्डेबाजी के दौरान कई बार मारपीट की घटना भी हुई है। इसके बाद भी पुलिस सक्रिय नहीं होती है।

इटकी थाना की पुलिस से साढ़े आठ लाख रुपये का तार चोरी कर भागने के मामले में तीन युवक दीपक, सुखदेव और दीपू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपितों के पास से एलटीएबी तार आटो और कटर बरामद किया गया है। आरोपितों से पूछताछ की गई तो उनके निशानदेही पर लोहरदगा स्थित राजा कबाड़ी के दुकान में छापेमारी कर एक बंडल चोरी किया हुआ तार बरामद किया गया।

इसके अलावा पुंदाग में भी छापेमारी कर तार बरामद किया गया। इस गिरोह के द्वारा मुख्य रूप से रांची, गुमला, लोहरदगा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बिजली का तार चोरी किया जाता था।

## मशरूम से जिंदगी संवार रहीं महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** मिल्की मशरूम के उत्पादन से गोड्डा की 200 से अधिक महिलाओं ने अपनी दशा और दिशा बदल ली है।

तकनीकी प्रशिक्षण के बाद सदर प्रखंड के मोतिया, रंगनियां, बिरनियां, पटवा, गंगटा आदि गांवों की 200 महिलाएं इन दिनों मिल्की मशरूम के उत्पादन में रम गई हैं। इन महिलाओं को गोड्डा में ही बाजार मिल गया है।

मशरूम उत्पादन की लागत 20 रुपये प्रति किलो है। वहीं बाजार में यह 200 से 300 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। सदर प्रखंड के आधा दर्जन गांवों की 200 से अधिक महिलाएं इस कारोबार में शामिल हैं। मशरूम उत्पादन से उनकी प्रति माह आमदनी आठ से दस हजार रुपए हो रही है। गोड्डा में बाजार उपलब्ध होने से मशरूम की खपत भी अधिक हो रही है।

गर्मी में खेती करना बड़ी चुनौती है लेकिन गोड्डा की महिलाएं मिल्की मशरूम का उत्पादन कर मौसम को मात दे रही हैं।

# श्रावणी मेला की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** श्रावणी मेला को लेकर नगर प्रशासन पथ प्रकाश की व्यवस्था को दुरुस्त करने की तैयारी में जुट गया है। हालांकि, अभी निगम के पास पथ प्रकाश से संबंधित लाइट, तार सहित अन्य चीजों की आवश्यकता है।

मुख्यालय से इसकी डिमांड भी कर दी गई है। सावन शुरू होने से पूर्व विभाग को तमाम चीजें उपलब्ध दिए जाने की उम्मीद है। वर्तमान में उपलब्ध संसाधानों के आधार पर पथ प्रकाश की व्यवस्था को दुरुस्त रखने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

इसके लिए निगम क्षेत्र में पथ प्रकाश की व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने की जिम्मेदारी अब लाइट निरीक्षकों को सौंपा गया है। निगम क्षेत्र के सभी 36 वार्डों को तीन जोन में बांट कर दायित्व सौंपा गया है। ताकि पथ प्रकाश की व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखा जा सके।

हालांकि, यह व्यवस्था पुरानी है लेकिन सावन को देखते हुए इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सक्रिय किया गया है। ताकि स्ट्रीट



लाइट बंद है या लगवाने की आवश्यकता है तो संबंधित वार्ड के लाइट निरीक्षक से सीधे संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

साथ ही विद्युत प्रभारी से भी लाइट बदलने या दुरुस्त कराने से संबंधित शिकायत के निपटारे के लिए संपर्क स्थापित किया जा सकता है। लाइन इंस्पेक्टर ओम कुमार (89866-70979) वार्ड नंबर 01 से 17 तक अनिल कुमार मोबाइल नंबर (74882-00065) वार्ड 18,22 और 27 से 36 ऊषा किरण हेंब्रम मोबाइल नंबर (91426-81398) वार्ड 19,20,21 23 ,24,25,26 स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायत की जा सकती है।

सहायक अभियंता विद्युत कमलेश सोरेन (70047 40071) की देखरेख में कार्य कराया जा रहा है।

CMYK

# आईपीएल 2025: टूटे सभी रिकॉर्ड्स, प्लेऑफ मैच में जमकर बरसे रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल-2025 का एलिमिनेटर मैच चंडीगढ़ में शुक्रवार को खेला गया, जिसमें मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 20 रन से मात दी। इसी के साथ मुंबई क्वालीफायर-2 में पहुंच चुकी है। इस नॉकआउट मुकाबले में जमकर रन बरसे। आलम ये रहा कि पिछले सभी रिकॉर्ड्स भी टूट गए। इस मैच में मुंबई ने 228 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 208 रन बना सकी। यानी मुकाबले में कुल मिलाकर 436 रन बने। ये आईपीएल इतिहास के प्लेऑफ मैच में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड है। इससे पहले साल 2014 में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने मिलकर 428 जोड़े थे। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद और



आरसीबी के बीच साल 2016 में खेला गया फाइनल मुकाबला तीसरे स्थान पर है, जिसमें कुल 408 रन बने थे। इनके अलावा गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीम साल 2023 में मिलकर 404 रन बना चुकी है। 30 मई को खेले गए निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। टीम के लिए रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 81 रन बनाए, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 47 रन की पारी खेली। दोनों सलामी बल्लेबाजों के बीच 7.2 ओवरों में 84 रन की साझेदारी हुई।

विपक्षी टीम के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने 2-2 विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज ने 1 शिकार किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 208 रन ही बना सकी। टीम के लिए सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सर्वाधिक 80 रन की पारी खेली, जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने 48 रन का योगदान दिया, लेकिन गुजरात को जीत नहीं दिला सके। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 2 शिकार किए। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सेंटनर और अश्विनी कुमार ने 1-1 विकेट चटकाए। क्वालीफायर-2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1 जून को खेला जाना है, जहां मुंबई का सामना पंजाब किंग्स से होगा। ये नॉकआउट मैच जीतने वाली टीम 3 जून को इसी स्टेडियम में आरसीबी से खिताब के लिए भिड़ेगी।

## जसप्रीत बुमराह लेंगे संन्यास!

### इंग्लैंड दौरे से पहले भारतीय तेज गेंदबाज ने दिया ये बड़ा हिंट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली है. इस दौरे से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास का ऐलान कर दिया. वहीं अब टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का एक चौंकाने वाला बयान सामने आया है. इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है. शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी. दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज में से एक जसप्रीत बुमराह ने अपने रिटायमेंट प्लान का खुलासा किया है. बुमराह ने पूर्व आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी माइकल क्लार्क के यूट्यूब पॉडकास्ट शो बेयॉन्ड 23 में बताया कि जब उनका शरीर सही तरह से क्रिकेट नहीं खेल पाएगा, उस वक्त वे संन्यास का ऐलान कर देंगे. बुमराह ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए लंबे समय तक सब कुछ खेलते रहना कठिन है. बुमराह ने आगे कहा कि मैं काफी समय से ऐसा कर रहा हूं, लेकिन एक समय पर आपको ये समझना पड़ता है कि आपका शरीर कहां जा रहा है. जसप्रीत बुमराह ने आगे कहा कि आपको अपने शरीर को लेकर यह तय करना चाहिए कि कौन सा टूर्नामेंट खेलना ज्यादा जरूरी है. खिलाड़ी को अपने शरीर का इस्तेमाल करने में थोड़ा समझदार होना चाहिए. बुमराह ने आगे कहा कि मैं क्रिकेटर के तौर पर अपने करियर में कुछ नहीं छोड़ना चाहता और हमेशा ही आगे बढ़ना चाहता हूं.

## पाकिस्तान ने दूसरा टी-20 57 रन से जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने दूसरे टी-20 में बांग्लादेश को 57 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने पहले मुकाबले में 37 रन से जीत दर्ज की थी। शुक्रवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए। 202 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम 19 ओवर में 144 रन पर सिमट गई। तीसरा और अंतिम मैच 1 जून 2025 को लाहौर में खेला जाएगा। ओपनर साहिबजादा फरहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 74 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पाकिस्तान की तरफ से फरहान के अलावा नवाज की भी फिफ्टी साहिबजादा फरहान ने 41 बॉल में 74 रन की पारी खेली। हसन नवाज ने नाबाद फिफ्टी (51 रन) लगाई। वहीं, मोहम्मद हारिस ने भी 25 गेंद में तेजी से 41 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद और तंजिम हसन साकिब ने 2-2 विकेट लिए। 1 विकेट रिशाद हुसैन ने भी लिया। तंजिम की फिफ्टी, बांग्लादेश का मिडल ऑर्डर फ्लॉप रहा 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 19 ओवरों में 144 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई। बांग्लादेश के लिए तंजिम हसन साकिब ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। लेकिन बांग्लादेश का मिडल ऑर्डर पूरी तरह से फ्लॉप रहा। ऑलराउंडर मेहिदी हसन मिराज (23) के अलावा कोई भी मिडल ऑर्डर का खिलाड़ी दहाई के आकड़ें तक नहीं पहुंच पाया।

# स्वियातेक और सबालेंका फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में, अल्कारेज और टियाफो भी अगले राउंड में पहुंचे

**पेरिस, एजेंसी।** तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की।

गत महिला चैंपियन इगा स्वियातेक और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। वहीं, पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और फ्रांसेस टियाफो ने भी अगले दौर में जगह बनाई।



### सबालेंका और स्वियातेक की एकतरफा जीत

तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया, जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियातेक ने जैकलीन क्रिस्टियन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की। स्वियातेक का दूसरा सेट एक घंटे 16 मिनट तक चला। 27 वर्षीय सबालेंका इस साल छह एकल फाइनल में पहुंच चुकी हैं, लेकिन स्वियातेक पिछले साल लगातार अपना तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद पहले फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी हैं। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने 18 वर्षीय क्वालिफायर विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-4, से मात दी, जबकि 16वें नंबर की खिलाड़ी अमांडा एनिसिमोवा और लियूडमिला सैमसोनोवा ने भी अपने मुकाबले जीत लिए।

### अल्कारेज और टियाफो भी जीते

पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कारेज ने जुम्बुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो ने हमवतन कोर्डा को 7-6, 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। पुरुषों के अन्य मुकाबलों में आठवें नंबर के लोरेंजो मुसेटी ने मारियानो नावोने को, होल्गर रूने ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को और अमेरिका के 12वें वरीय टॉमी पॉल ने कारेन खाचानोव को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

### सिनर और गॉफ भी अगले दौर में पहुंचे

इससे पहले विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ बृहस्पतिवार को जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी।

### ज्वेरेव और फिल्स भी अगले दौर में

तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पैर की परेशानी से निपटने के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया। उन्होंने हालांकि तीन सेटों में कोरेंटिन मोउटेट को शिकस्त दी। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया।

### ड्रेपर ने कमाल का खेल दिखाया

ब्रिटेन के पांचवें वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने दूधिया रोशनी में तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में फ्रांस के दिग्गज मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी। गॉफ ने महिला वर्ग के मैच में 23 असहज गलतियां करने के बावजूद चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा पर आसान जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 18 साल की खिलाड़ी के खिलाफ 75 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 6-4 से जीता। गॉफ के सामने अगले दौर में चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी मारिया बौजकोवा की चुनौती होगी।

### पेगुला और मेडिसन कीज भी अगले दौर में

महिला वर्ग में अन्य विजेताओं में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला, ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज, 18 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा शामिल थी। साल 2019 की उपविजेता वोंड्रोसोवा इस साल गैर-वरीयता प्राप्त हैं। उन्होंने 25वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया।



## रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को खेले गए आईपीएल एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात जायंट्स को हरा दिया। अब मुंबई की टीम 1 जून को पंजाब के साथ क्वालिफायर-2 खेलेगी। इस मैच में जीतने वाली टीम फाइनल में आरसीबी से भिड़ेगी। मुंबई के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने 81 रनों की पारी खेली। रोहित आईपीएल में 300 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय बने। वे कोहली के बाद 7 हजार रन बनाने वाले लीग के दूसरे बैटर भी बने। गुजरात टाइटंस आईपीएल के इस सीजन सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाली टीम बनी। टीम ने इस सीजन 27 कैच ड्रॉप किए। जीटी ने अपने पहले पांच मैचों में कुल 5 कैच गिराए थे, लेकिन इसके बाद के अगले 10 मैचों में 22 कैच छोड़े। मेंस टी-20 लीग में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम हो गया है।

## लिवरपूल ने जेरेमी फ्रिम्पोंग को किया साइन, इससे पहले बायर लीवरकुसेन से जुड़े थे

**लिवरपूल, एजेंसी।** लिवरपूल ने बायर लीवरकुसेन से डच खिलाड़ी जेरेमी फ्रिम्पोंग के साथ अनुबंध किया है। नए कोच आर्ने स्लॉट के आने के बाद क्लब का पहला बड़ा अनुबंध है। 24 वर्षीय राइट-विंग-बैक ने शुक्रवार को एएक्सए



ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक मेडिकल पूरा करने के बाद दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। क्लब के आधिकारिक चैनल से बात करते हुए फ्रिम्पोंग ने कहा, यह काफी आसान रहा। लिवरपूल ने दिलचस्पी जाहिर की थी और यह मेरे लिए बड़े अवसर की तरह था। विंग-बैक ने कहा, मेरे लिए यह ऐसा था कि आप लोग किसी भी तरह, बस इसे पूरा करें। लिवरपूल के प्रशंसकों को मैं अपना सब देने जा रहा हूं, और उम्मीद है कि हम एक साथ जीतेंगे, एक साथ जश्न मनाएंगे, सब कुछ एक साथ करेंगे। फ्रिम्पोंग ने बेयर लीवरकुसेन के 2023-24 के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने साढ़े चार साल के साथ के दौरान 190 मैचों में 30 गोल किए थे और 44 गोलों में सहायता दी थी। जाबी अलोंसो के नेतृत्व में, फ्रिम्पोंग ने क्लब को एक अपराजित बुंडेसलीगा खिताब और डीएफबी-पोकल हासिल करने में मदद की, और उनके उल्लेखनीय 51-गेम अपराजित लकीर ने आखिरकार यूईएफए यूरोपा लीग के फाइनल के साथ अपना समापन किया।उनके प्रदर्शन ने उन्हें लगातार दो वर्षों तक बुंडेसलीगा टीम ऑफ द सीजन में जगह दिलाई, जो उनके निरंतर प्रदर्शन और दाएं फ्लैंक पर आक्रमण करने की क्षमता का प्रमाण है।

# आरसीबी फाइनल नहीं जीती तो तलाक दे दूंगी... महिला फैन ने दी धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है, अब आखिरी 2 मैचों का खेल बाकी है. दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फैंस का जोश देखते ही बनता है. क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स पर शानदार जीत के बाद आरसीबी फाइनल में पहुंच चुकी है. आरसीबी की टीम 9 साल के बाद आईपीएल का फाइनल खेलने वाली है. इसी बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की एक फैन सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है. इस फैन ने आरसीबी के ना जीतने पर अपने पति को तलाक देने की धमकी दी है. 29 मई 2025 को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर-1 मुकाबले



में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. इससे पहले आरसीबी ने अपना आखिरी लीग मैच लखनऊ में खेला था. इस मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद एक महिला फैन ने अनोखा पोस्टर लहराया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया. पोस्टर पर लिखा संदेश इतना अनोखा था कि यह तुरंत कैमरों की नजर में आ गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस पोस्टर का वीडियो अब लाखों लोगों तक पहुंच चुका है, और फैंस इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. इस पोस्टर पर लिखा है, 'अगर आरसीबी फाइनल नहीं जीती, तो मैं अपने पति को तलाक दे दूंगी.' इस अनोखे और बोल्ड बयान ने क्रिकेट फैंस के बीच हंसी, आश्चर्य और बहस का माहौल बना दिया है. आरसीबी के फैंस हमेशा से अपने जोश और जुनून के लिए मशहूर रहे हैं. इस महिला फैन का पोस्टर भी उनके इस जुनून का एक उदाहरण है. वहीं, कुछ लोगों ने इसे गंभीरता से लिया और सवाल उठाया कि क्रिकेट के फैसले को निजी रिश्तों से जोड़ना कहां तक उचित है.

आरसीबी की टीम अपने शानदार प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में बनी हुई है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ये सीजन अभी तक काफी शानदार रहा है. उसने लीग स्टेज में 14 में से 9 मैचों में जीत हासिल की और 19 अंकों के साथ वह दूसरे स्थान पर रही.आरसीबी अब 3 जून 2025 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में मुकाबला उतरेगी.

# नायर ने जड़ा नाबाद शतक, सरफराज खान भी चमके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड लॉयन्स और इंडिया-ए के बीच चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच 30 मई (शुक्रवार) से कैंटरबरी के सेंट लॉरेंस ग्रांउड पर शुरू हुआ. इस मुकाबले के पहले दिन करुण नायर और सरफराज खान ने शानदार बल्लेबाजी की. करुण नायर ने जहां नाबाद शतकीय पारी खेली है. वहीं सरफराज खान ने 92 रनों का योगदान दिया. ध्रुव जुरेल के बल्ले से भी नाबाद अर्धशतकीय पारी निकली है. इन तीनों खिलाड़ियों की शानदार पारियों के दम पर इंडिया-ए ने पहले दिन की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए. करुण नायर 186 (246 गेंद, 24 चौके और 1 सिक्स) और ध्रुव जुरेल 82 रनों (104 गेंद, 9 चौके और एक सिक्स) पर नाबाद लौटे. करुण और जुरेल के बीच चौथे विकेट के लिए अब तक 177 रनों की पार्टनरशिप हो चुकी है. बता दें कि करुण नायर को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के भारतीय टीम में जगह मिली है. वहीं सरफराज खान को ड्रॉप कर दिया गया था. अब सरफराज ने शानदार पारी खेलकर चयनकर्ताओं को जवाब दिया है. दूसरी ओर करुण नायर ने इंग्लैंड के



खिलाफ हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की.

### यशस्वी-ईश्वरन ने किया निराश

इस मुकाबले में इंडिया-ए को पहला झटका छठे ही ओवर में लग गया, जब कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन महज 8 रनों के निजी स्कोर पर एडवर्क जैक का शिकार बने. फिर दूसरे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (24 रन) भी सेट होने के बाद जोश हल की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच थमा बैठे. 51 रनों पर दूसरा विकेट गिरने के बाद सरफराज खान और करुण नायर ने जबरदस्त पार्टनरशिप करके टीम को संभाला. सरफराज और करुण नायर के बीच तीसरे विकेट के लिए 181 रनों की पार्टनरशिप हुई. सरफराज ने 119 गेंदों पर 92 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे. सरफराज को जोश हल ने विकेटकीपर जेम्स रेव के हाथों कैच आउट कराया. सरफराज के आउट होने के कुछ देर बाद करुण नायर ने अपना शतक पूरा कर लिया. करुण के फर्स्ट क्लास करियर का ये 24वां शतक रहा.

### इंडिया-ए की प्लेइंग-11:

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे, अंशुल कम्बोज, हर्षित राणा, मुकेश कुमार.

इंग्लैंड लॉयन्स की प्लेइंग-11:

टॉम हेंस, बेन मैकिनी, एमिलियो गे, मैक्स होल्डन, जेम्स रेव (कप्तान/विकेटकीपर), डैन मूसली, रेहान अहमद , जमान अख्तर, एडवर्ड जैक, जोश हल, अजीत डेल.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में बेटे ने किया मां के लिव-इन पार्टनर का बेरहम मर्डर, शराब पिलाकर चाकू से गोद डाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सदर बाजार इलाके में एक शख्स ने अपनी मां के लिव-इन पार्टनर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने हत्या के अगले दिन दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 23 वर्षीय गौरव नबी करीम इलाके में रहता है। उसके पिता की पांच साल पहले मौत हो चुकी है। पति की मौत के बाद आरोपी की मां रजनी (परिवर्तित नाम) धर्मेंद्र के साथ सदर बाजार इलाके में लिव-इन रिलेशन में रह रही थी। हालांकि, दोनों ने सभी को शादी करने के बारे में बताया था। धर्मेंद्र पर पहले से हत्या का मुकदमा चल रहा है। बताया जाता है कि धर्मेंद्र अक्सर रजनी की पिटाई करता था, जिसकी गौरव को जानकारी थी। बुधवार रात गौरव अपने दोस्त ललित के साथ धर्मेंद्र के घर पहुंचा। इस दौरान रजनी कहीं गई हुई थी। तीनों ने वहीं पर शराब पी। शराब के नशे में धर्मेंद्र रजनी के बारे में अपशब्द कहने लगा। इस पर गौरव और ललित ने चाकू से वारकर धर्मेंद्र की हत्या कर दी और फरार हो गए। रात करीब 11 बजे पड़ोसियों ने कमरे से खून बहता देखकर पुलिस को कॉल कर इसकी सूचना दी। एसआई तरुण यादव और कॉन्स्टेबल सतीश मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान धर्मेंद्र के तौर पर हुई। पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया।

### ओखला में 115 मकान-दुकान गिराने के प्रस्ताव पर रोक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के ओखला में रहने वाले लोगों के लिए शुक्रवार का दिन थोड़ी राहत लेकर आया। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अंतरिम राहत देते हुए उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा ओखला में 115 संपत्तियों को गिराने के प्रस्तावित प्रस्ताव पर रोक लगा दी। जस्टिस सचिन दत्ता ने याचिकाकर्ताओं के वकील की दलीलें सुनने के बाद उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को तय की है। इन संपत्तियों में रहने वाले लोगों ने यूपी सिंचाई विभाग के नोटिस के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है। याचिकाकर्ताओं के वकील डॉ. फारुख खान ने कहा कि प्रस्तावित बेदखली/तोड़फोड़ का नोटिस मनमाना और अवैध है, क्योंकि विभाग के पास जमीन का कोई मालिकाना हक नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग, उनके कर्मचारियों व एजेंटों को याचिकाकर्ताओं को खसरा संख्या 277, मुरादी रोड, खिजर बाबा कॉलोनी, जामिया नगर, ओखला में स्थित उनकी संबंधित संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए मजबूर करने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने यूपी सिंचाई विभाग, उनके कर्मचारियों और एजेंटों को याचिकाकर्ताओं को खसरा संख्या 277, मुरादी रोड, खिजर बाबा कॉलोनी, जामिया नगर, ओखला में स्थित उनकी संबंधित संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए मजबूर करने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की है। यूपी सिंचाई विभाग ने 22 मई को इन इलाकों में स्थित कई मकानों और दुकानों पर नोटिस चिपकाए हैं। जावेद अहमद और 114 अन्य ने 22 मई को जारी किए गए नोटिस को चुनौती देते हुए उत्तर प्रदेश राज्य और हेड वर्क्स डिवीजन आगरा नहर ओखला के खिलाफ याचिका दायर की है। वकील रिधिमा गोयल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि संपत्तियों (मकानों-दुकानों) के खिलाफ कुछ तोड़फोड़, बेदखली और बल पूर्वक कार्रवाई करने का प्रस्ताव है। इन संपत्तियों में याचिकाकर्ता कई सालों से रह रहे हैं और अपना व्यवसाय कर रहे हैं और लंबे समय से स्थायी कब्जे में हैं, क्योंकि उक्त संपत्तियां/परिसर कथित रूप से उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग की भूमि पर हैं। याचिका में आगे कहा गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य बनाम श्री अर्जुन एवं अन्य टाइटल वाला मुकदमा वर्ष 1991 में याचिकाकर्ता जावेद अहमद सहित विभिन्न व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा दायर किया गया था। यह मुकदमा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा खसरा संख्या 277, ग्राम ओखला, तहसील महरौली, नई दिल्ली में 108 बीघा और 17 बिस्वा भूमि के विरुद्ध कब्जे और मध्यवर्ती लाभ की वसूली की राहत की मांग करते हुए दायर किया गया था।

# दिल्ली में भाजपा के 100 दिन पूरे होने पर रेखा गुप्ता ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कविता सुनाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में भाजपा सरकार के आज 100 दिन पूरे हो गए हैं। इस मौके पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह महज एक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सार्वजनिक सेवा पर केंद्रित राजनीति है तथा ऐसी नीतियां हैं जो जन कल्याण के लिए हैं।

रेखा गुप्ता ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में उल्लेख किया कि 100 दिनों में उनकी सरकार ने हर वादे को पूरा करने की दिशा में काम किया है और उनकी प्राथमिकता भी स्पष्ट है- विकास जिसे देखा और महसूस किया जा सके। सीएम गुप्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनकी सरकार स्वच्छता, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और ई-गवर्नेंस के माध्यम से दिल्ली को मजबूत, सुरक्षित और समावेशी राजधानी बनाने का प्रयास करती है। उन्होंने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबका साथ, सबका विकास के उनके दृष्टिकोण के लिए धन्यवाद दिया।

इस मौके पर आज सीएम रेखा गुप्ता दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 100 दिन सेवा के - काम करने वाली सरकार नाम के एक कार्यक्रम में लोगों को पिछले 100 दिन की सरकार की उपलब्धियों के बारे में बता रही हैं। इस कार्यक्रम में दिल्ली के सभी कैबिनेट मंत्रियों के अलावा दो हजार से ज्यादा लोग




मौजूद रहे। इस दौरान दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने सशस्त्र बलों को उनकी सफलता के लिए सम्मानित करने के लिए मैं भी सिंदूर हूं टाइटल से अपनी लिखी एक कविता सुनाई।

'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोलते हुए रेखा गुप्ता ने कहा, मुझे बहुत दुख होता है जब मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं जो (मुख्यमंत्री की) कुर्सी पर बैठकर भारतीय सशस्त्र बलों पर सवाल उठाते थे और देश के दुश्मनों से हाथ मिलाते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। मैं इसके लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देती हूं। देश की सभी महिलाएं दुश्मन के इलाके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों को सलाम करती हैं।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के खिलाफ जीत है। यह नया भारत है, जो अब आतंकियों की हरकतें बर्दाश्त नहीं करेगा - अब हर जवाब सटीक होगा, और हर वार निर्णायक होगा।

### सीएम ने किया पोस्ट कर बताया एजेंडा

जब आपने मुझे दिल्ली की सेवा का अवसर दिया, तो यह सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक संकल्प था जनसेवा पर केंद्रित राजनीति, और नीति जो जनकल्याण के लिए हो। इन 100 दिनों में हमने हर वादा जमीन पर उतारने की दिशा में प्रभावी काम किया। हमारी प्राथमिकता साफ थी – विकास ऐसा जो दिखाई भी दे और महसूस भी हो। स्वच्छता, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और ई–गवर्नेंस – हर मोर्चे पर हमारी कोशिश यही रही कि दिल्ली एक सशक्त, सुरक्षित और समावेशी राजधानी बने। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन से ही यह संभव हो पाया है। दिल्ली की जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। बदलाव की नींव रखी जा चुकी है, विकास की रफ्तार अब थमेगी नहीं। दिल्ली अब सुशासन और सेवा के संकल्प के साथ, निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, जब आपने मुझे दिल्ली की सेवा करने का मौका दिया, तो यह सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं थी, बल्कि जन सेवा पर केंद्रित राजनीति और जन कल्याण के लिए नीतियां बनाने का संकल्प था। इन 100 दिनों में हमने हर वादे को पूरा करने की दिशा में प्रभावी ढंग से काम किया है। हमारी प्राथमिकता स्पष्ट थी – विकास जो दिखाई भी दे और महसूस भी हो। स्वच्छता, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और ई–गवर्नेंस – हर मोर्चे पर हमारा प्रयास दिल्ली को एक मजबूत, सुरक्षित और समावेशी राजधानी बनाने का रहा है। यह आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और सबका साथ, सबका विकास की दृष्टि से ही संभव हो पाया है। दिल्ली की जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। बदलाव की नींव रखी जा चुकी है, विकास की गति अब नहीं रुकेगी। दिल्ली अब सुशासन और सेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ती रहेगी। सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने राजधानी में अपने शासन के पहले 100 दिन पूरे कर लिए हैं। राज्य सरकार ने इस अवसर पर एक वर्कबुक जारी की है, जिसमें आयुष्मान भारत योजना, महिला सम्मान योजना और यमुना नदी सफाई अभियान सहित महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी पहलों पर प्रकाश डाला गया है। रेखा गुप्ता ने 20 फरवरी को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद राजधानी में सरकार बनाई, जबकि मौजूदा आम आदमी पार्टी 22 सीटों के साथ विपक्ष में चली गई।

## दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा आदेश, ट्रायल कोर्ट के 135 जजों को कर दिया ट्रांसफर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ी संख्या में जजों को ट्रांसफर किया है। शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज के आदेश पर जारी की गई ट्रांसफर लिस्ट में अलग-अलग ट्रायल कोर्ट के 135 जजों का ट्रांसफर कर दिया। इस ट्रांसफर लिस्ट में दिल्ली दंगों के मामले की सुनवाई कर रहे जज समीर बाजपेयी और पुलस्त्य प्रमाचला का नाम भी शामिल है। हाई कोर्ट के आदेश पर जारी की गई इस लिस्ट में कई बड़े मामलों में शामिल जजों का नाम भी है।

दिल्ली हाई कोर्ट आदेश के अनुसार, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (स्क्ष्) समीर बाजेपेयी को विशेष न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) के रूप में साकेत कोर्ट ट्रांसफर कर दिया। एएसजे पुलस्त्य प्रमाचला को जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक) के रूप में पटियाला हाउस कोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया है।


स्पेशल जज न्याय बिंदु का भी तबादला कर दिया गया है। उन्होंने पिछले साल आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल को जमानत दी थी। इसके अलावा वीवीआईपी हेलिकॉप्टर डील मामले की सुनवाई कर रहे स्पेशल जज संजीव अग्रवाल को भी राउज एवेन्यू कोर्ट से तीस हजारी कोर्ट में जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक) के रूप में ट्रांसफर कर दिया है। इसके साथ ही श्रद्धा वाकर हत्याकांड की सुनवाई कर रहीं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (स्क्ष्) मनीषा खुराना कक्कड़ का भी ट्रांसफर कर दिया गया है।

स्पेशल जज अमिताभ रावत का ट्रांसफर राउज एवेन्यू कोर्ट से दिल्ली हाईकोर्ट के




संयुक्त रजिस्ट्रार के पद पर किया गया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) गोमती मनोचा का ट्रांसफर पटियाला हाउस कोर्ट से कड़कड़डूमा कोर्ट में किया गया है। उन्होंने हाल ही में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा दायर एक निरस्तीकरण रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा जारी की गई इस लिस्ट में18 ऐसे न्यायाधीशों को नाम भी शामिल है, जिन्हें ट्रेनिंग के बाद सत्र और जिला अदालतों में तैनात किया गया है।

### बढ़ते कोरोना मामलों के बीच दिल्ली में पहली मौत, अस्पताल में भर्ती थी महिला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल के दिनों में बढ़ते कोरोना मरीजों के बीच बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली में कोविड संक्रमित एक 60 साल की महिला की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय महिला को आंतों में समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। शनिवार को महिला की मौत हो गई। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि जब महिला की जांच की गई तब जाकर पता चला कि उन्हें कोविड का संक्रमण भी हुआ था।

दिल्ली में बढ़ते कोरोना के मामलों पर लोगों का हौसला बनाए रखने के लिए दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि चिंता करने की जरूरत नहीं है। दिल्ली की सरकार और हॉस्पिटल किसी भी स्थिति से से निपटने के लिए तैयार हैं।

बता दें कि दिल्ली में कोरोना मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अब तक दिल्ली में कुल 294 कोविड संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। कोरोना के बढ़ते संक्रमण से लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

## दिल्ली की बुध बाजार में भीषण आग, कई झुग्गियां जलकर खाक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के बुध विहार फेज-दो में शनिवार तड़के कूड़े के ढेर में भीषण आग लग गई। यह आग धीरे-धीरे आसपास की कई झुग्गियों में फैल गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कई झुग्गियां जलकर खाक हो गई हैं। आग को बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाने का प्रयास किया गया।

बुध बाजार में लगी आग को लेकर जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि शनिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे 'संडे बाजार' रोड पर आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि आग की सूचना मिलने पर हमने दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजीं। शुरुआत में आग कचरे तक ही सीमित थी जो तेजी से आसपास की 10 से 12 झुग्गियों में फैल गई। अधिकारी ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दमकल विभाग ने आग को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि आग इलाके में 10 से 12 झोपड़ियों में लगी थी, इस भीषण आग को दमकल अधिकारियों ने पूरी तरह बुझा दिया है। अग्निशमन विभाग ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। दिल्ली दमकल विभाग ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि बुद्ध विहार फेज-2 के संडे बाजार रोड पर आग लगी, 4 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आग 10 से 12 झोपड़ियों में लगी थी, अब आग बुझा दी गई है, किसी के हताहत होने की बात सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर ज्यादा जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

बीते दिनों राजधानी दिल्ली के शाहदरा इलाके में मोती राम रोड पर ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन पर आग लगने से दो लोगों की जान चली गई थी और इस घटना में चार लोग घायल भी हुए थे। दिल्ली दमकल विभाग ने कहा कि उन्हें रविवार सुबह ई-चार्जिंग स्टेशन से आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए दमकल गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया।

## न्यूयॉर्क ने स्कूल के शुभंकर पर लगाया प्रतिबंध, ट्रंप के शिक्षा सचिव ने दी फंडिंग वापस लेने की धमकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयॉर्क ने एक स्कूल के मूल अमेरिकी शुभंकर (मैस्कॉट) पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसे लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष शिक्षा अधिकारी ने न्यूयॉर्क को फंडिंग रोकने की धमकी दी है। अमेरिकी शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कहा कि न्यूयॉर्क उस स्कूल से भेदभाव कर रहा है जिसने अपने मूल अमेरिकी मुख्य शुभंकर से छुटकारा पाने से इनकार कर दिया है। इससे उसे न्याय विभाग की जांच का सामना करना पड़ सकता है या फंडिंग खोने का जोखिम उठाना पड़ सकता है।

लॉन्ग आइलैंड के मैसेपेक्वा हाईस्कूल के दौरे पर गए अमेरिकी शिक्षा सचिव लिंडा मैकमोहन ने कहा कि हमारी एजेंसी की जांच से पता चला है कि राज्य के शिक्षा अधिकारियों ने राज्यव्यापी स्तर पर मूल अमेरिकी शुभंकर और लोगो के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर संघीय नागरिक अधिकार कानून का उल्लंघन किया है। विभाग के नागरिक अधिकार कार्यालय ने राज्य के प्रतिबंध को भेदभावपूर्ण बताया। क्योंकि हाल ही में अन्य नस्लीय या जातीय समूह जैसे डचमैन और ह्यूगनॉट्स से प्राप्त नाम और शुभंकर को अभी भी अनुमति दी गई है। मैकमोहन ने मैसेपेक्वा के प्रमुख शुभंकर को मूल अमेरिकी नेतृत्व का एक अविश्वसनीय प्रतिनिधित्व बताया। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (डब्ल्यूडब्ल्यूई) के पूर्व सीईओ ने कहा कि जब राज्य के नेता मूल अमेरिकी जनजातियों के इतिहास और संस्कृति को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं, तो ट्रंप प्रशासन चुप नहीं बैठेगा। मैकमोहन ने कहा कि उनका विभाग राज्य को मूल अमेरिकी शुभंकर पर प्रतिबंध हटाने तथा मूल अमेरिकियों के साथ भेदभाव करने और उनके इतिहास को मिटाने का प्रयास करने के लिए उनसे माफी मांगने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए 10 दिन का समय देगा।

**शिक्षा सचिव का दौरा राजनीतिक नाटक:** न्यूयॉर्क शिक्षा विभाग के प्रवक्ता जेपी ओ हारे ने शिक्षा सचिव के दौरे को राजनीतिक नाटक करार दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल जिला अपने छात्रों की चिंताओं के बारे में स्थानीय जनजातियों से परामर्श करने से इनकार करके उनके साथ गंभीर अन्याय कर रहा है। ये प्रतिनिधि उन्हें बताएंगे कि कुछ मूल अमेरिकी नाम और चित्र नकारात्मक रूढ़िवादिता को बढ़ावा देते हैं और बच्चों के लिए स्पष्ट रूप से हानिकारक हैं।

मैसेपेक्वा निवासी और चिकासॉ राष्ट्र के सदस्य एडम ड्रेक्सलर ने कहा कि मूल अमेरिकी संरक्षक संघ के प्रतिनिधि, जिन्होंने शुभंकर को बनाए रखने के लिए समर्थन व्यक्त किया था।

### विदेशी स्टील पर अमेरिकी चोट, ट्रंप ने किया 50 प्रतिशत टैरिफ का एलान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 मई 2025 को पेंसिल्वेनिया के यूएस स्टील संयंत्र में एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने आयातित स्टील पर 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का निर्णय लिया है, जो 4 जून से लागू होगा। इस कदम का उद्देश्य अमेरिकी स्टील उद्योग को प्रोत्साहित करना और विदेशी स्टील के आयात को नियंत्रित करना है। ट्रंप ने कहा, हम 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक स्टील पर टैरिफ लगाएंगे, जिससे अमेरिकी स्टील उद्योग को और सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने चीन पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका का भविष्य पिट्सबर्ग की ताकत और गर्व के साथ बनना चाहिए, न कि शंघाई के घटिया स्टील पर निर्भर रहकर। इसके साथ ही, ट्रंप ने जापान की कंपनी निप्पॉन स्टील के साथ यूएस स्टील के लिए एक निवेश समझौते की घोषणा की, जिसे उन्होंने ब्लॉकबस्टर करार दिया। इस समझौते के तहत, निप्पॉन स्टील यूएस स्टील का अधिग्रहण करेगा, लेकिन यूएस स्टील का मुख्यालय पिट्सबर्ग में बना रहेगा और अमेरिकी नियंत्रण में रहेगा। ट्रंप ने इस सौदे को अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा और अमेरिकी उद्योग की मजबूती के रूप में प्रस्तुत किया। हालांकि, इस प्रस्तावित सौदे को लेकर कुछ विवाद भी उठे हैं। अमेरिका के यूनाइटेड स्टीलवर्कर्स यूनियन ने इस सौदे पर चिंता जताई है, उनका कहना है कि यह सौदा राष्ट्रीय सुरक्षा और श्रमिकों के हितों के लिए खतरा हो सकता है। इसके अलावा, कुछ कानूनविदों ने भी इस सौदे पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने इस अवसर पर स्टील श्रमिकों के लिए 5,000 डॉलर की बोनस की भी घोषणा की और कहा कि यह कदम अमेरिकी स्टील उद्योग को पुनर्जीवित करेगा। उन्होंने पिछले प्रशासनों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी स्टील उद्योग को कमजोर किया। यह कदम ट्रंप की व्यापक व्यापार संरक्षणवादी नीति का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने पहले भी स्टील और एल्यूमिनियम पर टैरिफ लगाए थे। हालांकि, इस निर्णय से वैश्विक व्यापार भागीदारों के साथ व्यापार वार्ता पर असर पड़ सकता है, क्योंकि कई देशों ने टैरिफ में छूट की मांग की है।

# पाकिस्तान-तालिबान में सीमा विवाद को लेकर भिड़ंत, ढाई लाख लोगों को घर छोड़ने का आदेश

### पाकिस्तान का चेकपोस्ट उड़ाया

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा एक सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से शुरू हुई झड़पें अब तेज हो चुकी हैं। हालिया विवाद तब शुरू हुआ, जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की। इसे पाकिस्तानी बलों ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में, तालिबान ने पाकिस्तान के चेकपोस्ट पर हमला बोला। मोर्टार दागने से चेकपोस्ट ध्वस्त हो गया।

इस बढ़ते संघर्ष के चलते चगई जिले के ढाई लाख से ज्यादा लोगों को पाक की शहबाज सरकार ने तत्काल घर छोड़ने का आदेश ?दिया है। तालिबान ने भी अपने नागरिकों को क्षेत्र खाली करने को कहा है। इस स्थिति ने पहले से ही बिगड़े पाक-अफगान रिश्तों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है।

बहराम चह चेकपोस्ट डूरंड लाइन पर स्थित है। यह नशीले पदार्थों की तस्करी, हथियारों की आवाजाही और विद्रोही गतिविधियों के लिए एक अहम गलियारा माना जाता है। इसके अलावा यह चगई और हेलमंद के बीच सैन्य गतिविधियों को भी नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी सेना के लिए इसका नष्ट होना संकट पैदा कर सकता है।

तालिबान ने आत्मघाती दस्ता और पाक ने फ्रंटियर कोर तैनात की

अफगानिस्तान और तालिबान दोनों ने अब सैन्य तैयारियों को तेज कर दिया है। तालिबान ने कंधार की 205वीं कोर को तैनात किया है,



जिसमें 50 आत्मघाती हमलावरों का दस्ता भी शामिल है। ये दस्ते पाकिस्तानी बलों पर हमले के लिए तैयार हैं, जिससे स्थिति और खतरनाक हो गई है। पाकिस्तान ने भी तालिबान के टक्कर देने के लिए अपनी सीमा पर फ्रंटियर कोर बलूचिस्तान को मजबूत किया और टैंक तैनात किए हैं। आम लोग डर के साए में जी रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पाकिस्तानी सेना का सीमा छोड़कर पीछे हटना है।

पाकिस्तान प्रशासन ने स्कूल, कॉलेज और अन्य सार्वजनिक स्थानों को बंद कर दिया है और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा है। स्थानीय अपनी सुरक्षा के लिए बम शेल्टर की तलाश कर रहे हैं। यह स्थिति 2023 के डेरा इस्माइल खान आत्मघाती हमले की पुनरावृत्ति जैसी लग रही है, जब तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने सेना को निशाना बनाया था।

**पाक सेना चार से ज्यादा चौकियां छोड़कर भाग खड़ी हुई:** तालिबान से भिड़ंत के बाद पाक सेना अपनी चार चौकियां छोड़कर भाग खड़ी हुई है। इनमें तीन चौकियां बहराम चह के आसपास स्थित हैं। यहां मोर्टार हमलों के बाद पाक सेना पीछे हटी है। वहीं गोंशोरो पास चेकपोस्ट को भी पाक सेना छोड़कर कर पीछे हट गई है। बता दें कि भिड़ंत वाला जिला चगई, पाक के सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान में स्थित है। बलूचिस्तान का यह सबसे बड़ा जिला जिला अफगानिस्तान के अलावा ईरान की सीमा से सटा होने से काफी अहम है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि जल्द ही कोई राजनयिक समाधान नहीं निकाला गया, तो यह संघर्ष न केवल पाक-अफगान संबंधों को बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा स्थिरता को प्रभावित कर सकता है।

**तालिबान को बलूच विद्रोहियों का समर्थन मिला:** बहराम चह में पाकिस्तानी बलों और तालिबान के बीच हालिया झड़पों ने क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ा दिया है।

